आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# यूपी चुनाव भास्कर

चुनाव फ्रंट पेज

अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप

दैनिक भास्कर

सोमवार 14 मार्च, 2022 | फाल्गुन शुक्लपक्ष 11, 2078

दिल्ली में योगी सरकार 2.0 पर मंथन

# पीएम के साथ योगी की डेढ़ घंटे चली मुलाकात, बोले- यूपी को विकास की और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे

**हाईकमान के साथ इन मुद्दों पर चर्चा...**

- 21 मार्च को शपथ ग्रहण हो सकता है। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने भी ऐसा ही इशारा किया है।
- चुनाव में एनडीए के सहयोगी अपना दल और निषाद पार्टी के बीच सामंजस्य कैसे बनाया जाए?
- यूपी की नई सरकार के मंत्रिमंडल में कौन शामिल होगा, शपथ-ग्रहण कब होगा, इसको लेकर चर्चा।
- छुट्टा जानवर, गन्ना बकाया भुगतान आदि योजनाओं पर चर्चा।
- अयोध्या, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर दिशा-निर्देश लेंगे। नए मंत्रिमंडल की पूरी फेहरिस्त लगभग तैयार।

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

योगी आदित्यनाथ रविवार को दिल्ली दौरे पर थे। यहां उन्होंने शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष और उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात के बाद योगी, प्रधानमंत्री आवास में पीएम मोदी से मिले। यह योगी की यूपी जीत के बाद पहली मुलाकात थी। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में योगी 2.0 कैबिनेट की पूरी रुपरेखा तय की गई है। योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को शपथ ग्रहण समारोह में आने का न्योता दिया है।

मुलाकात के बाद मोदी ने ट्वीट किया, 'आज योगीजी से भेंट हुई। उन्हें उत्तर प्रदेश चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। बीते 5 वर्षों में उन्होंने जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है आने वाले वर्षों में वे राज्य को विकास की और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे'। इस ट्वीट के बाद यह भी साफ हो गया है कि योगी ही यूपी के अगले सीएम होंगे। मोदी के साथ योगी ने नई कैबिनेट को लेकर चर्चा की है। कहा जा रहा है नई कैबिनेट में 2024 का अक्स भी दिखेगा। जातीय के साथ क्षेत्रीय समीकरणों को भी साधा जाएगा। इस दौरान चुनाव में छुट्टा जानवरों की परेशानी का विकल्प और गन्ना किसानों को 14 दिन के भीतर भुगतान करने जैसे बड़े मुद्दों को प्राथमिकता में ध्यान दिया जाएगा। पीएम के बाद योगी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। शाह ने मिठाई खिलाकर योगी आदित्यनाथ को जीत की बधाई दी। योगी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात करेंगे।




### उपराष्ट्रपति और महामंत्री बीएल संतोष से मिले योगी

इससे पहले यूपी सदन पहुंचने पर योगी आदित्यनाथ का जोरदार स्वागत किया गया। आज उनकी दिल्ली में हाईकमान से मुलाकातों का दौर जारी है। योगी ने पहले राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष से उनके आवास पर मिले। करीब डेढ़ घंटे चले मंथन में असम के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल भी मौजूद थे। इसके बाद योगी ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से मुलाकात की। योगी ने उपराष्ट्रपति को यूपी चुनाव और विकास कार्यों की जानकारी दी। नायडू से मुलाकात के बाद योगी ने ट्वीट किया, आपसे (उपराष्ट्रपति) भेंट सदैव ही ऊर्जा प्रदान करती है। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार माननीय उपराष्ट्रपति जी।

**नई सरकार में डिप्टी सीएम को लेकर होगी चर्चा:** 17वीं विधानसभा के भंग होने तथा योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देने के बाद नई सरकार के गठन की कवायद शुरू हो गई है। विधानसभा भंग होने के साथ ही विधानसभा की गठित सभी समितियां तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सत्रहवीं विधानसभा के जो सदस्य विभिन्न समितियों, परिषदों व निकायों आदि में विधानसभा सदस्य की हैसियत से निर्वाचित या नामित किए गए थे, उनकी सदस्यता भी समाप्त हो गई है।

**केशव को दोबारा अहम पद देने के मूड में पार्टी:** कहा जा रहा है कि इस बार दिनेश शर्मा योगी के मंत्रिमंडल से बाहर हो सकते हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य चुनाव हार चुके हैं, लेकिन खबर ये भी है कि पार्टी उन्हें एक बार फिर अहम जिम्मेदारी देने के मूड में है। बताते चलें कि मौर्य के सिराथू से चुनाव हारने के बाद उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि केशव अभी विधान परिषद सदस्य हैं। ऐसे में केशव को योगी सरकार में जगह मिलेगी या उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय टीम में जिम्मेदारी दी जाएगी, इसका निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व अगले सप्ताह तक करेगा।

## कौन बनेगा डिप्टी सीएम?






भाजपा डिप्टी सीएम और मंत्रियों के नामों के लिए योग्यता, जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को आधार बनाएगी। इस बार डिप्टी के रूप में स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के नाम की चर्चा है। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व को लेना है। **बेबी रानी मौर्य** जाटव समुदाय की हैं। उन्हें उत्तराखंड के राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिलवाकर पार्टी ने चुनाव लड़वाया था। पार्टी उन्हें प्रदेश में मायावती के विकल्प के रूप में पेश करना चाहती है। कुर्मी समाज से आने वाले **स्वतंत्र देव सिंह** और कोइरी समाज से आने वाले **केशव प्रसाद मौर्य** बीजेपी का प्रमुख ओबीसी चेहरा हैं। साथ ही जातीय संतुलन बनाने के लिए ब्राह्मण समुदाय से आने वाले **बृजेश पाठक** को ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की भी चर्चा है।

### नई सरकार में सहयोगी दलों को भी मिलेगी जगह

भाजपा ने इस बार भी निषाद पार्टी और अपना दल एस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा है। खबर है कि इस बार मंत्रिमंडल में इन दोनों दलों की जगह मिल सकती है। अपना दल ने 12 और निषाद पार्टी ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसी अनुपात में दोनों सहयोगी दलों को मंत्री पद मिल सकता है। चर्चा पूर्व आईपीएस असीम अरुण और राजेश्वर सिंह को मंत्री बनाने की भी है।

अमेठी हारने के बाद डॉ. संजय सिंह का छलका दर्द

## बोले-मैं भी हूं दबंग... सांसद स्मृति ईरानी व जिलाध्यक्ष की वजह से हारे

भास्कर न्यूज़ | अमेठी

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के अमेठी सीट पर प्रचार करने नहीं जाने का दर्द अब सामने आने लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय सिंह ने हार के बाद समर्थकों के साथ बैठक की, जिसमें दर्द साफ देखने को मिला। बैठक में संजय सिंह ने नाम लिए बिना सांसद पर तंज कसा तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता ने स्मृति ईरानी का नाम लेकर उन पर हार का ठीकरा फोड़ डाला।

संजय सिंह ने कहा, 'मैं कमल निशान से ही लड़ रहा था तो कुछ लोगों को गलतफहमी हुई। वो भाजपा का, प्रधानमंत्री का और सभी कार्यकर्ता का ही निशान है। अगर भाजपा में बैठे किसी को गलतफहमी है और फिर भी उनको लगता था कि कमल निशान गुलाब का फूल है, तुलसी का फूल है, गेंदा का फूल है तो वो गलतफहमी हम लोग जल्द दूर करेंगे। हम थोड़ा पिछड़ गए। हमें थोड़ा और सजग और सतर्क रहना था। ये सही है कि हमें टाइम कम मिला, लेकिन कुछ भी बात हुई तो आज हम आपके साथ हैं। आप हमारे साथ हैं और आने वाले समय में यही संख्या 70 हजार से 1 लाख 40 हजार कर देंगे'। संजय सिंह ने कहा, 'हमें पूरा भरोसा है कि जो हमारे साथ नहीं थे वो भी आएंगे। मैंने कभी जातिवाद नहीं किया। आप सबसे मैं यही कहना चाहता हूं कि आप अपने को कभी अकेला मत समझें। मैं आपके साथ हूं, रानी आपके साथ हैं और भाजपा आपके साथ है। जो गलत विचारों के लोग हैं, वो चाहे भाजपा में हों, चाहे सपा में हों, चाहे बसपा में हों, उनका दिमाग हम ठीक करेंगे। हम दबंगई की राजनीति नहीं करते तो ऐसा नहीं है कि हम दबंग नहीं हैं। मैं हूं तो भी उपस्थित हूं और नहीं हूं तो आप लोगों के लिए उपस्थित हूं'।



### चोर-उचक्कों के खिलाफ लड़ना है, ये तो दो मिनट में निपट जाएंगे

संजय सिंह ने कहा, 'मुझे तब कोई हरा नहीं पाया, आज तो ये कोई मौका नहीं है। आप 2 कदम साथ चलोगे तो मैं 200 कदम आपके साथ चलूंगा। यहां अंग्रेज के शासन के 10 साल में राजा लाल बहादुर सिंह की तलवार ने उनको धूल चटा दी थी। 1742 में सआदत अली खां ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि पर कब्जा किया था, उसको राजा लाल बहादुर सिंह ने तलवारों से हटा कर आजाद कराया था। उन्होंने आगे कहा, यहां तो चोर-उचक्कों के खिलाफ लड़ना है, ये तो 2 मिनट में निपट जाएंगे'।

**स्मृति ईरानी के लोगों ने हराया:** संजय के ही कार्यक्रम में बोलते हुए पार्टी के कार्यकर्ता ने कहा, 'हमारे लोगों ने साजिश कर हमें हराया है। इसको मैं जानता हूं। मेरी मांग है कि मैं एक कार्यकर्ता हूं और मेरा समर्थन कीजिएगा। डंके की चोट पर कहता हूं कि स्मृति ईरानी के लोगों ने और भाजपा के जिलाध्यक्ष ने साजिश करके यहां हराने का काम किया है।

हार के बाद पहली बार पिता मुलायम से मिले अखिलेश यादव

## पैर छूकर लिया आशीर्वाद, पीठ थपथपाकर मुलायम ने कहा... बहुत अच्छा लड़े तुम, बहुत-बहुत बधाई

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पहली बार रविवार को पार्टी संरक्षक मुलायम सिंह यादव पार्टी दफ्तर पहुंचे। यहां उनका पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वागत किया। अखिलेश ने अपने पिता के पैर छुए और आशीर्वाद लिया। मुलायम ने पीठ थपथपाते हुए कहा, अखिलेश तुम बहुत अच्छा लड़े हो। बहुत-बहुत बधाई। इससे पहले मुलायम सिंह करहल में अखिलेश के साथ दिखे थे। उन्होंने बेटे के लिए वोट मांगा था। इसके अलावा मुलायम सिंह यादव ने जौनपुर में अपने मित्र पारसनाथ यादव के बेटे लकी यादव के लिए वोट मांगा था। 2022 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने केवल 2 विधानसभाओं पर ही प्रचार किया और दोनों विधानसभाओं में समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की है।

सूत्रों का कहना है कि अखिलेश यादव अपनी करहल सीट छोड़ेंगे। इस सीट पर भाजपा से सपा में आए स्वामी प्रसाद मौर्य या तेज प्रताप को उतारा जा सकता है। इससे पहले अखिलेश यादव ने रविवार को सपा मुख्यालय में हार पर मंथन किया। साथ ही अंबेडकरनगर जिले में क्लीन स्वीप करने वाले पांच समाजवादी पार्टी के विधायकों लालजी वर्मा, राम मूर्ति वर्मा, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडेय, राम अचल राजभर से मुलाकात भी की।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को करहल से उतारने की चर्चा...



### सपा का इस चुनाव में 10 फीसदी वोट बढ़ा

उतरप्रदेश चुनाव में भाजपा को 273 सीट तो दूसरे नंबर पर सपा-गठबंधन को 125 सीटें मिली हैं। वोट प्रतिशत की बात करें तो सपा को 32.1 फीसदी वोट, जो भाजपा के 42 प्रतिशत वोट शेयर से करीब 10 प्रतिशत कम है। 2017 के चुनाव में सपा को 21.82 फीसदी वोट मिले थे। सपा ने इस बार महंगाई, आवारा पशु, पुरानी पेंशन और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को हवा दी, लेकिन इसका बहुत फायदा नहीं मिला। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस चुनाव में जीत के लिए इस बार रालोद को साथ लिया था।

### 2012 में सपा की बनी थी बहुमत की सरकार

सपा ने 2012 का चुनाव 401 सीटों पर लड़ा था। उसे 29.13% वोट और 224 सीटों पर विजय मिली थी। इस चुनाव के बाद ही सपा ने प्रदेश में पहली बार पर अपने दम पर बहुमत की सरकार बनाई थी। 2017 के चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर लड़े। उसने 311 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे। उसे 21.82% वोट और 47 सीटें मिली थीं।

### अखिलेश ने कहा था- भाजपा का ये घटाव निरंतर जारी रहेगा

चुनाव में हार की जिम्मेदारी अखिलेश यादव ने स्वीकार की थी। तब उन्होंने कहा था कि उप्र की जनता को हमारी सीटें ढाई गुनी व मत प्रतिशत डेढ़ गुना बढ़ाने के लिए हार्दिक धन्यवाद। हमने दिखा दिया है कि भाजपा की सीटों को घटाया जा सकता है। भाजपा का ये घटाव निरंतर जारी रहेगा।आधे से ज्यादा भ्रम और छलावा दूर हो गया है बाकी कुछ दिनों में हो जाएगा। जनहित का संघर्ष जीतेगा।

## राजा भैया की अपनी पुलिस, अपना कोर्ट, अपनी ही जांच...कुंडा-दरबार में हुए फैसले कोर्ट नहीं जाते, फिर लगा दरबार, बड़े मामलों के लिए अलग जांच-टीम

मनीषा भल्ला/अविनाश रावत | लखनऊ

सिर्फ कुंडा ही नहीं, पूरे यूपी में सिर्फ राजा भैया सुनकर लोग उन्हें पहचान लेते हैं। उनकी शख्सियत ही ऐसी है कि कुंडा के लोगों के लिए पुलिस और कोर्ट... सबकुछ राजा भैया ही हैं। यूपी के लोगों ने अपनी सरकार भले ही चुन ली, लेकिन कुंडा के लोगों ने अपनी सरकार को सिर-माथे पर नतीजों से पहले ही बैठा लिया। यहां राजा भैया का दरबार लगना शुरू भी हो गया। ये दरबार सिर्फ किसी विधायक भर का नहीं है। कुंडा के लोगों के लिए यही अदालत है। बेंती महल में लगने वाले इस दरबार में सुनवाई होती है, पीड़ित और आरोपी पक्ष के लोग बाकायदा जिरह करते हैं। सबूतों और गवाहों को हाजिर नाजिर मानकर फैसले सुनाए जाते हैं। यहां के न्यायाधीश खुद राजा भैया होते हैं। 3 दशक में राजा भैया की अदालत में दिए गए फैसलों को कभी किसी ने चुनौती नहीं दी। इसको आप खौफ या सम्मान किसी से भी जोड़कर देख सकते हैं.. लेकिन कुंडा की यही हकीकत है। राजा भैया की शख्सियत को कुछ इस तरह से समझिए कि वो सातवीं बार कुंडा से विधायक बने हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में वो जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) से विधायक चुने गए हैं। राजा और रजवाड़ों का दौर भले ही खत्म हो गया। कुंडा में लेकिन राजा भैया की ही सरकार चलती है। वह बाकी विधायकों की तरह जनता की समस्याओं को सुनकर सरकार तक नहीं पहुंचाते हैं। खुद ही सुलझाते हैं। यहां सास-बहू का झगड़ा हो या पारिवारिक जमीन विवाद। किसी पर जानलेवा हमला हो या दो पक्षों की मारपीट। किसी भी तरह का केस खुद राजा भैया ही सुनते हैं। सुनवाई के बाद फैसला सुनाते हैं। अगर राजा भैया बेंती महल में हैं तो उनका दरबार हर रोज लगता है। अगर वो कुंडा से बाहर हैं तो सप्ताह में दो बार लगता है। चुनाव की आचार संहिता में जनता दरबार पर भले ही रोक लगाई गई थी। लेकिन कुंडा के बेंती दरबार में लोगों की सुनवाई कभी नहीं रूकी।



### यहां सरकारी अधिकारी केस लटकाते नहीं, वरना जवाब राजा भैया को देना पड़ता है

बेंती दरबार में जनता जो शिकायतें और समस्याएं लेकर आती है। उसका समाधान करने के लिए राजा भैया के पास खुद की फौज है। इसे यूथ बिग्रेड कहा जाता है। राजा भैजा तक जो मामले पहुंचते हैं, उन्हें इसी यूथ बिग्रेड के लोग कागजों में केस के तौर पर दर्ज करते हैं। वही पीड़ित और आरोपी पक्ष के लोगों को राजा भैया के सामने पेश करते हैं। मामला आपसी विवाद या मारपीट का है, तो मौके पर ही फैसला लिया जाता है। अगर मामला सरकारी विभागों से जुड़ा होता है, तो उसे राजा भैया के करीबी विधायक, ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, पुलिस और राजस्व अधिकारियों के पास जांच के लिए भेजा जाता है। इसका फॉलोअप यूथ बिग्रेड करती है और रिपोर्ट राजा भैया को दी जाती है। सरकारी विभागों में यह केस लटकाए नहीं बल्कि तुरंत आगे बढ़ाए जाते हैं। क्योंकि नहीं बढ़ाते तो उन्हें भी राजा भैया को जवाब देना पड़ेगा।

यूपी सहित 5 राज्यों में हार पर कांग्रेस का मंथन

## इस्तीफा देने को तैयार थीं सोनिया, राहुल, प्रियंका; पार्टी नेताओं ने रोका

**नई दिल्ली** | पांच राज्यों में कांग्रेस को मिली करारी हार पर मंथन के लिए कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक खत्म हो गई है। बैठक में तय हुआ है कि सोनिया गांधी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष बनी रहेंगी। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बताया कि सीडब्ल्यूसी की बैठक में पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल और प्रियंका गांधी के साथ पदों से इस्तीफा देने को तैयार थीं। लेकिन बैठक में मौजूद पार्टी के सभी नेताओं ने इससे इनकार कर दिया। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बैठक में मौजूद सभी नेताओं ने सोनिया गांधी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव समेत अगले सभी विधानसभा चुनाव में चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व पर सभी को भरोसा है। वह पार्टी का नेतृत्व करती रहेंगी। बैठक में पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। वहीं, सीडब्ल्यूसी की बैठक में गुलाम नबी आजाद, दिग्विजय सिंह समेत वरिष्ठ नेताओं ने दिए सुझाव दिए कि चुनाव में कहां गलती हुई इसपर मंथन करना जरूरी है।





**ब्रज में होली की धूम**

# मथुरा के द्वारिकाधीश मंदिर में होली, ढोल-ढप की धुन पर झूमे श्रद्धालु...

**मथुरा** | ब्रज में 40 दिवसीय होली के अलग अलग रंग दिखाई दे रहे है। ब्रज में बसंत पंचमी से शुरू हुए होली उत्सव की धूम बरसाना, नंदगांव के बाद मथुरा के विश्व प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर में ढप होली के रूप में दिखाई दे रही है। मंदिर में जहां बड़े भगवान को होली के रसिया के साथ साथ गुलाल ओर छोटी छोटी पिचकारियों से रंग लगाया गया। इस दौरान देश विदेश से आये श्रद्धालुओं के लिए यह पल आनंदित और सराबोर कर देने वाला रहा। एक तरफ भगवान के मन मोहक स्वरूप के दर्शन और उनकी मनोहारी छबि की आरती तो श्रद्धालुओं के लिए आम बात होती है, लेकिन द्वारिकाधीश मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आज का दिन बेहद खास था क्योंकि तरह तरह के उत्सवों से भगवान और भक्तो को जीवन के रंगों में रंगा जाता है।

### द्वारिकाधीश ने खेली ढप होली

ढप होली के बारे में मंदिर के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने बताया कि पुष्टि मार्गीय सम्प्रदाय में अनादि काल से इस होली की शुरुआत होने की व्यवस्था है। फाल्गुन माह में मंदिर परिसर में करीब 5 फीट ऊँचा ओर करीब 3 फीट चौड़ा ढप रखा जाता है । जिसको एक महीने पहले से तेल पिलाया जाता है। इस दौरान ब्रज के प्रसिद्ध रसिया गायक रसिया का गायन कर भगवान को रिझाते है ।

---

**हार की बौखलाहट** • प्रयागराज में एआईएमआईएम नेता फरहान बोले-

# सपा मुस्लिम विरोधी है, हमारे इलाकों में दिखे तो मारे जाएंगे; हमारे वोट बैंक पर डाका डाला

भास्कर न्यूज़ | प्रयागराज

विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद AIMIM के नेता गुस्से में हैं। उन्होंने अपनी हार का ठीकरा समाजवादी पार्टी पर फोड़ा है। प्रयागराज में शहर दक्षिणी से AIMIM के प्रत्याशी रहे मोहम्मद फरहान चुनाव में हार के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा मुस्लिम विरोधी पार्टी है। हमेशा मुस्लिम विरोधी रणनीति पर काम करती है।

उन्होंने कहा, 'सपा अगर अपने आप को मुसलमानों का हमदर्द समझती है, तो वह आजम खान को नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं घोषित करती है। आखिर इसमें परेशानी क्या है'।

### मुसलमानों की बस्ती में दिखे तो बिना मार खाए लौटेंगे नहीं

उन्होंने कहा कि सपा ने मुसलमानों का टिकट काटकर दूसरे जाति के लोगों को दिया है। सपा के लोग डकैत हैं। अगर ये मुसलमानों की बस्ती में दिख गए तो बिना मार खाए लौटेंगे नहीं। इन्होंने हमारे वोट बैंक पर डाका डाला है। सपा का यह आखिरी चुनाव था और मुसलमान अब उन्हें कभी वोट नहीं करने वाला है।

### मुसलमान सपा के बहकावे में नहीं आने वाला है



फरहान ने समाजवादी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि जब मलाई खाना हो तो यादव और लाठी खाना हो तो मुस्लिम को आगे कर दिया जाता है। मुस्लिमों की हितैषी कही जाने वाली समाजवादी पार्टी यदि आजम खान को नेता प्रतिपक्ष बना दी होती तो लगता कि वह वाकई में मुस्लिमों की हितैषी है। लेकिन वह ऐसा नहीं करेगी। इसलिए अब मुसलमान सपा के बहकावे में नहीं आने वाला है। बता दें कि एआईएमआईएम प्रत्याशी मोहम्मद फरहान को 1530 वोट मिले हैं।

### आजम खान को एआईएमआईएम जॉइन करने का ऑफर

उन्होंने आजम खान को एआईएमआईएम ज्वाइन करने का ऑफर देते हुए कहा कि वे सीनियर लीडर हैं। अखिलेश ने उनके साथ छल किया है। आजम को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना चाहिए था, लेकिन अखिलेश शिवपाल को नेता प्रतिपक्ष बनाने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा, यदि आजम खान हमारी पार्टी में आ जाते हैं तो हम उनको सिर पर बैठाकर रखेंगे और उनका सम्मान भी करेंगे।

---

**युवा वाहिनी प्रभारी की धमकी**

# मस्जिदों से हटाओ लाउड स्पीकर, नहीं हो हम हटाएंगे

**रायबरेली** | रायबरेली में हिन्दू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी जीतेन्द्र सिंह योगी ने सोशल मीडिया पर धमकी दी है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है जिहादियों कान खोल कर सुन लो, अपनी मस्जिदों से लाउडस्पीकर तुरंत हटा लो नहीं तो हिंदू युवा वाहिनी सलोन मस्जिदों में घुसकर खुद लाउडस्पीकर हटाएगी।

बता दें, बीजेपी ने रायबरेली की 6 विधानसभा सीटों में से 2 पर जीत दर्ज की है। इनमें से एक सीट सदर की है तो दूसरी सलोन। सलोन विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भी इस पोस्ट की निंदा करते हुए कहा, हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी की यह पोस्ट भड़काऊ है। इन जैसे पदाधिकारियों को पद से हटाकर इन पर कार्रवाई होनी चाहिए। मोहम्मद शकील ने कहा, इस तरीके से बीजेपी पदाधिकारियों को बढ़ावा दे रही है, जो सोशल मीडिया पर कुछ भी लिख रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

बता दें, जितेंद्र सिंह योगी का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले 2020 में आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती पर जितेंद्र सिंह योगी ने स्याही फेंक दी थी। किसी काम से सोमनाथ भारती रायबरेली पहुंचे थे। वह मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान जितेंद्र सिंह ने उन पर स्याही फेंक दी और मोदी-योगी जिंदाबाद के नारे लगाए।

---

# मालिक बन करोड़ों की ठगीः मर्सडीज एजेंसी के एकाउंटेंट ने दर्ज कराया था मुकदमा, 4 गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

यूपी एसटीएफ ने रविवार को विभिन्न कार एजेंसियों के मालिक बनकर वॉट्सऐप/वर्चुअल नंबर के माध्यम से कूटरचित दस्तावेजों से विभिन्न बैंकों/कार एजेंसियों से धोखाधड़ी करने वाले चार ठगों को गिरफ्तार किया। इन लोगों ने देश भर में करोड़ों रुपये ठगे हैं। इनके खिलाफ मर्सडीज एजेंसी के एकाउंटेंट ने लखनऊ के बीबीडी थाना में मुकदमा दर्ज था। तभी से एसटीएफ इस गैंग के विषय में जानकारी जुटा रही थी। एएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक बिहार के रानू कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, निहाल कुमार सिंह और साधूचौक गोपालगंज निवासी पंकज कुमार साह को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि 19 जनवरी को वाट्स एप नंबर से एसआरएम स्मार्ट हुप्स प्रा.लि. (मर्सडीज वेंज एजेंसी लखनऊ) के मालिक और सुगोइ मोटर्स प्रा. लि. (होंडा कार एजेंसी दिल्ली) का चीफ फाइनेंस अफसर बनकर 14 फर्जी बैंक खातों में पहले 18 लाख 40 हजार और फिर 58 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए थे। एसटीएफ ने चारों को गिरफ्तार कर अलग अलग बैंकों में जमा 25 लाख 63 दो सौ रुपये फ्रीज करा दिए हैं। मर्सडीज एजेंसी के एकाउंटेंट ने इस मामले में बीबीडी थाने में एफआइआर दर्ज कराई थी।

---

लोहे की पत्ती से फंसा लेते थे

# एटीएम से रुपए उड़ाने वाले तीन गिरफ्तारः कई राज्यों में वारदात की




भास्कर न्यूज़ | प्रयागराज

प्रयागराज में पुलिस ने एटीएम से पैसे उड़ा देने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। ये शातिर यूपी सहित बिहार, एमपी, गुजरात जैसे राज्यों में घटना को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह के तीन शातिरों को झांसी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इनके पास से नगद एक लाख दस हजार रुपये, लोहे की पत्ती, कार, तमंचा-कारतूस, एटीएम मशीन तोड़ने के उपकरण आदि बरामद किए गए हैं।

एसपी क्राइम सतीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्त में आए मोहन लाल विश्वकर्मा निवासी विशौली कृपालपुर सागरपुर थाना सुरियावां, जनपद भदोही, शिवा साहित्य मौर्या निवासी चक भारती गोसाईपुर थाना हंडिया व सूबेदार यादव उर्फ अजय निवासी हरिपुर सैदाबाद थाना हंडिया है। पुलिस को पूछताछ में तीनों शातिरों ने बताया था कि वह एटीएम में पहले अपने डेबिड कार्ड से पांच सौ रुपये निकालते थे।

जैसे ही कैश निकलने वाली जगह (डिसपेंसर शटर) खुलता था, वहां पर लोहे की नुकीली पत्ती फंसा देते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति अपना पैसा निकालने के लिए एटीएम में अपना डेबिट कार्ड डालकर पैसे निकालने की प्रक्रिया करता था। उसका पैसा बाहर नहीं निकलता था, उस नुकीली पत्ती में फंस जाता था, वह व्यक्ति टेक्निकल प्रॉब्लम समझ कर वहां से चला जाता था, इसके बाद गिरोह के सदस्य एटीएम बूथ में घुसकर डिसपेंसर शटर में अंगुली डालकर नुकीली पत्ती को निकाल लेते थे।

---

**जिद करो...** उत्तर प्रदेश चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीतीं एकमात्र महिला आराधना मिश्रा की कहानी

# मुझे हराने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी, उनके बड़े-बड़े नेताओं ने रैलियां की; लेकिन मैं डटी रही, सबको हराकर जीती भी...

आराधना मिश्रा | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इस बार कांग्रेस ने 40% महिलाओं को टिकट दिए थे। इनमें से जीत सिर्फ एक महिला के हिस्से आई। वो मैं यानी आराधना मिश्रा हूं। यह जीत इतनी आसान नहीं थी। मैंने अपराध, हत्या, गुंडई सबको पार किया। घर में हमेशा से राजनीतिक माहौल रहा है। पांच साल की थी तब से पापा के साथ उनके राजनीतिक दौरों पर जाया करती थी। साल 1980 में पापा ने पहली दफा रामपुर खास से विधानसभा का चुनाव जीता तो कहा कि मेरा परिवार अब बड़ा हो गया।

उसके बाद पापा एक के बाद एक चुनाव जीतते गए। लगातार 9 बार उन्होंने उसी सीट से जीत हासिल की। इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनका नाम भी दर्ज हुआ। इस तरह हमारा परिवार लगातार बढ़ता गया। पापा की सीट यानी रामपुर खास हमारी जिंदगी का हिस्सा बन गई। हमारी स्कूल की छुट्टियां भी होतीं तो भी हम वही रहते थे। सुबह-शाम या आधी रात हो हमेशा घर का दरवाजा हर किसी के लिए खुला रहता था।

मैं हमेशा से वोकल थी। लोगों से मिलना-जुलना, किस्से कहानियां सुनना और सुनाना अच्छा लगता था। यही वजह रही कि मैं भी राजनीति में करियर तलाशने लगी। साल 2002 में मैंने ब्लॉक प्रमुख के इलेक्शन से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की। सभी को लगता होगा कि पापा का इलाका है तो बहुत आसानी से जीत मिली होगी, लेकिन नहीं। लोग तरह तरह की बातें किया करते थे। ताने मारते थे कि लड़की होकर चुनाव लड़ रही है, घर से बाहर निकल रही है।



### पापा हर काम में परफेक्ट माने जाते थे

पापा हर काम में परफेक्ट माने जाते थे। एक दफा लिफ्ट से जा रही थी तो लिफ्टमैन ने कहा कि मैडम आप 20 मिनट लेट हो गई हैं। जब मैंने टाइम देखा तो उस वक्त 10 बजकर 40 मिनट हो रहे थे। मैंने कहा कि मैं तो समय पर हूं। तो उन्होंने कहा कि आपके पापा तो आधे घंटे पहले ही आ जाते हैं और सबसे पहले प्रमुख सचिव के कमरे में जाते हैं। तब मैं सोचने लगी कि इतना परफेक्ट कैसे हो सकूंगी? इसके बाद पापा की इमेज से मेरी इमेज को जोड़कर देखा जाने लगा। मैंने भी खूब मेहनत की। रात-रात भर जाग कर बजट पढ़ती थी।

दूसरी बात वो राजा भइया का इलाका था। उनके लोगों ने खूब कहर मचाए। पहली दफा मैंने खूनखराबा देखा। अपने साथियों को पिटते देखा, मरते देखा, किडनैप होते देखा।

एक दफा इन सब से मैं विचलित भी हुई, लेकिन फिर तय किया कि अपने टारगेट से पीछे नहीं हटूंगी। जो कुछ मेरे साथ हुआ, सब फेस किया और वक्त के साथ मजबूत बनती चली गई। एक नेता के तौर पर मेरी पर्सनालिटी में निखार आते गया। मुझ पर चुनाव जीतने का पागलों सा जुनून सवार हो गया और मैं जीती भी। एक के बाद एक लगातार तीन बार ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में परचम लहराया।

फिर आया 2014। चारों तरफ मोदी लहर का शोर। मेरे पिता राज्यसभा चले गए। उनकी सीट खाली हो गई। फिर उपचुनाव हुआ। उस लहर में भी मैं 70 हजार वोट से जीत गई। ये वो दौर था जब कांग्रेस कमजोर पड़नी शुरू हो गई थी। ब्लॉक प्रमुख चुनाव के वक्त तो पापा का साथ था, लेकिन विधायक का चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कह दिया अब खुद अपने मसले देखो।

मैंने कभी अपनी विधानसभा को नहीं छोड़ा। खासकर जब से मेरे टिकट का अनाउसमेंट हुआ था तब से। दिन हो या रात मैं हमेशा अपनी विधानसभा में ही रही। मेरे दरवाजे 24 घंटे सभी के लिए खुले रहे।

---

मायावती ने की हार की समीक्षा, **बोलीं-**

# सफलता नहीं मिली इसका दुख है, हिम्मत नहीं हारेंगे

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

यूपी चुनाव में मायावती ने करारी हार के बाद पार्टी के दिग्गजों व पदाधिकारियों के साथ समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने रविवार को पार्टी कार्यालय में बैठक की। मायावती ने कहा कि इस बार



पार्टी को उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली। हमारी पार्टी को उत्तराखंड में भी हार का सामना करना पड़ा। जिसका पार्टी को दुख है। हमें आगे की चिंता करनी चाहिए।

मायावती ने कहा कि इस बार पार्टी को उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली। हमारी पार्टी को उत्तराखंड में भी हार का सामना करना पड़ा। मायावती ने कहा कि इस बार पार्टी को उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिली। हमारी पार्टी को उत्तराखंड में भी हार का सामना करना पड़ा।

कहा कि हमें किसी भी दशा में हिम्मत नहीं हारनी है। बल्कि, जो कमियां रह गईं हैं। उसे ठीक कर आगे बढ़ना है। हमने भाजपा को हराने के लिए जी जान लगाया, लेकिन मुस्लिम समाज के लोगों का साथ नहीं मिला। उन्होंने भी वोट देने में गलती की। बैठक में पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे।

आज का दिन

**ऊधम सिंह ने जलियांवाला नरसंहार का बदला लिया**

जलियांवाला बाग में भारतीयों पर गोलियां चलवाने वाले जनरल डायर को ऊधम सिंह ने 1940 में कैक्सटन हॉल लंदन में गोली मारी। डायर मारा गया।


# दैनिक भास्कर

अभी मास्क भी वैक्सीन है ™



अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप

दैनिक भास्कर



सोमवार, 14 मार्च, 2022 | फाल्गुन शुक्लपक्ष 11, 2078


### हाथियों को दावत



थाईलैंड में रविवार को चैंग थाई डे यानी हाथी दिवस मनाया गया। उन्हें फलों की दावत दी गई। यह उत्सव पिछले दो साल कोरोना की वजह से फीका रहा। अब पाबंदियां खत्म हो चुकी हैं। पर्यटकों की भरमार है, इसलिए उत्सव में रौनक लौट आई है।

## रूसी सेना ने आक्रामकता बढ़ाई, नाटो से संघर्ष की आशंका बढ़ी

# पोलैंड के नजदीक यूक्रेनियन सेना के ठिकाने पर 30 मिसाइलें दागीं; 35 मौतें

एजेंसी | कीव

यूक्रेन पर रूसी सेना के हमले नाटो के सदस्य पोलैंड की सीमा तक पहुंच गए हैं। पश्चिमी यूक्रेन में पोलैंड की सीमा से 35 किमी दूर यावोरिव सैनिक अड्डे पर रूस ने 30 मिसाइलें दागीं। इसमें 35 मौतें हुईं। 100 से ज्यादा जख्मी हैं। इस सैन्य अड्डे पर नाटो सेनाओं की ट्रेनिंग होती रही है। रूस के विदेश उपमंत्री सर्गेई रायबकोव ने धमकी दी है कि पश्चिम के सैन्य शिपमेंट को भी निशाना बनाएंगे। इस बयान के बाद रूस-नाटो में टकराव बढ़ गया है।

### कीव के बाहर हमले में सम्मानित अमेरिकी पत्रकार की मौत

रूसी हमलों में रविवार को एक अमेरिकी पत्रकार ब्रेंट रेनॉड की मौत हुई है। वे राजधानी कीव के बाहरी इलाके इरपिन में मारे गए। प्रेस आईडी में उन्हें न्यूयॉर्क टाइम्स का पत्रकार बताया गया है। हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस समय रेनॉड उसके लिए काम नहीं कर रहे थे। कई अवॉर्ड से सम्मानित रेनॉड दो दशक से इस क्षेत्र में पत्रकारिता कर रहे थे। उनका साथी पत्रकार अस्पताल में भर्ती है।



ब्रेंट रेनॉड दो दशक से युद्धग्रस्त क्षेत्रों में पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे।

### मोदी ने की बैठक, सुरक्षा में एडवांस टेक्नोलॉजी पर जोर

**नई दिल्ली** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट की सुरक्षा मामलों की समिति की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध के हालात और भारत पर उसके असर पर चर्चा की। मोदी ने रक्षा क्षेत्र में आधुनिकतम टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भरता लाने पर जोर दिया। पीएम ने यूक्रेन में गोलाबारी में मारे गए भारतीय छात्र नवीन शेखरप्पा के शव को भारत लाने के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

- युद्ध के चलते यूक्रेन स्थित भारतीय दूतावास को राजधानी कीव से अस्थायी तौर पर पोलैंड शिफ्ट कर दिया गया है।

## पंत ने तोड़ा कपिल का 40 साल पुराना रिकॉर्ड

### श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों पर पूरी की फिफ्टी




**बेंगलुरु** | टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बेंगलुरु टेस्ट में भारत की दूसरी पारी के दौरान कपिल देव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सिर्फ 28 गेंदों पर 50 रन का आंकड़ा छूकर पंत भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पहले यह रिकॉर्ड कपिल के नाम था। कपिल ने 1982 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 30 गेंदों पर फिफ्टी जमाई थी। पंत सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सातवें नंबर पर आ गए हैं। इस स्थान पर वे 4 अन्य बल्लेबाजों के साथ मौजूद हैं। उनसे पहले 28 गेंदों पर एल्बर्ट विलियम्स, सर इयान बॉथम, क्रिस गेल, कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अर्धशतक बनाए हैं।

**पंत टेस्ट में सबसे तेजी से फिफ्टी बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज भी बने :** पंत सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज भी बन गए हैं। न्यूजीलैंड के इयान स्मिथ ने 1990 में पाकिस्तान के खिलाफ और भारत के महेंद्र सिंह धोनी ने 2006 में पाकिस्तान के खिलाफ 34 गेंदों पर अर्धशतक जमाया था।

### इंफोग्राफिक

**देश में 14% आबादी को भरपेट खाना नहीं मिलता**




स्रोत: फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन, यूएन

### न्यूज ब्रीफ

**देश: 73% बढ़ा सोने का आयात, 842 टन आया**

नई दिल्ली| देश में सोने का आयात अप्रैल-21 से फरवरी-22 के बीच 73% बढ़कर 45.1 अरब डॉलर तक पहुंचा। एक साल पहले इसी अवधि में यह 26.11 अरब डॉलर था। बीते 11 महीनों में 842.28 टन सोना भारत आया है।

**खुलासा: पेटीएम सीईओ विजय गिरफ्तार हुए थे**

नई दिल्ली|पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा को 22 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। शाम को ही जमानत भी मिल गई। आरोप है कि उन्होंने डीसीपी साउथ दिल्ली बेनिता मैरी जैकर की गाड़ी में अपनी कार से टक्कर मारी थी। इस घटना का खुलासा पुलिस ने रविवार को किया।

शराब के खिलाफ पहली बार किसी पूर्व सीएम का ऐसा विरोध

## उमा भारती ने ईंट उठाई और शराब दुकान में घुसकर बोतलें तोड़ीं

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल



शराबबंदी को लेकर लंबे समय से अभियान चला रहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती रविवार को अलग ही रूप में नजर आईं। वे भोपाल में बरखेड़ा पठानी के आजाद नगर की शराब दुकान पर कार्यकर्ताओं व महिलाओं के साथ पहुंच गईं। उमा ने सड़क से एक बड़ी सी ईंट उठाई और सीधे दुकान में घुस गईं। उन्होंने ईंट को दुकान में रखीं बोतलों पर दे मारा। फिर उमा वहां से रवाना हो गईं। बाद में उन्होंने ट्वीट कर इस तोड़फोड़ की वजह बताई। बोलीं- आजाद नगर मजदूरों की बस्ती है। पास ही मंदिर और स्कूल हैं। जब लड़कियां, महिलाएं छतों पर खड़ी होती हैं तो शराब पिए हुए लोग उनकी तरफ मुंह करके लघु शंका करते हैं। इससे महिलाओं को लज्जित होना पड़ता है। यहां के निवासियों ने आपत्ति की, धरने दिए, लेकिन ऐसा करते जब कई साल हो गए, तो आज मैंने विरोध किया। मैंने प्रशासन को एक हफ्ते में दुकान और अहाता बंद करने की चेतावनी दी है। शराब बंदी को लेकर दो दिन पहले ही उमा ने सीएम शिवराज सिंह से भी मुलाकात की थी। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार का कहना है कि अब तक किसी ने शिकायत नहीं की है। बता दें कि यदि शिकायत होती है तो ऐसे मामलों में आईपीसी की धारा 336, 294, 323 व 506 में कार्रवाई होती है।

### हरियाणा : 1726 अफसर दबाए बैठे जुर्माना के 2.27 करोड़, अब वेतन से कटेगा

**चंडीगढ़** | राइट टू इनफॉर्मेशन यानी आरटीआई कानून का उल्लंघन करने वाले अफसरों पर लगी जुर्माना राशि अब उनके वेतन से काटी जाएगी। प्रदेश में ऐसे कुल 1726 डिफॉल्टर अफसर हैं, जिन्होंने जुर्माने के 2.27 करोड़ रु. जमा ही नहीं कराए हैं। मामले के लोकायुक्त कोर्ट में पहुंचने के बाद प्रदेश सरकार हरकत में आ गई। सरकार ने कोर्ट को बताया कि ऐसे अधिकारियों पर लगे जुर्माने की राशि उनके वेतन से काटी जाएगी। जानकारी के अनुसार, प्रदेश में 2005 से जनवरी 2022 तक सूचना आयोग ने 3366 अफसरों पर 4.98 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया था। इनमें से 1726 डिफॉल्टर अफसरों ने जुर्माना जमा ही नहीं भरा। आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर मामले को लोकायुक्त कोर्ट लेकर गए थे। लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने सरकार से मामले में जवाब मांगा था।

एलान • जीत के बाद अमृतसर में आप का मेगा रोड शो

## ईमानदार सरकार देंगे; मंत्री या विधायक गड़बड़ करेगा तो बख्शेंगे नहीं : केजरीवाल

भास्कर न्यूज | अमृतसर



विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिले बहुमत के बाद पहली बार रविवार को गुरुनगरी पहुंचे आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रदेश को ईमानदार सरकार देने का वादा करते हुए कहा अगर हमारे मंत्री या विधायक भी कुछ इधर-उधर करेंगे तो उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा। भावी सीएम भगवंत मान के साथ रोड शो में जनता का आबार जताने को आयोजित रोड शो में अरविंद बोले, पंजाबियों तुसीं कमाल कर दित्ता। आई लव यू पंजाब, पूरी दुनिया में आज पंजाब की चर्चा है। दुनिया को विश्वास नहीं हो रहा कि पंजाब में इंकलाब आ गया। केजरीवाल ने कहा, कई बरसों के बाद पंजाब को ईमानदार मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है। पंजाब की लूट अब बंद होगी। डिप्टी सीएम दिल्ली मनीष सिसोदिया, राघव चड्ढा समेत कई आप विधायकों ने दरबार साहिब, जलियांवाला बाग में माथा टेका।

### सीमा पर दो पाकिस्तानी पकड़े गए, 2.590 ग्राम हेरोइन, पाक सिम मिले

**खालड़ा (अमृतसर)** | भारत-पाक सरहद पर खालड़ा सेक्टर में तैनात बीएसएफ 71 बटालियन सिंहपुरा ने एनसीबी के साथ जाइंट ऑपरेशन के दौरान शनिवार को खालड़ा बैरियर के पास गेहूं के खेतों में छिपकर बैठे 2 पाक नागरिकों को काबू किया है। दोनों से 2.590 ग्राम हेरोइन, मोबाइल, पाक सिम, 40 रुपए पाक करंसी और 4 चाबियां बरामद हुई हैं। दोनों की पहचान बाबर अली और बिशारथ दोनों निवासी थाना बाटापुर लाहौर के रूप में हुई है। कमांडेंट पीपी नौटियाल ने बताया शनिवार सुबह करीब 5.30 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक जाइंट ऑपरेशन चलाया गया। टीम ने खेतों में मूवमेंट देखी और सर्च करने पर छिपकर बैठे 2 पाक नागरिकों को पकड़ा है। जांच के लिए दोनों को एनसीबी को सौंप दिया गया है। केस दर्ज कर लिया गया है, जबकि एनसीबी टीम दोनों घुसपैठियों को चंडीगढ़ हेडक्वार्टर ले गई है।

### अब गुजरात, मध्य प्रदेश में भी टैक्स फ्री हुई विवेक की 'द कश्मीर फाइल्स'

**नई दिल्ली** | निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' 11 मार्च को रिलीज कर दी गई है और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। इस फिल्म की कहानी दर्शकों के दिल को छू रही है। ज्यादातर दर्शक फिल्म देखने के बाद बेहद भावुक हो जा रहे हैं। 'द कश्मीर फाइल्स' को हरियाणा सरकार पहले ही टैक्स फ्री कर चुकी है। अब गुजरात और मध्यप्रदेश सरकार ने भी इस फिल्म को राज्य में टैक्स फ्री कर दिया गया है। यह जानकारी सीएमओ से आई है। यह फिल्म पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा कश्मीरी हिंदू समुदाय के लोगों की लक्षित हत्या के बाद समुदाय के लोगों के घाटी से पलायन पर आधारित है। फिल्म में अनुपम खेर, दर्शन कुमार, मिथुन चक्रवर्ती और पल्लवी जोशी जैसे कई कलाकारों ने भूमिका निभाई है।

### पॉजी- टून





सकारात्मक ऊर्जा

### द. कोरिया...सोलर प्लांट से बुजुर्गों की आर्थिक मदद भी

**Bloomberg**

**हीसू ली** . तस्वीर दक्षिण कोरिया के हैपचेन में 27 किमी लंबे फ्लोटिंग सोलर प्लांट की है। खिले फूलों की आकृति वाले प्लांट की डिजाइन स्थानीय लोगों ने ही तय की है। ताकि इसे पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित कर सकें। इस प्लांट से बनने वाली 41.5 मेगावॉट बिजली से 60 हजार लोगों की जरूरत पूरी होती है। पहले बिजली के लिए यहां पूरी निर्भरता कोयले पर थी। हैपचेन के 1400 रहवासियों ने प्रोजेक्ट में 20 करोड़ रु. निवेश किए हैं। इसके एवज में उन्हें अगले 20 साल तक सालाना 10% की दर से रिटर्न मिलेगा। यहां की बड़ी आबादी 60 वर्ष और उससे ऊपर की है और उनके बच्चे बाहर हैं। बुजुर्गों को इस राशि से खासी मदद मिलेगी।

पहल | पीएमयू ने 64 एकड़ जमीन चिन्हित की, फलों के बाग भी लगेंगे

# करतारपुर साहिब के लंगर में अब उन्हीं खेतों की उपज जहां गुरुनानक ने 18 वर्ष खेती की

हरपाल रंधाव | जालंधर

करतारपुर साहिब दर्शन के लिए पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं को अब गुरु के लंगर में जो सब्जियां-साग, दाल और रोटी मिलेगी, वो उन्हीं खेतों में उपजाई हुई होगी जहां 18 वर्षों तक खुद गुरु नानक देव ने खेती की थी। प्रसाद में मिलने वाले फल भी गुरु के बाग से ही आएंगे। करतारपुर साहिब के गुरुद्वारा दरबार साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी गोबिंद सिंह के मुताबिक इसी वर्ष 22 जून से यह व्यवस्था शुरू हो जाएगी। करतारपुर साहिब वह स्थान है जहां गुरु नानक देव ने अपने जीवन के अंतिम 18 वर्ष बिताए थे। गुरुद्वारा प्रबंधन के लिए पाकिस्तान सरकार की ओर से गठित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) ने इसके लिए 64 एकड़ जमीन का चयन किया है। 15 एकड़ में सूरजमुखी की बिजाई की गई है। 10 एकड़ में जैतून व 10-10 एकड़ में गेंहू व मक्के की बिजाई होगी। 10 एकड़ में फलों का बाग तैयार हो रहा है। जिसमें 200 पेड़ अमरूद के ही लगाए गए हैं। दालें व अन्य सब्जियों को अलग-अलग मौसम के लिए बड़े रकबे में तैयार किया जा रहा है। पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मेंबर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि पहले गुरुद्वारा साहिब में अब तक लंगर के लिए सामान श्रद्धालु ही भेजते थे। अब यह व्यवस्था बदलेगी। गुरु के खेतों में तैयार होने वाली फसलों में गोबर व अन्य जैविक खाद का ही इस्तेमाल होगा।



**गुरुद्वारा साहिब के पास ही हैं खेत**

पीएमयू के सीईओ मोहम्मद लतीफ ने बताया कि करतारपुर साहिब में रहते हुए गुरु नानक देव ने जिस जमीन पर खेती की, वह आज भी गुरुद्वारा साहिब के पास ही है। अब इन्हीं पर दोबारा खेती होगी। पंजाब से आए श्रद्धालुओं को कोई मुश्किल न आए, इसलिए खेतों में पंजाबी में बोर्ड भी लगाए गए हैं।

### सीआरपीएफ जवान की हत्या करने वाला आतंकी व उसका सरगना गिरफ्तार

**श्रीनगर** | दक्षिणी कश्मीर के शोपियां में सीआरपीएफ के जवान की गोली मारकर हत्या करने वाले हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के पास से हथियार (पिस्तौल) बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी ने लश्कर के कमांडर आबिद रमजान शेख के निर्देश पर आतंकी वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) विजय कुमार ने कहा कि मामले के सिलसिले में एक ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को भी गिरफ्तार किया गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है। आपको बता दें कि दक्षिणी कश्मीर के शोपियां में आतंकियों ने शनिवार की रात छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ जवान की घर में घुसकर हत्या कर दी थी।

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

## ईपीएफ पर ब्याज दर में कटौती व बेरोजगारी के मुद्दे उठाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली** | संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू होगा। विपक्ष बढ़ती बेरोजगारी, कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज दर में कटौती और युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने समेत कई मामलों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। सरकार को बजट सत्र की बाकी अवधि में बजट प्रस्तावों पर चर्चा के साथ उनपर संसद की मंजूरी लेना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए सोमवार को बजट पेश करेंगी। सरकार ने संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक को भी लोकसभा में विचार और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।

### कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी व किसानों के मुद्दे उठाएगी

सोनिया गांधी ने पार्टी की संसदीय रणनीति समिति की बैठक ली और बजट सत्र के दौरान समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के समन्वय के साथ काम करने का फैसला किया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की। हम सत्र के दौरान जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों के साथ समन्वय में काम करेंगे। यूक्रेन से भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी, महंगाई, बेरोजगारी, कामगारों के हित, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाया जाएगा।

अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप



## न्यूज ब्रीफ

### होली बाद निजी स्कूलों में शुरू हो रहा नया सत्र, अभी तक नहीं हो सकी परीक्षा

**लखनऊ|** कोरोना की तीसरी लहर और विधानसभा चुनाव का असर नौनिहालों की पढ़ाई पर भी पड़ा है। जहां निजी स्कूलों ने ऑनलाइन माध्यम से इन रुकावटों के बावजूद पढ़ाई जारी रखी वही परिषदीय स्कूलों में सब कुछ ठंडे बस्ते में रहा। अब होली बाद जहां निजी स्कूल नए सत्र की शुरुआत करने जा रहे है। वहीं, परिषदीय स्कूलों में 22 मार्च से परीक्षाएं होनी शुरु होगी। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार पहली अप्रैल से नए सत्र की पढ़ाई का दावा कर रहे हैं। दरअसल, कोरोना की तीसरी लहर के कारण परिषदीय स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित रही। इस बीच प्रदेश में विधान सभा चुनाव का भी आगाज हुआ। तीसरी लहर के कम होते प्रभाव के बाद कक्षाएं शुरू हुई और अब बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षाओं को लेकर तारीखों की घोषणा की गई। इसके तहत परिषदीय स्कूलों की कक्षा 1 से 8 तक की परीक्षाएं 22 मार्च से शुरू होगी। 31 मार्च को रिपोर्ट कार्ड मिलेगा और पहली अप्रैल को नए सत्र की शुरुआत होगी। लखनऊ का सबसे बड़ा निजी स्कूल सीएमएस 14 मार्च से नए सत्र की शुरुआत करने जा रहा है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार नए सत्र की शुरुआत अब पूरी तरह से ऑफलाइन माध्यम से की जाएगी।

### असहयोग आंदोलन करेंगे इंजीनियर, 15 मार्च से नए आदेश का पालन नहीं करेंगे

**लखनऊ|** पावर कॉर्पोरेशन के खिलाफ इंजीनियरों ने आंदोलन करने का फैसला किया है। यूपी राज्य विद्युत अभियंता संघ ने तय किया है कि 15 मार्च से असहयोग आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान 14 मार्च को प्रदेश के समस्त डिस्काम और मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। आरोप है कि बिजली विभाग में ऊपर के स्तर पर भ्रष्टाचार है, लेकिन नीचे स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। पूरे प्रदेश में जन्माष्टमी के दिन बिजली कटी थी, लेकिन उसमें लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को अभियन्ता संघ के अध्यक्ष वीपी सिंह, महासचिव प्रभात सिंह एवं जूनियर इंजीनियर्स संगठन के अध्यक्ष जीबी पटेल ने कहा कि यूपी के बिजली निगमों में ईआरपी प्रणाली लागू कराने से लगभग 700 करोड़ रुपए का खर्च ऊर्जा निगम प्रबन्ध द्वारा किया गया। इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार किया गया है। बताया कि महाराष्ट्र में लगभग 90 करोड़ रुपए, आंध्रप्रदेश में लगभग 25 करोड़ रुपए ,तमिलनाडु में लगभग 40 करोड़ ईआरपी में खर्च किए गए। जबकि यूपी में 700 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आया।

### मजदूर की पीट-पीट कर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ|** लखनऊ में अलीगंज थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के हुई मजदूर की पीट-पीट कर हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि नशेबाजी के विवाद में मृतक के दूसरे साथी का साथ देने पर आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। अलीगंज इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात हरदोई संडीला इमलियाबाग मंडाई निवासी 27 वर्षीय अर्जुन की सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी गई थी। शनिवार सुबह उसका शव सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी के पास पड़ा मिला था। रविवार को अहिबरनपुर पावर हाउस के पीछे झोपड़ी रहने वाले आरोपी छंगा उर्फ शुभम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि तीनों ने एक साथ शराब पी थी। उसका पड़ोस में रहने वाले मातादीन से विवाद हो गया। इसी में हत्या हुई।



हत्यारोपी शुभम गुप्ता उर्फ छंगा।

**कारोबार में उम्मीद का रंग** • कोरोना के मामले कम होने के बाद इस साल व्यापारियों को होली पर अच्छे कारोबार की आस है

# लखनऊ में होली पर होगा 100 करोड़ रुपए का कारोबार, मोदी-योगी वाले मुखौटों की डिमांड बढ़ी

## रंग-गुलाल के थोक बाजार यहियागंज से 20 से ज्यादा जिलों का कारोबार होता है

### इसमें गुलाल के अलग-अलग तरह के रंग निकलेंगे

भास्कर न्यूज | लखनऊ

होली का बाजार चढ़ने लगा है। कोरोना के मामले कम होने और लॉकडाउन खत्म होने के बाद बाजार में उछाल भी देखने को मिलने लगा है। यहियागंज और चौक, पांडेय गंज, अमीनाबाद समेत शहर के सभी बाजार रंग-गुलाल और पिचकारी से सज गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि कोविड की वजह से कारोबार अभी तक ठप था, लेकिन अब तेजी आई है। उम्मीद है कि इस बार लखनऊ से 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार होगा। यहियागंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि यहियागंज रंग-गुलाल का थोक बाजार है। यहां से आस-पास से 20 से ज्यादा जिलों का कारोबार होता है। इसमें सीतापुर, लखीमपुर, गोंडा, बस्ती, बहराइच, बाराबंकी, अयोध्या सहित अधिकांश जिलों का कारोबार होता है। कारोबारियों का कहना है कि इस बार 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार होगा।

थोक बाजार में 10 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की पिचकारी उपलब्ध है। यहियागंज में पिचकारी विक्रेता राकेश सिंह ने बताया कि बाजार में 10 रुपए से लेकर 100 रुपए तक की पिचकारी उपलब्ध है। इसमें रंग-बिरंगी कार्टून वाली पिचकारियां बच्चों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही हैं। सबसे ज्यादा डिमांड वॉटर टैंक और गन वाली पिचकारी की है।



**80** करोड़ रुपए का कारोबार होता था कोरोना से पहले

### हाथरस से आता सबसे ज्यादा माल, राजस्थान की पगड़ी और बालों की विग की डिमांड

कारोबारियों ने बताया कि रंग-गुलाल सबसे ज्यादा हाथरस से आता है। कोविड से पहले तक बाजार करीब 80 करोड़ रुपए का होता था, लेकिन इस बार स्थिति सुधरने की उम्मीद है। नुकसान के डर से कई कंपनियों ने माल भी कम तैयार किया है, लेकिन डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में रेट भी बढ़ने लगा है। कारोबारी अजीत ने बताया कि सबसे ज्यादा डिमांड मोदी और योगी वाले मुखौटा की है। इसके अलावा डोरेमॉन, मोटू-पतलू, बैनटेन, छोटा भीम के मुखौटे बच्चों को अपनी ओर खूब आकर्षित कर रहे हैं। बच्चों और बड़ों के लिए होली खेलने के लिए राजस्थान की पगड़ी और सिर को साफ रखने के लिए बालों की विग भी खूब बिक रही है। इनकी कीमत 380 रुपए, 400 रुपए और 900 रुपए है।

**स्मॉग सिलिंडर की सबसे ज्यादा डिमांड...** इस बार सबसे ज्यादा डिमांड स्मॉग सिलिंडर भी बहुत है। इसकी खासियत है कि जैसे ही सिलिंडर को स्टार्ट किया जाएगा। इसमें गुलाल के अलग-अलग तरह के रंग निकलेंगे, जो देखने में बहुत सुंदर होंगे। स्मॉग सिलिंडर बाजार में तीन साइज में उपलब्ध हैं। इनकी कीमत 120 रुपए से लेकर 900 रुपए तक है। वहीं, बलून भी 10 रुपए से लेकर 150 रुपए, स्नो स्प्रे 50 रुपए से लेकर 500 रुपए, गुलाल 30 रुपए से लेकर 1600 रुपए तक मिल रहे हैं।

22 मार्च तक 28 अतिरिक्त **बसों की सुविधा**

## आज से चलेंगी होली स्पेशल बसें कानपुर, दिल्ली रूट पर फोकस



भास्कर न्यूज | प्रयागराज

होली पर यात्रियों को बसों की कमी न हो, इसके लिए रोडवेज ने दस दिनों तक अतिरिक्त बसों को चलाने का निर्णय लिया है। होली के दौरान प्रयागराज परिवहन विभाग की ओर से विशेष तैयारी की गई। 13 से 22 मार्च तक प्रयागराज परिवहन विभाग की ओर से 28 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। प्रयागराज मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस बिसेन ने बताया कि 19 अतिरक्त बसें प्रयागराज-कानपुर-दिल्ली मार्ग पर चलाई जा रही है। इसी तरह नौ अतिरिक्त बसें प्रयागराज-लखनऊ-दिल्ली मार्ग पर चलेंगी। ये बसें 22 मार्च तक चलाई जाएंगी। इसके लिए चालकों और परिचालकों को अवगत करा दिया गया है, इसमें किसी तरह से लापरवाही न की जाए। इसके लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

### बसों के फेरे भी बढ़ाए गए

- प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर 34 अतिरिक्त ट्रिप।
- प्रयागराज-फैजाबाद मार्ग पर 20 अतिरिक्त ट्रिप।
- प्रयागराज-कानपुर मार्ग पर 24 ट्रिप।
- प्रयागराज- वाराणसी मार्ग पर 24 अतिरिक्त टिप।
- प्रयागराज-जौनपुर-गोरखपुर मार्ग पर 26 अतिरिक्त ट्रिप।
- प्रयागराज- मीरजापुर मार्ग पर 10 अतिरिक्त ट्रिप ।
- प्रयागराज से बांदा मार्ग पर 10 अतिरिक्त ट्रिप चलेंगी।

**चुनाव हारी** तो पति बेचना चाहता है

## कांग्रेस से विधायक का चुनाव लड़ी महिला को पति ने बनाया बंधक

### 25 घंटे बाद पुलिस ने छुड़ाया

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुकीं कांग्रेस नेत्री अपने पति के उत्पीड़न का शिकार हो गई हैं। आरोप है कि कांग्रेस नेत्री को उसके पति ने ही 25 घंटे तक बंधक बनाए रखा। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से घर का ताला तोड़कर बंधन मुक्त कराया। अब पीड़िता ने प्रियंका गांधी से मामले की शिकायत करने की बात कहते हुए सोमवार का समय लिया है।

डॉ. यासमीन मुजफ्फरनगर के चरथावल विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरी थीं। उन्होंने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पति चुनाव हारने पर उसे बेचने की बात कह रहा है। डॉ. यासमीन का पति चुनाव से पहले टिकट के लिए बसपा नेता पर 63 लाख हड़पने का आरोप लगाकर सुर्खियों में आ चुका है। डॉ. यासमीन ने अपने पति और कांग्रेस नेता अरशद पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि 10 मार्च को पति ने उसे काउंटिंग में जाने से रोक दिया। उसे मेरठ रोड पर एक बैंक्वट हॉल के सामने गली में स्थित मकान में गुरुवार रात बंद कर बाहर से ताला लगा दिया। उसे 25 घंटे तक मकान में बंधक बनाकर रखा गया। करीब 25 घंटे बाद थाना सिविल लाइन पुलिस ने उसको बंधन मुक्त कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि महात्मा कॉलोनी निवासी एक कांग्रेस नेता 10 मार्च को उसके पास आया। उसने कहा कि उसे अरशद ने भेजा है। आरोप है कि उक्त नेता, अरशद के एक रिश्तेदार और एक अन्य ने उसके साथ ज्यादती की। कांग्रेस प्रत्याशी के उसके पति और रिश्तेदारों पर बंधक बनाने समेत अन्य गंभीर आरोप लगाने के बाद से बवाल मचा है।



### चुनाव हारने पर कांग्रेस नेत्री को था बेचने का इरादा

डॉ. यासमीन का आरोप है कि उसके पति ने उसकी पिटाई की। इसके बाद कहा कि वह चुनाव हार गई है, इसलिए उसको वह एक रिश्तेदार के हाथ बेचकर पैसा कमाएगा। उन्होंने कहा कि उसके पति ने झूठ बोलकर शादी की। उसके पति ने उसे बताया था कि वह पहले से शादीशुदा नहीं है। जब उसने अपने हॉस्पिटल के स्टाफ जावेद को फोन कर बुलाया, तो उसके साथ भी मारपीट कर उसको भगा दिया गया। उसको मकान में बंद कर दिया गया और बाहर से ताला लगा दिया।

**कोरोना के मामलों में गिरावट जारी**, 24 घंटे में 1 लाख 23 हजार 475 सैंपल की जांच

## यूपी में 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 76 नए केस 162 हुए रिकवर, अब एक हजार 313 सक्रिय मामले

भास्कर न्यूज | लखनऊ

यूपी में कोरोना के मामलों में गिरावट जारी है। रविवार को प्रदेश भर में संक्रमण के 76 नए मामले सामने आए हैं। इस बीच 162 मरीज कोरोना से रिकवर हुए। फिलहाल प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या 1 हजार 313 है। 24 घंटे में प्रदेश में 1 लाख 23 हजार 475 सैंपल की जांच हुई। वही प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा 29 करोड़ 44 लाख के पार जा पहुंचा है।

प्रदेश में 1 कोरोना संक्रमितों की हुई मौत रविवार को आई रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में 1 कोरोना संक्रमित की मौत भी रिपोर्ट हुई है। बलिया में एक कोरोना संक्रमित मरीज की मौत हुई है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक 12 मार्च यानी शनिवार को एक दिन में 1 लाख 23 हजार 475 सैंपल की जांच हुई। इस दौरान कोरोना के 76 नए मामले सामने आएं। 24 घंटे में 162 लोग रिकवर भी हुए। प्रदेश में फिलहाल 1 हजार 313 एक्टिव मामले है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में अब तक कुल 20 लाख 45 हजार 92 लोग कोरोना को मात दे चुके है।

उत्तर प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा 29 करोड़ 44 लाख के पार पहुंच गया है। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के मुताबिक राज्य में अब तक कुल 29 करोड़ 44 लाख 81 हजार 133 वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। यूपी में 18 साल से ज्यादा उम्र के पहली डोज लेने वालों की संख्या 15 करोड़ 24 लाख 48 हजार 57 है। वही 18 साल से ज्यादा दूसरी डोज लेने वालों की संख्या 12 करोड़ 3 लाख 96 हजार 24 है। इसके अलावा 15 से 18 साल के बीच के 1 करोड़ 28 लाख 78 हजार 493 बच्चों को वैक्सीन की पहली डोज व 62 लाख 53 हजार 11 को वैक्सीन की दूसरी डोज भी लग चुकी है। वही प्रदेश में प्री-कॉशन डोज लगाने वालों की संख्या 23 लाख 35 हजार 13 है।

### यूपी के दागी पुलिस कर्मियों की सूची तलब, 30 मार्च तक हो सकती है कार्रवाई

**लखनऊ|** यूपी में फिर दागी पुलिस कर्मियों पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की प्रक्रिया की तैयारी फिर से शुरू कर दी गई है। एडीजी स्थापना ने इसके लिए सभी जिले के एडीजी जोन से दागी पुलिस कर्मियों का ब्यौरा तलब किया। एडीजी स्थापना संजय सिंघल ने ऐसे पुलिस कर्मियों का ब्यौरा मांगा है, जिनकी अनिवार्य सेवानिवृत्त प्रदान किये जाने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की कार्यवाही पूरी कर ली है। सितंबर 2021 में 31 मार्च, 2021 को 50 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी करने वाले समूह ग व घ के पुलिसकर्मियों के सेवा अभिलेखों का परीक्षण कर स्क्रीनिंग की कार्यवाही का निर्देश दिया गया था।

## प्रयागराज और लखनऊ के 33 केंद्रों पर हुई मुख्य परीक्षा, 91% रहे उपस्थित

भास्कर न्यूज | प्रयागराज

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) में प्रवक्ता (पुरुष/महिला) भर्ती परीक्षा रविवार को प्रयागराज और लखनऊ में आयोजित हुई। परीक्षा का आयोजन दो सत्रों सुबह 9:30 से 11:30 और दोपहर 2 से 5 बजे तक रहा। इसके लिए दोनों जिले में 33 केंद्र बनाये गए। 91 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 15046 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए सफल हुए थे।





अभी तक साक्षात्कार के माध्यम से सीधी भर्ती होती थी। जीआईसी में 16 विषयों में प्रवक्ता के 1473 पदों के लिए होने वाली भर्ती में पुरुष वर्ग के 991 और महिला वर्ग के 482 पद हैं। जीआईसी लेक्चरर पद के लिए प्रारंभिक परीक्षा 19 सितंबर 2021 को आयोजित की गई थी। प्रारंभिक परीक्षा में पंजीकृत 4,91,370 अभ्यर्थियों में 1,56,957 सम्मिलित हुए थे। दिसंबर में घोषित परिणाम में कुल 15,046 उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।

**कवायद** • राम गोविंद चौधरी के चुनाव हारने के बाद पार्टी में माता के नाम पर मंथन शुरू हो चुका है

# ब्राह्मण हो सकता है नेता प्रतिपक्ष, माता प्रसाद पांडेय 7वीं बार विधायक बने हैं, सपा की बैठक में नाम पर लग सकती है मोहर

भास्कर न्यूज | लखनऊ

सपा की सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहे माता प्रसाद पांडेय को नेता विरोधी दल बनाया जा सकता है। यूपी की राजनीति में माता प्रसाद का बड़ा हस्तक्षेप माना जाता है। इसके साथ ही वह समाजवादी पार्टी का बड़ा चेहरा भी हैं। सूत्रों की मानें तो राम गोविंद चौधरी के चुनाव हारने के बाद पार्टी में उनके नाम पर मंथन भी शुरू हो गया है।

विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के बीच शनिवार को भविष्य की रणनीति पर लम्बी गुफ्तगू हुई। सूत्रों के मुताबिक उसमें माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा अध्यक्ष बनाने पर भी चर्चा हुई। उधर अखिलेश यादव ने पार्टी के जीते विधायकों की 21 मार्च को बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि इसमें नेता विरोधी दल के नाम पर मुहर लग सकती है।

### अखिलेश–शिवपाल के बीच हुई भविष्य की रणनीति पर चर्चा



जानकारों के मुताबिक अखिलेश यादव ने चुनाव परिणाम के बाद चाचा शिवपाल को बातचीत के लिए बुलाया। दोनों के बीच यह मुलाकात सपा मुख्यालय में हुई। करीब डेढ़ घंटे चली इस मुलाकात में चुनाव नतीजों के बाद बनी राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर चर्चा हुई है। सपा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद शिवपाल ने मीडिया के लोगों से बातचीत में चुनावी नतीजों को लेकर कहा, जनता का हमारे प्रति स्नेह है। चुनाव परिणामों से लगता है कि कहीं न कहीं कुछ खामियां रह गई। शिवपाल ने एक सवाल पर कहा, मुझे जो जिम्मेदारी मिलेगी, मैं उसे पूरा करूंगा।

### मुलायम सरकार में विधानसभा अध्यक्ष भी रहे

माता प्रसाद सिद्धार्थनगर की इटवा सीट से सातवीं बार विधायक रह चुके हैं। वे मुलायम सिंह की सरकार में विधानसभा अध्यक्ष भी रहे। 2012 में जब सपा फिर से सत्ता में आई और अखिलेश यादव की सरकार बनी तो उनको एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। पहला चुनाव वर्ष 1980 में जनता पार्टी से लड़ा था और जीत हासिल की। 1985 के चुनाव में लोकदल से विजय प्राप्त की थी। 1989 के चुनाव में जनता दल से विजय प्राप्त किया। 1991 व 1996 के चुनाव में पराजय का सामना करना पड़ा। दोनों चुनाव में यह तीसरे स्थान पर रहे। 2002 के चुनाव में सपा प्रत्याशी के रूप में एक बार फिर जीत हासिल की। 2012 व 2007 के चुनाव में सपा के ही चुनाव चिन्ह से सदन में पहुंचे थे। हालांकि 2017 के विधानसभा चुनाव में वह बीजेपी उम्मीदवार डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी से चुनाव हार गए थे और तीसरे नंबर पर आए थे। उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में यानी 10 मार्च को नतीजे आए। जिसमें सातवीं बार विधायक चुने गए। माता प्रसाद पांडेय ने इस बार योगी सरकार में मंत्री रहे बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी को हराया है।

घटना को संदिग्ध मान रही पुलिस

## आरडीएसओ डायरेक्टर के कर्मचारी की संदिग्ध मौत

भास्कर न्यूज | लखनऊ

लखनऊ की आरडीएसओ कॉलोनी स्थित निदेशक के बंगले पर तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का शव रविवार को फंदे पर लटकता मिला। मामला मानक नगर थाना क्षेत्र का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की सूचना विभाग और परिजनों को भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के पैर जमीन से छू रहे थे, जिससे पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।



मानक नगर कोतवाली प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा ने बताया आरडीएसओ कॉलोनी में बंगला संख्या सी-173/3 आउट हाउस में निदेशक अब्दुल वारिस अपनी पत्नी गुलशन के साथ रहते हैं। रविवार को इसके सर्वेंट रूम में रहने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैदर खान (28) का शव फंदे पर लटकता मिला। मूल रूप से कोलकाता छिबरी निवासी हैदर के पिता आबिद लखनऊ के लिए निकल चुके हैं। वह यहां पर 3 साल से काम कर रहा था। परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक हैदर के पैर जमीन से छूने से लोगों ने घटना को संदिग्ध बताया। इसके बाद थाना पुलिस ने फारेंसिक टीम के साथ मौके पर साक्ष्य एकत्र कर वीडियोग्राफी कर ली। जिससे मौके पर न पहुंचने वाले परिजन बाद में कोई आपत्ति न जता सकें। साथ ही आसपास के रहने वाले लोगों के भी बयान दर्ज किए।

अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप




दिल्ली अग्निकांड • गांव वालों ने बताया बबलू का परिवार गांव आने वाला था, लेकिन इससे पहले ही मौत आ गई

# जिंदा जल गया उन्नाव का परिवार, 5 की मौत गांव वालों को लाश तक देखने को नहीं मिली

भास्कर न्यूज़ | उन्नाव

उन्नाव के सफीपुर के रहने वाले 5 लोगों की मौत ने पूरे गांव को रुला दिया। शनिवार को दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी में जलकर एक परिवार की मौत हो गई थी। सभी लोग दिल्ली के गोकुलपुरी में रहते थे। आग भले ही दिल्ली में लगी हो, लेकिन उसकी तपन गांव फाजिलपुर तक पहुंची है। जब से गांव के लोगों को पता चला है कि उनके गांव के 5 लोगों की दिल्ली में जलकर मौत हुई है, कोई भी अपने घर नहीं गया। किसी ने भी खाना नहीं खाया।

शनिवार शाम 5 बजे से सभी लोग बबलू के घर के बाहर बैठे हैं। बबलू के घर के बाहर ताला पड़ा हुआ है। कुछ बर्तन भी बाहर बिखरे पड़े हुए हैं। गांव के लोग आंखू में आंसू लेकर पुरानी बातों को याद कर रहे हैं। कह रहे हैं कि अगर हादसा न हुआ होता, तो आज पूरा परिवार हमारे साथ होता। आज बबलू का परिवार गांव आने वाला था। गांव के रहने वाले सोनू ने बताया कि बबलू मेरा अच्छा दोस्त था। हमारी अक्सर फोन पर बात होती थी। शुक्रवार को भी हमारी बात हुई। वो बोल रहा था कि हम लोग दो दिन में आ जाएंगे। अगर उसको शुक्रवार की टिकट मिल जाती, तो वो पहले ही आ जाता। लेकिन टिकट हो नहीं पाई। फिर शनिवार की टिकट हुई, लेकिन उसके आने से पहले उसकी मौत आ गई।

**आग भले ही दिल्ली में लगी हो, लेकिन उसकी तपन गांव फाजिलपुर तक पहुंची, जिंदा गए थे, राख लौटी**



### 2 महीने पहले हुई थी मुलाकात



गांव की रहने वाली रतनावती ने बताया ये लोग 20 साल से दिल्ली में ही रह रहे हैं। 2 महीने पहले हमारी मुलाकात हुई थी। तब नहीं पता था कि ये आखिरी मुलाकात है। हम लोग तो उनका शव तक नहीं देख पाए। यहां पर कमाई नहीं हो पा रही थी तो दिल्ली गए थे। हम लोग नट बिरादरी के हैं। ये लोग वहां पर बाल्टी बनाने का काम करते थे।

### आग ने खुशियों पर पानी फेर दिया



बबूल की भाभी रेखा ने बताया उसकी ननद संगीता से बात हुई थी। संगीता ने बताया कि होली को लेकर घर में खरीदारी चल रही है। इस बार होली गांव में मनाने से सब लोग बहुत खुश थे। खरीदारी चल रही थी। हमें नहीं पता था कि ये खुशियां बस कुछ दिन की हैं। हमारी खुशियों पर इस आग ने पानी फेर दिया है।

### इन लोगों की हुई मौत

आग की चपेट में आने से उन्नाव के रहने वाले बबलू पुत्र रज्जन 35 वर्ष, रंजीत पुत्र रज्जन 28 वर्ष, रेशमा पुत्री रज्जन 16 वर्ष, शहंशाह पुत्र बबलू 12 वर्ष, प्रियंका पत्नी सुजीत 22 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी।

### बेहद गरीब था बबलू का परिवार

गांव के लोगों की मानें तो यहां कई परिवार बहुत गरीब हैं। जिसमें से एक ये परिवार यह भी था। लॉकडाउन के बाद कोई काम नहीं था। यहां परिवार का पालन पोषण भी ठीक से नहीं हो पा रहा था। इसलिए सभी लोग दिल्ली चले गए थे। तब किसी को नहीं पता था कि यह परिवार अब कभी वापस नहीं लौटेगा।

**दिल्ली में रहता था बबलू का परिवार...** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के फाजिलपुर गांव के बबलू पुत्र रज्जन अपने परिवार के साथ जीविकोपार्जन के लिए दिल्ली के गोकुलपूरी में सड़क किनारे झुग्गी डालकर रह रहे थे। नट बिरादरी से ताल्लुक रखने के कारण बाल्टी बनाने का काम करते थे। शनिवार सुबह ग्रामीणों को सूचना मिली की बिजली का तार गिरने से उसकी झुग्गी में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी की देखते ही देखते 60 झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया।

मुजफ्फरनगर में पुलिस ने की जवाबी फायरिंग

# जेलर पर हमला करने वाले को मुठभेड़ में मारी गोली, पैर में लगी

भास्कर न्यूज़ | मुजफ्फरनगर

देवबंद उपकारागार के जेलर पर 3 दिन पहले कातिलाना हमला करने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा व चोरी की बाइक बरामद की। बदमाश का दूसरा ईख के खेत से फरार हो गया।

सहारनपुर में देवबंद उप कारागार के जेलर रीवन सिंह गुरुवार रात करीब 8.30 बजे खाना खाकर बाहर टहल रहे थे। उसी समय कुछ बदमाशों ने उन पर हमला करते हुए फायरिंग कर दी थी। जेलर रीवन सिंह बदमाशों के हमले में बाल-बाल बच गए थे। पुलिस ने बदमाशों की तलाश में आसपास क्षेत्र में काफी चेकिंग की थी। उनका कुछ पता नहीं चला था। देवबंद कोतवाली पुलिस ने जेलर रीवन सिंह पर जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी।

सीओ सिटी कुलदीप सिंह व प्रभारी निरीक्षक शहर कोतवाली आनंद देव मिश्रा ने बताया कि रविवार को थाना पुलिस बुढाना मोड़ पर सामान्य चेकिंग कर रही थी। उन्होंने बताया कि इस दौरान बुढाना-शाहपुर पुलिया के पास पुलिस को बाइक पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। उन्हें पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों पुलिस पर हमलावर हो गए। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की। सौभाग्य से किसी पुलिसकर्मी को गोली नहीं लगी। इस दौरान बाइक फिसलने से दोनों संदिग्ध नीचे गिर गए। सीओ सिटी कुलदीप सिंह ने बताया कि जवाबी फायरिंग में एक बदमाश पुलिस की गोली पैर में लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोच कर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जबकि उसका साथी मौका का फायदा उठाकर फरार हो गया।



### जेलर का हमलावर निकला घायल बदमाश

सीओ सिटी कुलदीप सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश को जिला अस्पताल ले जाया गया। बताया कि बदमाश की पहचान तीन दिन पहले देवबंद जेलर पर जानलेवा हमला करने वाले नीरज पुत्र जयपाल निवासी देवबंद के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि फरार बदमाश का नाम पता किया जा रहा है।

### बदमाश नीरज से तमंचा और बाइक हुई बरामद

सीओ सिटी ने बताया कि दबोचे गए बदमाश से एक तमंचा व पांच कारतूस तथा एक खोखा कारतूस एवं एक बिना नंबर की बाइक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि दबोचे गए बदमाश पर जानलेवा हमला, एससीटी एसटी तथा अन्य धाराओं में आधा दर्ज से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एक ही थाने से 25 पुलिस कर्मियों को हटाकर लाइन भेजा

**शाहजहांपुर**| शाहजहांपुर में एसपी ने एक ही थाने से पांच दरोगा समेत 25 पुलिसकर्मियों को हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है। जिन पुलिसकर्मियों का व्यवहार अच्छा नहीं था ऐसे पुलिसकर्मियों की रिपोर्ट सीओ सदर से मांगी गई थी। उस रिपोर्ट के आधार पर 25 पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन भेजकर उनको ट्रेनिंग दी जाएगी। वहीं सोशल मीडिया पर चर्चाएं होने लगीं कि फर्जी मतदान को लेकर कार्रवाई की गई है, जैसे ही अफवाहें सोशल पर फैलने लगी तब एसपी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को हटाने का मकसद सिर्फ उनको ट्रेनिंग देना है। ताकि उनके व्यवहार में सुधार आ सके। एसपी एस आनन्द ने निगोही थाने में तैनात पांच दरोगा समेत 25 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से थाना छोड़कर पुलिस लाइन में तैनात करने के निर्देश दिए।

### मेरठ में तलाशी अभियान शुरू पूछा-आपका शौहर कहां है?

**मेरठ**| चुनाव खत्म होते ही मेरठ पुलिस एक्शन में आ गई। 32 टीमें बनाकर लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में बदमाशों का सत्यापन शुरू कर दिया। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने इस संबंध में सीओ कोतवाली और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी अपराधी हैं उनका हर हाल में सत्यापन किया जाए। बताते चलें मेरठ का लिसाड़ीगेट इलाका अपराध के लिए बदनाम रहा है। मुस्लिम बाहुल्य इस क्षेत्र की आबादी पांच लाख है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने पुलिस की 32 टीमें बनाकर जेल से छूटकर आए और वांछित चल रहे बदमाशों के बारे में जानकारी के लिए बदमाशों के घर-घर भेज कर सत्यापन कराना शुरू कर दिया है। दिन निकलते ही बदमाशों के घर पर पुलिस की टीमों ने घर घर अभियान शुरू कर दिया। पूछा जा रहा है आपका शौहर कहां है?

आजमगढ़ में पुलिस बोली- किसी परिचित का है हाथ

# घर में घुसकर नानी और नातिन की धारदार हथियार से हत्या



दीदारगंज में डबल मर्डर के बाद घर के बाहर लगी पुलिस और स्थानीय लोगों की भीड़।

भास्कर न्यूज़ | आजमगढ़

आजमगढ़ में शनिवार देर रात धारदार हथियार से गोदकर महिला और बच्ची की हत्या कर दी गई। मृतका नानी और नातिन थी। हत्यारे छत के रास्ते घर में घुसे और वारदात को अंजाम देकर भाग गए। सुबह गांव की एक महिला कोई सामान मांगने उसके घर पहुंची तो अंदर से दरवाजा बंद था। आवाज लगाने पर जवाब नहीं मिला तो पूर्व प्रधान की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। कमरे में नानी और नातिन का खून से लथपथ शव पड़ा था। वारदात थाना दीदारगंज के गुवांई गांव की है।

मौके पर पहुंचे एसपी अनुराग आर्य ने पूछताछ की। सबूतों के आधार पर पुलिस का कहना है कि इस हत्याकांड में परिवार के किसी परिचित का हाथ है। गांव वालों का कहना है कि शाम को दोनों घर के बाहर देखे गए थे। सुबह काफी देर तक कोई घर से नहीं निकला था। वहीं, एक महिला ने बताया कि वह कुछ सामान मांगने लीलावती के घर गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पूर्व प्रधान की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया। दोनों का शव घर में ही पड़ा था। नातिन अपनी नानी के साथ रहती थी। उसकी मां ससुराल में रहती है। सूचना पर मां ससुराल से मायके पहुंची। बेटी और अपनी मां का शव देखकर वह बेसुध हो गई। बता दें कि लीलावती के पति उमाशंकर बिहार में रहकर नौकरी करते हैं। वारदात की रात घर में परिवार का और कोई सदस्य नहीं था।

### सुबह 4 बजे से पहले हुई हत्या

डबल मर्डर की सूचना पर गुवांई पहुंचे एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि हत्या में परिवार के ही किसी परिचित का हाथ लगता है। जांच में सामने आया है कि सुबह 4 बजे से पहले हत्या हुई है। कमरे से मृतका का फोन भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटना का खुलासा करने के लिए एसओजी और सर्विलांस सहित चार टीमें लगा दी गई हैं। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

परिजन का आरोप है कि एक साल से बेटी को परेशान कर रहे थे ससुराल वाले

# झांसी में हैंगर से लटकी मिली महिला की लाश, गले में बंधा था गमछा, भाई बोला- ये सुसाइड नहीं हत्या है

भास्कर न्यूज़ | झांसी

झांसी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां रविवार सुबह एक महिला की लाश कपड़े टांगने वाले हैंगर पर लटकी मिली है। उसके शरीर का कमर से निचला हिस्सा फर्श पर था। गले में गमछा बंधा था। मृतक महिला के भाई ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने बहन की हत्या कर दी और फिर हैंगर पर टांगने की कोशिश की है। मामला कोंछाभंवर गांव का है। परिस्थितियां भी हत्या की ओर इशारा कर रही हैं।



### 7 साल पहले हुई थी शादी

मप्र के दतिया जिले के गांव सेदौरा निवासी दीपक ने बताया उनकी बहन ममता (28) की शादी 21 अप्रैल 2015 को कोंछाभंवर निवासी गणेश कुशवाहा से हुई थी। ससुराल वाले बहन को बहुत परेशान कर रहे थे। कई बार ससुराल वालों और बहन को समझाया। इसके बाद भी ससुराल वाले नहीं माने।

फिलहाल पुलिस ने महिला के शव को मेडिकल कॉलेज में मोर्चरी के अंदर रखवाया है।

भाई ने कहा कि रविवार सुबह करीब 6 बजे बहन के देवर ने फोन कर घर आने के लिए कहा। जब बहन से बात कराने के लिए कहा तो बात नहीं कराई और बहानेबाजी करते रहे। इसके बाद वह परिवार वालों के साथ बहन के घर पर पहुंचा। देखा तो बहन की मौत हो चुकी थी। बहन जमीन में बैठी थी और उसके गले और करीब 5 फीट ऊंचे हैंगर में तौलिया बंधी थी। भाई का आरोप है कि यह सुसाइड नहीं है। ससुराल वालों ने हत्या करने के बाद शव को हैंगर पर लटकाया है। भाई का कहना है कि हैंगर पर फांसी लगाना संभव ही नहीं है। ममता का चार साल का एक बेटा है। ममता दो भाइयों की इकलौती बहन थी। उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं। मृतक महिला का पति मजदूरी करता है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

नोएडा में पिता ने लांघी मर्यादा

### सौतेली बेटी का अश्लील फोटो वायरल करने की दे रहा धमकी

**दादरी**| नोएडा सेक्टर 126 कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी बाप को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 126 कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक भारत कुमार राठी ने बताया कि आरोपी संजीव अपनी सौतेली बेटी का एक अश्लील फोटो खींचकर अपनी पत्नी को फोन पर भेजा था। इस फोटो को वायरल करने की धमकी दे रहा था। पत्नी द्वारा 2017 में एक्सप्रेस-वे कोतवाली में बलात्कार का मुकदमा को वापसी करने का दबाव बना रहा था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी के साथ पिछले 12 साल से साथ रह रही थी। उसकी दो बेटियां हैं। आरोपी पीड़िता के घर आकर उसके साथ बदसुलूकी करने लगा था।

मुठभेड़ में शेरू का साथी बदमाश विनोद भारती गिरफ्तार

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार डी-22 गैंग के शेरू की 6 माह थी तलाश

भास्कर न्यूज़ | वाराणसी

वाराणसी कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच और भेलूपुर थाने की पुलिस ने बजरडीहा क्षेत्र से 25 हजार के इनामी बदमाश शेरू खान को गिरफ्तार किया है। दशाश्वमेध थाने का हिस्ट्रीशीटर शेरू खान टेहुली गली, नई सड़क का निवासी है। शेरू के पास से पुलिस ने एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किया है।

डी-22 गैंग का बदमाश शेरू पिछले साल जन्माष्टमी की रात भेलूपुर क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। मुठभेड़ में शेरू का साथी बदमाश विनोद भारती गिरफ्तार किया गया था। तभी से कमिश्नरेट की पुलिस शेरू की तलाश कर रही थी। शेरू के खिलाफ भेलूपुर, लंका, मंडुवाडीह, लक्सा और दशाश्वमेध थाने में 13 मुकदमे दर्ज हैं। डीसीपी काशी जोन रामसेवक गौतम ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी / रामनगर थानाध्यक्ष अश्वनी पांडेय अपनी टीम के साथ बजरडीहा क्षेत्र की ओर गए हुए थे। उसी दौरान उनकी मुलाकात भेलूपुर थानाध्यक्ष रमाकांत दुबे से हुई। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी बदमाश शेरू खान कुसुम पैलेस के पीछे स्थित मैदान में मौजूद है। इस सूचना के आधार पर घेराबंदी कर शेरू को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

रंगभरी एकादशी • भगवान शंकर मणिकर्णिका तीर्थ पर करेंगे स्नान, 51 वाद्य यंत्रों के बीच महाश्मशान नाथ की आरती होगी

# रंगभरी एकादशी पर आज बाबा विश्वनाथ भक्तों के साथ उड़ाएंगे अबीर-गुलाल; 15 को चिता भस्म से खेलेंगे होली

भास्कर न्यूज़ | वाराणसी

होली इस बार 18 मार्च को है, लेकिन काशी में होली 14 मार्च यानी रंगभरी एकादशी से ही शुरू हो जाएगी। 14 मार्च को भूतभावन बाबा विश्वनाथ का गौरा के साथ गौना होगा। इसी दिन बाबा विश्वनाथ अपने भक्तों के साथ अबीर-गुलाल खेल कर काशी में पारंपरिक तरीके से होली की शुरुआत करेंगे। रंगभरी एकादशी के अगले दिन काशी में महाश्मशान मणिकर्णिका में जलती हुई चिताओं के बीच भूतभावन अपने गणों के साथ चिता भस्म की होली खेलेंगे।

बाबा विश्वनाथ अपने भक्तों के साथ 15 मार्च की दोपहर मणिकर्णिका घाट पर चिता भस्म की होली खेलेंगे। खास बात यह है कि इस बार भगवान श्रीकृष्ण के पसंदीदा रंग भी चिता-भस्म की होली में शामिल किए जाएंगे। परंपरा के अनुसार भगवान शंकर मणिकर्णिका तीर्थ पर स्नान करेंगे। इसके बाद 51 वाद्य यंत्रों के बीच महाश्मशान नाथ की आरती होगी और बाबा विश्वनाथ को भस्म अर्पित की जाएगी। आरती संपन्न होने के बाद बाबा विश्वनाथ अपने भक्तों के साथ चिता भस्म की होली खेलेंगे।



बाबा विश्वनाथ भक्तों के साथ 15 मार्च की दोपहर चिता भस्म की होली खेलेंगे। - फाइल फोटो

### 358 साल बाद बनी बाबा की नई पालकी

रंगभरी एकादशी के दिन 358 वर्षों बाद बाबा विश्वनाथ, मां गौरा और श्रीगणेश चांदी की नई पालकी पर सवार होंगे। पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी ने बताया कि रंगभरी एकादशी महोत्सव के लिए गठित संस्था शिवांजलि के माध्यम से कश्मीर के शिव भक्त मनीष पंडित ने चिनार और अखरोट की लकड़ी पालकी के लिए उपलब्ध कराई थी। काशी के जगतगंज निवासी शिल्पकार शशिधर प्रसाद पप्पू ने बाबा विश्वनाथ की नई पालकी को आकार दिया है। इस पालकी को बनाने में भूतेश्वर गली के कारीगर अशोक कसेरा और उनके परिजनों की भी अहम भूमिका रही है। बाबा विश्वनाथ की नई पालकी बनाने में 11 किलो चांदी लगी है। रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ हाजी गयास के परिवार वालों से बनाई गई मखमल, जरी, बूटा, नगीना, फलंगी और सुरखाब के पंख की शाही पगड़ी पहनेंगे।

मेरठ में भैंसाली बस अड्डे पर तैयार हुआ कंट्रोल रूम

# होली पर नहीं होगी बसों की दिक्कत, बढ़ाई गईं बसें

भास्कर न्यूज़ | मेरठ

मेरठ में होली के त्योहार पर यात्रियों को आने-जाने के लिए बसों की परेशानी नहीं होगी। होली पर्व को देखते हुए मेरठ परिवहन विभाग ने अतिरिक्त बसों के संचालन की तैयारी कर ली है। इसके लिए परिवहन विभाग ने कंट्रोल रूम भी तैयार किया है। इस कंट्रोल रूम के हिसाब से बसों के फेरे होली पर बढ़ाए जाएंगे। ताकि यात्रियों को दिक्कत न हो। वहीं विभाग ने स्टाफ के लिए होली प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत छुट्टी में भी काम करने वाले स्टाफ को नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

परिवहन विभाग के आरएम केके शर्मा के अनुसार 22 मार्च तक होलिका पर्व के तहत इस होली प्रोत्साहन योजना को संचालित किया जा रहा है। योजना में जो चालक, परिचालक नियमित रूप से ड्यूट करेंगे उन्हें अतिरिक्त पारिश्रमिक दिया जाएगा। 9 दिन में 2700 किमी चलने वाले स्टाफ को 350 रुपए से 3100 रुपए तक मेहनताना दिया जाएगा। होली के दिन काम करने पर प्रोत्साहन राशि भी देंगे। 10 दिन नियमित काम करने पर 4हजार रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। होली पर जिस तरह बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ होगी उसके अनुसार बसों के फेरे बढ़ाएंगे। इसलिए भैंसाली बस अड्डे पर कंट्रोल रूम बनाया है।



अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप



# डिंपल को प्रचार में लेट उतारना महंगा पड़ा! जहां-जहां गईं, एक सीट छोड़ सभी जीतीं; सबसे अच्छा सक्सेस रेट डिंपल का

भास्कर न्यूज़ | लखनऊ

यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के चुनाव प्रचार में डिंपल यादव हिट रहीं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें आखिरी चरणों में मुश्किल सीटों पर प्रचार के लिए उतारकर सीटें अपनी झोली में डलवा ली। कौशांबी और जौनपुर में हुई जनसभाओं में सिर्फ एक सीट ही भाजपा के खाते में जुड़ सकी। वो भी बहुत कम मार्जिन के साथ।

सिराथू सीट पर सपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की बहन पल्लवी पटेल का प्रचार करने पहुंची डिंपल यादव ने जंग का रंग बताकर सीएम योगी की केसरिया पोशाक पर तंज कसा तो राजनीतिक हल्कों में इसकी खूब चर्चा हुई। इसी जनसभा में सपा सांसद जया बच्चन ने भी 'वे क्या जानें परिवार क्या होता है...' का बयान दिया था। हालांकि, सुर्खियों में डिंपल नजर आईं। भीड़ उन्हें सुनने के लिए सभी सीटों पर इकट्ठा हुई। कह सकते हैं कि चुनाव में जहां-जहां उन्होंने प्रचार किया 80% सीटें सपा को ही मिली।

पांच चरणों के प्रचार तक डिंपल यादव ने प्रचार से दूरी बना रखी थी। इसके पीछे पिछले चुनाव में डिंपल के साथ हुई घटना को बड़ी वजह माना जा रहा है। दरअसल, 2017 में हुई एक सभा में डिंपल जब मंच से बोल रही थीं, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने अभद्र नारे लगाए थे। इसके बाद डिंपल को बीच में ही रैली को छोड़ना पड़ा था। इस घटना के बाद डिंपल जब-जब अखिलेश यादव के साथ बाहर निकलतीं, तो उन्हें देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता। पार्टी के कार्यकर्ताओं की ऐसी हरकतों के कारण अखिलेश ने चाहकर भी उन्हें प्रचार के लिए चुनावी मैदान में नहीं उतरने दिया था।



## डिंपल को सुनने के लिए सभाओं में हो जाती थी भीड़

### 25 फरवरी : सिराथू
### पल्लवी से टक्कर में हारे डिप्टी सीएम केशव

विधानसभा चुनाव के पांचवें चरण में पहली जनसभा डिंपल ने सिराथू में पल्लवी पटेल के लिए की। पल्लवी के लिए ये सीट मुश्किल इसलिए थी, क्योंकि उनके सामने यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य खुद चुनाव मैदान में थे। भाजपा का पूरा संगठन यहां ताकत झोंक रहा था। सिराथू सीट पर केशव का अच्छा प्रभाव माना जाता है। डिंपल की जनसभा होने के बाद यहां पल्लवी टक्कर में आ गईं। स्थिति ये रही कि शुरुआती चरणों से ही पल्लवी ने बढ़त बना ली, जो कि आखिरी चरणों तक बनी रही।

### 25 फरवरी : चायल... कड़े मुकाबले के बाद साइकिल चली

कौशांबी की ही चायल विधान सभा में पार्टी प्रत्याशी पूजा पाल के समर्थन में सभा की। पूजा पाल पूर्व विधायक राजू पाल की पत्नी हैं। उनकी हत्या साल 2005 में कर दी गई। यहां पूजा का मुकाबला अपना दल (सोनेलाल) के नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल से था। यहां भी कड़ा मुकाबला रहा। नागेंद्र को 75472 मत मिले। 88818 वोट लेकर पूजा पाल ने जीत दर्ज की।



### 25 फरवरी : मंझनपुर
### यहां भाजपा संगठन के प्रचार के खिलाफ एक जनसभा ही भारी

यहां भाजपा की तरफ से लाल बहादुर चुनावी मैदान में थे। भाजपा संगठन उनके लिए प्रचार कर रहा था। डिंपल ने यहां इंद्रजीत सरोज के लिए सिर्फ एक जनसभा की थी। उसमें उन्हें सुनने के लिए आस-पास की सीटों के लोग तक पहुंचे थे। मतगणना में सामने आया कि लाल बहादुर को 97928 वोट मिले। इंद्रजीत सरोज ने 121506 वोट हासिल किए।

### 26 फरवरी : मड़ियाहूं... सिर्फ 1206 वोट से फिसली बाजी

भाजपा के घटक दल अपना दल (सोनेलाल) के प्रत्याशी डॉ. आरके पटेल जौनपुर की मड़ियाहू सीट से खड़े थे। उन्हें सपा की प्रत्याशी सुषमा पटेल से चुनौती थी। यहां डिंपल ने जनसभा की। यहां कांटे की टक्कर ऐसी कि पूरी बाजी सिर्फ 1206 वोटों से ही सरकी। यहां डॉ. आरके पटेल को 76007 वोट मिले। सुषमा को 74801 वोट मिले।

### 26 फरवरी : मछलीशहर... डिंपल के प्रचार का रागिनी को फायदा

सातवें चरण के प्रचार में मछलीशहर आता है। मछलीशहर से डॉ रागिनी चुनाव लड़ रही थीं। वाराणसी कैंट की रहने वाली डॉ. रागिनी एमडी हैं। सपा की इस डॉक्टर प्रत्याशी के लिए भी डिंपल ने प्रचार किया। नतीजा ये रहा कि रागनी को 91659 वोट मिले। भाजपा के प्रत्याशी महिलाल 83175 वोट पाकर हार गए थे।

**इसलिए डिंपल यादव से आखिरी चरण में प्रचार कराया...** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने शुरुआती चरणों में खुद ही प्रचार का जिम्मा संभाल रखा था। इन चरणों में अखिलेश ने जयंत चौधरी, स्वामी प्रसाद मौर्य, ओमप्रकाश राजभर और शिवपाल यादव को साथ रखकर प्रचार किया। करहल, मैनपुरी, इटावा में मुलायम सिंह यादव से भी सभाएं कराई गईं। आखिरी चरणों की सीटों पर जयंत का प्रभाव कम था। स्वामी प्रसाद मौर्य और ओपी राजभर भी अपने प्रभाव वाली सीटों पर प्रचार में लगे रहे। इसलिए अखिलेश को पूर्वांचल की अधिकांश सीटों पर सपा के पक्ष में प्रचार के लिए डिंपल यादव को मैदान में उतारना पड़ा। हालांकि, इस बार डिंपल की रैलियों और सभाओं की सूची पहले से जारी करने के बजाए एक दिन पहले ही जारी की गई थी।

---

मेरठ में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने की **कार्रवाई**

## 892 किलो बेसन, 463 लीटर मूंगफली का तेल और 70 किलो नमकीन जब्त

भास्कर न्यूज़ | मेरठ

मेरठ में होली के त्योहार से पहले मिलावटी बेसन, तेल, नमकीन, मूंगफली और मसाले जब्त किए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने शहर में मिठाइयों की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने 892 किलो बेसन, 463 लीटर मूंगफली का तेल और 70 किलो नमकीन जब्त की है।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें शहर में अलग-अलग इलाकों में गईं। टीम फर्स्ट जोन 1 से 6 ने मेरठ नमकीन भंडार सुभाष नगर से बेसन मूंगफली का तेल और नमकीन का नमूना लिया। 892 किलो ग्राम बेसन 63000 रुपए, 463 किलो मूंगफली तेल मूल्य 99 हजार, 70 किलो नमकीन 19000 रुपए की कीमत का सामान जब्त किया। दूसरी टीम ने शिवशंकर आयल भंडार सोफीपुर से हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, सरसों तेल का नमूना लिया। तीसरी टीम ने सूर्यनगर से सरसों तेल, मसाले का नमूना लाया। 220 लीटर सरसों का तेल मूल्य लगभग 40000 का जब्त किया।



### देहात में भी छापा मारने निकली टीमें

मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए टीम देहात सरधना में कालंद पहुंची यहां खोया, वनस्पति का नमूना लिया। लावड़ में घी, गुड़, मवाना में मसालों, कचरी, पापड़ के नमूने लिए। 18 नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ भेजेंगे।अभिहित अधिकारी अर्चना धीरान ने कहा कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमन पाल,सुभाष मौर्या,रीना शर्मा,अश्विनी कुमार,अनिल कुमार, अनंत कुमार, स्वामीनाथ, सुनील कुमार, परमवीर सिंह, विशाल, विपिन, वैभव आदि शामिल रहे।

## आस्ट्रिया के सांसदों ने किया ताजमहल का दीदार

**आगरा|** आस्ट्रिया के 17 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल रविवार को आगरा पहुंचा, ताजमहल पूर्वी गेट पर आगरा के मेयर नवीन जैन ने सभी का स्वागत किया और ब्रज के कलाकारों की प्रस्तुतियां की गयीं। ताजमहल और आगरा किला देखने के बाद उन्हें भव्य भोज दिया गया। आस्ट्रिया और भारत मैत्री सम्बन्धों के तहत आस्ट्रिया के 17 सांसद और मतावपोइण प्रतिनिधियों का दल भारत आया है। दिल्ली के बाद पूरे दल को आगरा के ताजमहल और किला घुमाया गया। आगरा के प्रताहम नागरिक मेयर नवीन जैन ने होटल अमरविलास में सभी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनके सम्मुख ब्रज के कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध मयूर नृत्य और फूलों की होली का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद मेयर के साथ सभी ने ताजमहल का दीदार किया और वहां से किले के भ्रमण के लिए गए। दोपहर में उन्हें होटल अमर विलास में भव्य भोज दिया गया। मेयर नवीन जैन ने कहा की सभी को भारतीय संस्कृति के दर्शन कराए जाने के लिए आगरा भेजा गया था। यहां उन्हें विशेष मेहमान नवाजी के साथ भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया गया। इससे दोनों देशों के बीच मैत्री संबंध और बेहतर होंगे। भ्रमण के दौरान आगरा की व्यवस्थाओं के बारे में भी चर्चा की गई और सभी ने यहां की स्वक्षता और सफाई व्यवस्था की तारीफ की।

## गर्मी से बचने के लिए ठंडे पानी का सहारा



**आगरा.** गर्मी अब अपने तेवर दिखाने लगी है। रविवार को ताजमहल घूमने आए पर्यटकों को जब गर्मी सताने लगी तो इससे बचने के लिए उन्होंने ताजमहल के पास बने पानी के कुंड में पैर डालकर राहत पाई। रविवार को छुट्टी होने के कारण यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे थे।

## प्रेमी ने ही गला दबाकर की थी युवक की हत्या

भास्कर न्यूज़ | गोरखपुर

गोरखपुर के गुलरिहा में शुक्रवार रात हुई मजदूर की हत्या उसकी पत्नी के प्रेमी ने की थी। मजदूर उसके पास यह कहने गया था कि उसकी पत्नी से बात न करे। इसके बाद प्रेमी ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर पहले उसे पीटा फिर गला दबाकर हत्या कर दी। वह ठेले पर शटरिंग के पटरे के बीच छिपाकर शव को ठिकाने लगाने जा रहा था। तभी पुलिस आ गई और हत्यारोपी शव को



ठेले पर ही छोड़कर फरार हो गए थे।

गुलरिहा इलाके के सेमरा नंबर एक साईं धाम कॉलोनी में मजदूर विनोद यादव (47) पुत्र लालू यादव रहता था। शुक्रवार शाम वह पत्नी से कहकर गया था कि वह कहीं जा रहा है। उसके पीछे न आए। इसके बाद वह लौटा नहीं। उधर शुक्रवार रात करीब 2 बजे दो व्यक्ति एक ठेले पर शटरिंग के पटरे के बीच शव छिपाकर ले जा रहे थे। इस दौरान कॉलोनी के अरविंद गुप्ता को शक हुआ। उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। जिसके बाद वहां पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस को देखते ही दोनों ठेले पर शव छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ठेले को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से शव ले जाने वालों की पहचान हुई। साथ ही पुलिस ने ठेले के मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। इसके बाद पूरी कहानी सामने आ गई। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पीटने और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हो गई। फिर क्या था पुलिस ने विनोद के भाई कोईल की तहरीर पर पत्नी के प्रेमी उमेश, ठेला मालिक प्रभु और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या, आपराधिक साजिश और साक्ष्य छिपाने की धारा में केस दर्ज किया। प्रभु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य दो आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बहाने से घर बुलाकर महिला से किया रेप

**लखनऊ|** लखनऊ के चिनहट थाना पुलिस ने महिला को प्रेमजाल में फंसाकर रेप करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। महिला की उससे रॉंग काल से पहचान दोस्ती में बदली थी। इसके बाद बीमारी का बहाना बनाकर घर बुलाकर रेप किया। फिर लगातार रेप करने लगा था। दूसरी तरफ, बिजनौर पुलिस ने नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम त्रिपाठी के मुताबिक, शादीशुदा महिला का शारीरिक शोषण करने वाले हमीपुर निवासी अजय को गिरफ्तार किया गया है।

परिजनों का आरोप कि युवती के भाइयों ने की हत्या

## सहारनपुर में उत्तराखंड के युवक की यूपी में हत्या

भास्कर न्यूज़ | सहारनपुर

सहारनपुर के थाना फतेहपुर के भटपुरा में उत्तराखंड के मंडावर में रहने वाले अंकित (23) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक शरीर पर चोट के निशान है। परिजनों को आरोप है कि यूपी के भटपुरा की एक युवती से अंकित का प्रेम प्रसंग चल रहा था। 12 मार्च की शाम को युवती ने फोन कर अपने गांव में अंकित को बुलाया था। 13 मार्च को अंकित का शव उत्तराखंड में एक होटल के पास मिला है। आरोप है कि अंकित के शरीर पर चोट के निशान है। युवक को पीट-पीटकर हत्या की गई है। आरोप है कि फतेहपुर पुलिस लड़की के परिजनों को बचाने का प्रयास कर रही है।

चाचा लक्ष्मी चंद का कहना है कि उनका भतीजा अंकित और भाटपुरा की युवती दोनों आरआर कंपनी में काम करते थे। दोनों में प्रेम प्रसंग चल गया था। हालांकि उनका कहना है कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी। अंकित की कंपनी में काम करने वाले कुछ युवकों ने प्रेम प्रसंग की बात बताई है। आरोप है कि 12 मार्च की शाम छह बजे युवती ने अंकित को फोन कर बुलाया था कि उसके भाई मिलना चाहते हैं। परिजनों को आरोप है कि अंकित को बंधक बनाया गया और पीट-पीटकर हत्या की गई है। अंकित के परिजनों का कहना है कि युवती के परिवार से फोन आया था कि अंकित ने कुछ जहरीला पदार्थ खाया हुआ है। अंकित को अस्पताल लेकर जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि जिस हॉस्पिटल का नाम युवती के परिजनों ने बताया था। उस पर अंकित को लेकर नहीं पहुंचे। करीब एक घंटे इंतजार किया। तभी उत्तराखंड में एक होटल स्वामी का फोन आता है। जिसने फोन पर बताया कि अंकित होटल के पास बेहोश पड़ा हुआ है।



### शरीर पर चोट के निशान

परिजन का आरोप है कि अंकित के शरीर पर चोट के निशान है। नाक से खून भी निकल रहा था। लेकिन पुलिस जहर खाने की बात कहकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। आरोप है कि गांव भाटपुरा के प्रधान का फोन भी आया था। फोन बाइक ले जाने की बात कही थी। परिजन 14 मार्च को एसएसपी से मिलकर मामले से अवगत कराएंगे। परिजनों का कहना है कि यदि बड़े अधिकारियों ने भी बात नहीं बनी तो वह योगी आदित्यनाथ से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**रंगभरी एकादशी** • फल, मेवा और मिश्राम्बु द्वारा तैयार की गई रंगभरी ठंडई से पारंपरिक स्वागत किया गया

## रंगभरी ठंडाई से बारात का हुआ स्वागत, बाबा विश्वनाथ और माता गौरा का गौना कल होगा; काशी में शुरू होगी होली

### बाबा विश्वनाथ व माता पार्वती की गोदी में प्रथम पूज्य गणेश

भास्कर न्यूज़ | वाराणसी

जगत के नाथ बाबा विश्वनाथ रंगभरी एकादशी की पूर्व संध्या पर काशी के टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी के आवास पर बारात लेकर पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ। दूल्हा बने बाबा विश्वनाथ पर ठंडई और गुलाब जल की फुहारें उड़ा कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद फल, मेवा और मिश्राम्बु द्वारा तैयार की गई रंगभरी ठंडई से पारंपरिक स्वागत किया गया। कल यानी रंगभरी एकादशी को बाबा विश्वनाथ गौने के बाद माता गौरा की विदाई कराएंगे और अपने भक्तों के साथ अबीर-गुलाल की होली खेलेंगे। पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी ने बताया कि गौरा का गौना कराने पहुंचे बाबा विश्वनाथ के आगमन पर अनुष्ठान का विधान पं. सुनील त्रिपाठी के अचार्यत्व में संपन्न हुआ। बाबा का अभिषेक करने के बाद वैदिक सूक्तों का घनपाठ किया गया। बाबा विश्वनाथ और माता पार्वती की गोदी में प्रथम पूज्य गणेश की रजत प्रतिमा को सिंहासन पर विराजमान कराया गया। पहले डमरुओं की गर्जना हुई फिर महिलाओं और नगर के कलाकारों ने मंगलकामनाओं से परिपूर्ण पारंपरिक गीत गाए।



### कल ब्रह्म मुहूर्त में शुरू होगी पूजा

डॉ. कुलपति तिवारी ने बताया कि रंगभरी एकादशी पर 14 मार्च को बाबा विश्वनाथ की पूजा ब्रह्म मुहूर्त में उनके आवास पर शुरू होगी। बाबा के साथ माता गौरा की चल प्रतिमा का पंचगव्य और पंचामृत स्नान के बाद दुग्धाभिषेक किया जाएगा। दुग्धाभिषेक पं. वाचस्पति तिवारी और संजीव रत्न मिश्र करेंगे। सुबह 5 से 8:30 बजे तक 11 वैदिक ब्रह्मणों द्वारा षोडशोपचार पूजन किया जाएगा और फलाहार का भोग लगा महाआरती की जाएगी। 10 बजे चल प्रतिमाओं का राजसी श्रृंगार और 11:30 बजे भोग आरती के बाद बाबा का दर्शन आम श्रद्धालुओं के लिए शुरू होगा। जन सामान्य शाम 5 बजे तक दर्शन-पूजन कर सकेंगे। डमरू दल के सदस्यों के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। बाबा की पालकी की शोभायात्रा टेढ़ीनीम से विश्वनाथ मंदिर तक निकाली जाएगी।

अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप





**मंडे पॉजिटिव** **बायो डायवर्सिटी** बोर्ड के अध्ययन और सर्वे में खुलासा- तालाब की जैव विविधता में हो रहा इज़ाफा, जलीय जीव, कीट-पतंगे, फर्न-फ्लोरा की स्थिति पहले से बेहतर

# हमारे बड़े तालाब में 223 तरह के जलीय पौधे, इनमें 103 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुर्लभ

### जब तक तालाब सुरक्षित है तभी तक बना रहेगा इन माइक्रोफाइट्स का वजूद

**भोपाल** | पानी पर तैरते दिख रहे ये फूल-पत्तियां असल में लाखों की संख्या में छोटे-छोटे जलीय पौधे हैं। रामसर साइट भोज वैटलैंड या हमारे बड़े तालाब में 223 किस्म के जलीय पौधे (माइक्रोफाइट) हैं, इनमें से 103 ऐसे हैं जिन्हें इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (यूएनसीएन) ने दुर्लभ घोषित किया है। शहर के विभिन्न विभागों की स्टडी में यह सामने आया है कि वन्य प्राणियों समेत जलीय जीव, कीट- पतंग, फर्न, फ्लोरा आदि की स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हुई है। जैव विविधता बोर्ड की ओर से वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ने भोपाल सिटी की स्टडी के लिए आंकड़े एकत्रित किए हैं। इनका विश्लेषण किया जा रहा है।




**255** कीट-पतंगे अब बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया यानी सीहोर के पास तक हो गए हैं।

### कीट-पतंगों की संख्या भी बढ़ी

साथ ही भोपाल वन मंडल और तिन्सा फाउंडेशन ने भी जलीय जीव और कीट-पतंगों का सर्वे किया है। इसके मुताबिक 2010 में बड़े तालाब और आसपास के इलाके में करीब 220 कीट-पतंगे प्रति वर्ग मी. में थे। 2015 में यह आंकड़ा 200 पर पहुंच गया। बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में खासकर वन विहार से सटे इलाके से लेकर सीहोर के क्षेत्र तक यह संख्या 255 से ऊपर है।



**तालाब के ईको सिस्टम की प्राण है ये वनस्पति...**

भोपाल वन मंडल के डीएफओ आलोक पाठक का कहा है कि भोपाल का फर्न और फ्लोरा भी बेहतर हुआ है। यहां पर चीतल सहित कई शाकाहारी वन्य प्राणियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वन विहार और नगर वन में 25 से अधिक प्रजातियों की तितलियों की पहचान की गई। भोपाल बर्ड संस्था के मोहम्मद खालिक ने बताया कि 2021-22 की गणना में 208 प्रजाति के पक्षी पाए गए।

**स्टडी का विश्लेषण**

### एक्वेटिक एनिमल की गतिविधियां बढ़ीं

बीयू के लिम्नोलॉजी विभाग के एचओडी विपिन व्यास ने बताया कि बीयू रामसर साइट भोज वेटलैंड के लिए स्टडी कर रहे हैं। यहां एक्वेटिक एनिमल की गतिविधियां बढ़ी हैं। भोपाल वन मंडल द्वारा कराए गए सर्वे में जलीय जीव और पक्षियों की संख्या पहले की तुलना में बढ़ी है। भोपाल में 24 मगरमच्छ और 87 प्रजाति के जलीय प्रजाति के पक्षी दिखाई दिए हैं।

### डब्ल्यूडब्ल्यूआई कर रहा एनालिसिस

जैव विविधता बोर्ड के अधिकारी बकुल लाड़ ने बताया कि है कि बोर्ड की ओर से डब्ल्यूडब्ल्यूआई द्वारा भोपाल की जैव विविधता पर की जा रही स्टडी का अभी विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि आंकड़े एकत्रित करने वाली टीम का कहना है कि जैव विविधता की दृष्टि से भोपाल की स्थिति पहले से बहुत बेहतर हुई है।

---

**महादेव स्थान घाट पर कोहराम** • तैरने की कोशिश में गहरे पानी में गया, तीन किशोरों को स्थानीय लोगों ने बचाया

# मोकामा में गंगा में नहा रहे थे छह दोस्त, एक डूबने लगा तो उसे बचाने में तीन की गई जान

सिटी रिपोर्टर | मोकामा

गंगा स्नान के दौरान रविवार की सुबह 10 बजे तीन दोस्तों की डूबकर जान चली गई। यह घटना मोकामा थाना के अंतर्गत महादेव स्थान गंगा घाट पर घटी। मृतकों में मोकामा नगर परिषद के सकरवार टोला निवासी गोपाल सिंह का 16 वर्षीय पुत्र हर्षराज, स्व. अजय सिंह का 17 वर्षीय पुत्र रॉमी और गणेश महतो का 17 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार शामिल है। जानकारी के मुताबिक, एक ही मुहल्ले के छह दोस्त स्नान करने गए।

इस बीच तैराकी के क्रम में रॉमी गहरे पानी में जाकर डूबने लगा, उसे बचाने के प्रयास में अन्य पांचों भी डूबने लगे। चीख-पुकार की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने तीन किशोरों को तो किसी तरह बाहर निकाल लिया। जबकि, तीन अन्य गहरे पानी में समा गए।


**एसडीआरएफ की टीम ने बरामद किए शव :** इस घटना के बाद मुहल्ले में कोहराम मच गया। लोग दौड़ते-भागते गंगा तट पहुंचे। वहीं लापता तीनों दोस्तों की तलाश शुरू की। इस बीच घटना की सूचना मिलते ही सीओ ज्ञानानंद के साथ स्थानीय पुलिस भी पहुंची। वहीं मामले की छानबीन शुरू की। नाविक व गोताखोरों को शव बाहर निकालने के लिए लगाया गया। लेकिन दो घंटे बीत जाने के बाद भी नतीजा सिफर रहा। तब जाकर सिमरिया घाट से एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई। वहीं तकरीबन आधे घंटे मशक्कत के बाद रॉकी व सूरज के शव बरामद कर लिए गए। बाद में रॉमी के शव की भी बरामदगी कर ली गई। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा के घटते जलस्तर को लेकर गहरे पानी का अंदाजा नहीं लग सका, जिसको लेकर यह घटना घटी।

**घटते जल स्तर से गहरे पानी का अंदाजा नहीं लगा**





सूरज (फाइल फोटो)



हर्ष राज (फाइल फोटो)



ऋतिक उर्फ रामी (फाइल फोटो)

### नहाने के दौरान युवक गंगा में डूबा, लापता

**फतुहा** | स्थानीय कटैया घाट पर रविवार की सुबह गंगा में नहाने के दौरान एक 25 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया तथा लापता हो गया। जानकारी होते ही परिजन कटैया घाट पहुंचे, जहां युवक का कपड़ा गंगा किनारे घाट पर पड़ा हुआ था। कपड़े को देख परिजनों ने युवक के गंगा में डूबने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुला उसकी गंगा में तलाश कराई लेकिन कुछ पता नहीं चला। गंगा में डूबे युवक की पहचान बांकीपुर गोरख गंज पर निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार के रूप में हुई है। हालांकि पुलिस गंगा में उसकी तलाश के लिए अपने स्तर से भी जुटी हुई है। घटना के बाद से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है।

### फौज में भर्ती होना चाहते थे तीनों

**मोकामा** | मोकामा में स्नान के दौरान काल के गाल में समाये तीनों किशोर फौज में भर्ती होना चाहते थे। लेकिन, होनी को कुछ और ही मंजूर था। गंगा की तीव्र धारा ने पलभर में तीनों को लील लिया। इस घटना को लेकर कोहराम मच गया। मौके पर मौजूद लोगों को इस बात का अफसोस था कि वे डूब रहे छह किशोरों में तीन की ही जान बचा सके। इस घटना के बाद मुहल्ले के हर लोग के कदम गंगा तट की ओर बढ़ रहे थे। बाहर निकाले जाने के बाद लोग शवों को लेकर अस्पताल पहुंच गए। उम्मीद थी कि शायद उनकी जान बच जाए। लेकिन, डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**एक साथ बुझ गया दो घरों का इकलौता चिराग**

मृत हर्षराज और रितिक उर्फ रॉमी इकलौता पुत्र थे। छात्र हर्षराज मैट्रिक का रिजल्ट आने को लेकर काफी उत्साहित था। पेशे से किसान गोपाल सिंह को पुत्र से काफी उम्मीद थी। स्थानीय लोगों का कहना था कि हर्षराज के भाई चाहत की पहले ही मौत हो चुकी है। अब दूसरे भाई हर्ष की भी जान जाने के बाद माता-पिता बेसुध होकर गिर पड़े। लोग उन्हें ढांढस बंधाने का हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। इंटर के छात्र रितिक उर्फ रॉमी के खोने के गम में उसकी मां नीतू सिंह बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद महिलाएं किसी तरह उन्हें पुत्र के जिंदा होने का दिलासा दे रही थी। रॉमी के पिता की मौत पिछले वर्ष बीमारी से हो गई थी। उसकी मां को अब रॉमी ही एक सहारा था। वहीं इंटर का छात्र सूरज दो भाइयों में बड़ा था, जिसको लेकर अपने परिवार की जिम्मेवारी भी उसपर थी। उसके पिता गणेश महतो अस्पताल में भर्ती हैं। इधर, बेटे की हादसे में जान चली गई। ग्रामीणों ने बताया बच्चे प्रत्येक दिन गंगा नदी स्नान करने जाते थे। लेकिन, अचानक गंगा के जलस्तर में कमी आ जाने पर उन्हें गहरे पानी का अंदाजा नहीं लग सका।

---

# ट्रांसजेंडर्स और महिलाओं के लिए बनेगा विशेष शौचालयः उपाध्याय

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) नई दिल्ली क्षेत्र में महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स समुदाय को मूलभूत सुविधाओं के रूप में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवा रहा है। जहां ट्रांसजेंडर्स के लिए विशेष शौचालय बनेंगे, वहीं महिलाओं के लिए पिंक शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इसकी घोषणा एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने रविवार को की।

उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस अनूठी परियोजना को एनडीएमसी द्वारा शुरू किया जा रहा है जोकि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स को सार्वजनिक स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं की आजादी का एहसास करवाएगा। इससे सार्वजनिक स्थान



पर झिझक से सार्वजनिक शौचालयों को खोजना, महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए समस्या नहीं रहेगी। उनकों इस प्रकार की मुक्ति दिलवाने के लिए एनडीएमसी का आजादी से भरा एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि अभी तक महिलाओं के लिए 5 पिंक शौचालय बनाए जा चुके हैं जोकि एलआईसी-पार्लियामेंट स्ट्रीट, सुपर बाजार-आउटर सर्किल के समीप, फैक्ट्री रोड-सफदरजंग हॉस्पिटल, बी एवेनयु-सरोजिनी नगर, सफदरजंग हॉस्पिटल निकट रामगढिया धर्मशाला आदि स्थानों पर हैं।

---

लक्षद्वीप की प्रफुल पटेल ने कर दिया कायाकल्प

# केजरीवाल लक्षद्वीप चलकर देखें क्या होती हैं वर्ल्ड क्लास सुविधाएंः बिधूड़ी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भाजपा नेता ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपने खर्च पर लक्षद्वीप चलने के लिए आमंत्रित किया है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा प्रफुल पटेल दिल्ली के अगले उपराज्यपाल बनाने की भविष्यवाणी करने पर कहा है कि केजरीवाल एक बार लक्षद्वीप जाकर वहां का विकास देखें। उन्होंने कहा कि पटेल ने लक्षद्वीप के साथ दादरा और नगर हवेली के प्रशासक के रूप में वहां की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। बिधूड़ी ने कहा कि प्रफुल पटेल ने लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली के प्रशासक के रूप में इस केंद्रशासित प्रदेश को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से सराबोर कर दिया है जहां 33 फीसदी आबादी आदिवासियों की है। अब तक यह इलाका बहुत ही पिछड़ा हुआ माना जाता था। उन्होंने स्कूल, डिस्पेंसरी, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, सड़क और रोजगार की इतनी अधिक सुविधाएं उपलब्ध करा दी हैं कि महाराष्ट्र जैसे राज्य के लोग वहां आकर इन सुविधाओं का लाभ उठाते हैं।

---

# ई-ऑटो की खरीद और रजिस्ट्रेशन हुआ अब और आसान, केजरीवाल सरकार ने लॉन्च किया पोर्टल

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक ऑटो की खरीद और रजिस्ट्रेशन के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल 'माई ईवी' लॉन्च किया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत ऋण पर ई-ऑटो की खरीद पर पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान भी प्रदान करेगी। दिल्ली इस तरह की सुविधा प्रदान करने वाला पहला राज्य बन गया है। सरकार ने वेबसाइट https://www.myev.org.in विकसित करने के लिए कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ करार किया है। बयान में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक ऑटो पर दी जाने वाली ब्याज दर अनुदान 30,000 रुपए के खरीद प्रोत्साहन पर 25,000 रुपए का अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान करेगी। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल लोगों को स्वीकृत वाहनों के कई विकल्प प्रदान करेगा, साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि उन्हें एक सहज स्वचालित चैनल के माध्यम से अपने ऋण पर ब्याज अनुदान प्राप्त हो।

---

# अस्पतालों में कलर कोडिंग से होगा आंखों का ऑपरेशन

भास्कर न्यूज | भोपाल

अब किसी भी अस्पताल में दायीं की बजाय बायीं या बायीं की बजाय दायीं आंख का ऑपरेशन न हो जाए, इसके लिए एनएचएम ने स्थायी हल ढूंढ़ लिया है। जल्द ही मप्र के सभी आंखों के हॉस्पिटल में कलर कोडिंग की जा सकती है। इसमें दायीं आंख के लिए हरे, बायीं के लिए लाल और दोनों आंखों के लिए भूरे रंग की यूनिफॉर्म होगी। यानी जिस आंख में तकलीफ है, फेकल्टी उसी कलर की यूनिफॉर्म पहनकर इलाज करेगी, ताकि याद रहे कि किस आंख में दिक्कत है। एनएचएम के डायरेक्टर डॉ. पंकज शुक्ला ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

---

# नुक्कड़ नाटक बंदरबांट में दिखी कमीशन की कहानी

सिटी रिपोर्टर | खगौल

संपूर्ण कल्याण विकास समिति, खगौल के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक में ज्ञानी प्रसाद द्वारा लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक बंदरबांट की प्रस्तुति खगौल के डाकबंगला बाजार परिसर में की गई। नाटक की शुरुआत इंद्रजीत गोस्वामी लिखित गीत बंदरबांट के चलल अभियान भैया हो, हम कैसे जीहीं, व्यवस्था भइल दुई फांठ, भइया हो हम कैसे जिहीं से हुई। इसका गायन देवानंद, अनिल मंडल एवं साथियों ने किया। नाटक के एक दृश्य में नगर के अधिकारी और सक्षम जनप्रतिनिधि कमीशन उगाही के लिए गहन चर्चा करते हैं और फाइनल यह होता है कि नगर में सफाई के लिए एक एजेंसी हायर की जाए।

## नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सिटी रिपोर्टर | फुलवारीशरीफ

सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक में महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं निर्देशित पर्यावरण को न हो नुकसान, ऐसे करें होलिका दहन की प्रस्तुति वाल्मी स्थित आशीष मार्केट, फुलवारीशरीफ में की गई। नाटक की शुरुआत हृदय नारायण झा द्वारा रचित तथा सौरव राज के स्वरबद्ध गीत सांस के रोग वायु प्रदूषण से बढ़े हैं, आज है सोचना



जरा क्यों प्रदूषित हुआ, सोचकर इस तरफ हाथ अपना बढ़ाना सभी... से की गई। नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि होलिका दहन हमारी संस्कृति का प्रमुख त्योहार है।

---

**यह बदलाव अच्छा है...** • नगर निगम के मैकेनिकल इंजीनियर ने सवा साल में नवाचारों से बदल दी वर्कशॉप की तस्वीर

# भानपुर खंती से गायब हुई कबाड़ पोकलेन को 10 लाख में रिपेयर कर सफाई में लगाया; 1 साल में ऐसी 4 पोकलेन 19 लाख में ठीक की; निगम के 3 करोड़ 15 लाख रुपए बचाए

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

फर्जी फाइलें बनाने और वाहनों को बिना किसी कारण के बार-बार रिपेयर करने के लिए बदनाम नगर निगम वर्कशॉप का चेहरा बदल रहा है। सवा साल पहले वर्कशॉप में सहायक यंत्री पदस्थ किए गए चंचलेश गिरहारे ने यहां की पूरी कार्यप्रणाली को बदल डाला है। 2 दिन से पातरा नाले की सफाई में लगी पोकलेन वही है, जो भानपुर खंती से गायब हो गई थी। 80 लाख की इस मशीन को चंचलेश ने खोज निकाला और 3 महीने में इसे सिर्फ 10 लाख रुपए में रिपेयर भी कर दिया। पिछले सवा साल में यह चौथी पोकलेन है, जिसे चंचलेश ने रिपेयर किया है। 3 मशीनें तो एक साल से काम कर रहीं हैं। इससे निगम के किराए पर हर साल खर्च होने वाले 2 करोड़ बच रहे हैं। यदि इन चारों मशीनों को खरीदा जाए तो इनकी कीमत 3.15 करोड़ रुपए होती है।

### सबसे पहले कोटेशन पर काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई



*सवा साल पहले वर्कशॉप के सहायक यंत्री का प्रभार लेने के बाद मैकेनिकल इंजीनियर चंचलेश गिरहारे ने सबसे पहले कोटेशन के आधार पर काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगा दी। यह 25-25 हजार रुपए की फर्जी फाइलें बनाने का जरिया बन गया था। इसके साथ वर्कशॉप में पड़े कबाड़ का वैल्यूएशन कराया और उसे केंद्र सरकार की संस्था एमएसटीसी के माध्यम से 1.25 करोड़ रुपए में बेचा।*

**भानपुर से गायब हुई पोकलेन अब पातरा नाले की सफाई में लगी**



पहले



अब

### ऐसे रिपेयर कीं एक के बाद एक चार मशीनें

चंचलेश ने सबसे पहले आदमपुर छावनी में पड़ी एक मशीन को सिर्फ 3 लाख रुपए में सुधारा। यह कोलार में नाला सफाई में लगी है। फिर लेंडिया तालाब में पड़ी एक और मशीन को भी 3 लाख रुपए में सुधारा, यह भी कोलार में ही नाला सफाई में लगी है। फिर आदमपुर छावनी में ही कचरे में दबी एक और पोकलेन निकाली और वह भी 3 लाख रुपए में रिपेयर हो गई। इसी बीच चौथी की खोज जारी रही। पता लगा कि एक प्राइवेट वर्कशॉप में रिपेयर के लिए गई थी और वहीं पड़ी हुई है। मशीन को वहां से उठवाया और 3 महीने के भीतर इसे रिपेयर कर दिया गया।

### टायर रिमोल्डिंग और बैटरी रिपेयर भी शुरू होने वाली है

नगर निगम कमिश्नर वीएस चौधरी कोलसानी बताते हैं कि चुपचाप अपने काम में लगे रहने वाले चंचलेश ने वर्कशॉप में कई बदलाव किए हैं। निगम हर साल दो करोड़ रुपए के नए टायर खरीदता है। केवल 25 लाख रुपए से टायर रिमोल्डिंग मशीन लग गई है। 50 लाख रुपए में टायर रिमोल्ड हो जाएंगे, यानी डेढ़ करोड़ की सीधी बचत। इसके अलावा हर साल एक करोड़ रुपए से अधिक की की बैटरी खरीदी जाती हैं। 10 लाख में बैटरी रिपेयरिंग यूनिट भी शुरू होने वाली है। इससे एक करोड़ की बचत होगी।

---

**अवैध कॉलोनी...** प्रक्रिया में धांधली की आशंका

# 209 पुरानी कॉलोनी की लिस्ट में शामिल हुईं 3 नई कॉलोनियां

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

अवैध कॉलोनियों के नियमितिकरण में धांधली की आशंका नजर आ रही है। नगर निगम ने पुरानी 209 अवैध कॉलोनियों में से जिन 77 कॉलोनियों के नियमितिकरण की प्रक्रिया शुरू की है, उनमें 3 कॉलोनियां ऐसी हैं, जो मूल सूची में शामिल नहीं थीं। नगर निगम ने शनिवार को 209 कॉलोनियों में से 77 के नियमितिकरण की प्रक्रिया शुरू करने से पहले दावे और आपत्ति बुलाए हैं। नगर निगम द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूची में 66वें नंबर पर जानकी नगर, 67वें पर खसरा नंबर 12 अकबरपुर कोलार रोड और 70वें नंबर पर रुसल्ली में विनायक कृति कॉलोनी शामिल हैं। आरटीआई कार्यकर्ता अजय पाटीदार के पास निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई 209 अवैध कॉलोनियों की सूची में यह तीनों कॉलोनियां नहीं हैं। ऐसे में इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता कि यह कॉलोनियां 2016 के बाद बनीं हैं और निगम इन्हें नियमित करने जा रहा है, जो कि नियमानुसार संभव नहीं है। यही नहीं, 209 अवैध कॉलोनियों की सूची में भी गड़बड़ियां हैं। इस सूची में 40, 41, 42 और 53 नंबर पर कॉलोनी के नाम की बजाय एरिया का नाम लिखा हुआ है। भू माफिया इसका फायदा उठाकर इन क्षेत्रों में नई अवैध कॉलोनियों को भी नियमितिकरण की सूची में शामिल करा सकते हैं।

पाटीदार ने कहा कि वे आपत्ति दर्ज कराएंगे। निगम के चीफ सिटी प्लानर नीरज आनंद लिखार ने इस संबंध में कॉल और मैसेज का जवाब नहीं दिया।

## अनंत ऊर्जा



**डॉ. ज्ञानवत्सल स्वामी**
प्रेरक वक्ता

**सूर्योदय के साथ नयापन लिए एक नया दिन मिलता है। मानो 86400 रु... सरल शब्दों में 86400 सेकंड का दिन होता है ।इसे कैसे श्रेष्ठता-उन्नति-संतोष और कल्याण में बिताएं- इसके लिए बुद्धि शक्ति, कला-कौशल, अनुभव और उत्साह भी सबको दिया है। व्यक्ति के पास क्षमता है भविष्य का विचार करने की। पर वह अतीत के अफसोस में वर्तमान व्यर्थ कर रहे हैं।**

# रोज के समय का सार्थक निवेश करें

बीता हुआ कल इतिहास है जिस पर अब हमारा कोई वश-अधिकार नहीं है। बीत चुके वक्त को लेकर मन मसोसने से कुछ फल मिलना नहीं है। इसी तरह आने वाला कल रहस्यमय है जिसे कोई जान नहीं सकता। मतलब ये कि हमारे हाथ में सिर्फ वर्तमान ही है। वर्तमान अर्थात इसी क्षण में जीवन जीना, जीने की कमाई और असली विधा है। बाकी, भविष्य में क्या होगा? यह चिंता वर्तमान को भी चपेटे में ले लेती है। भविष्य तो हाथ से निकलता ही है अमूल्य मौजूदा क्षण की जीवंतता भी गंवा बैठते हैं हम।

भटकाव हम मनुष्यों की मनोवृत्ति का सहज लक्षण है। मन जहां-तहां भटकता रहता है और ऐसा अस्थिर मन दीर्घकाल में विफलता, हताशा और दुःख का कारण बनता है। ऐसे अस्थिर मन का मनुष्य के सुख-दुःख पर क्या और कैसे असर होता है? इसको लेकर हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक मैथ्यू किलिंग्सवर्थ और डैनियल गिलबर्ट ने साल 2010 में एक सर्वेक्षण निष्कर्ष साझा किया। इसमें 83 देशों से 18 से 88 आयुवर्ग के पांच हजार लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण के क्रम में लोगों से अलग-अलग समय पर तीन सवाल पूछे गए। पहला, आप अभी कैसा अनुभव कर रहे हैं। दूसरा, आप अभी क्या कर रहे हैं और तीसरा- जो आप अभी कर रहे हैं उस कार्य के अलावा आपके मन में कोई अन्य विचार हैं?

सर्वेक्षणकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मानव मन अस्थिर है। भटकता रहता है और ये भटकाता मन दुःख का कारण है।



वर्तमान पल में रहने की तीन तरकीबें हैं। इर्दगिर्द की अच्छी बातों पर गौर करें। दूसरा उदार बनें और माफ करें। तीसरी तरकीब है ईश्वर और संतों पर ध्यान लगाएं, इससे मन स्थिर होता है।

हम अपने समय का कम से कम 50 प्रतिशत से अधिक वक्त हमारे आसपास और चहुंओर के वातावरण, क्रिया-कलाप से सरोकार न रखने वाले विचारों में उलझ कर बिताते हैं। कमोवेश, दिन में सपने देखने की यह प्रवृत्ति अधिकांश समय अर्थहीन साबित होती है, इन सपनों से कोई सुख भी नहीं महसूस होता। सर्वेक्षणकर्ताओं को यह भी जानने को मिला कि जो लोग मौजूदा क्षण-वर्तमान में जो भी क्रिया करते हैं, उसी में एकाग्र-डूबे रहते हैं उनके सुखी-संतुष्ट होने का प्रमाण अन्य लोगों के मुकाबले बहुत अच्छा नजर आया। संक्षेप में बात सिर्फ इतनी भर है कि जीवन मौजूदा क्षण में इसी पल ही जीना है,वह भी पूरी आशा-उत्साह और प्रमाणिकता से।

लगातार भटकते मन को वर्तमान पर केन्द्रित करना एक चुनौती जरूर है लेकिन यह असंभव नहीं है। शोधकार्य के दौरान ध्यान में आई तरकीब इसमें मददगार है। ये तरकीब है- इर्दगिर्द जो अच्छी बातें-चीजें पर गौर करें। फिर गौर करने की अवधि को धीरे-धीरे बढ़ाएं। ऐसा करने से आप वर्तमान में केन्द्रित हो जाते हैं। दूसरा पहलू है कि उदार बनें। सहृदयता के साथ दूसरों को माफ करें। आपके मन में यदि किसी दूसरे के लिए द्वेष, घृणा-नफरत होगी तो मन ऐसे ही नकारात्मक विचारों में उलझकर अस्तव्यस्त रहेगा। फलतः आप वर्तमान में नहीं ठहर सकेंगे। तीसरा पहलू है जिसकी सीख प्रमुख स्वामी महाराज देते हैं कि भगवान और संत स्थिर हैं, उनमें मन लगाने से स्थिरता आती है।

सरल शब्दों में समझिए कि भगवान में श्रद्धा और प्रार्थना से हम वर्तमान में केन्द्रित होते हैं- जीवन की अमूल्य सौगात से निहाल होते हैं। आज का अच्छा दिन सार्थक-सफल आने वाले कल को आमंत्रित कर लाता है। इसी क्रम में अच्छा भविष्य और सफल जीवन आकार लेता है। बस यही ध्यान रखना है कि भगवान हमें हर दिन 86400 रुपए देता है, हमें इस धनराशि का उपयोग उसी दिन में सार्थकता में करना है। श्रेष्ठता में करके वर्तमान में अपनी स्थिति को पक्का कर आनंददायक जीवन का खजाना पाना है।

**प्रेरणा** | **हम धर्म और चिंतन के बिना भी रह सकते हैं, लेकिन मानवीयता के बिना नहीं रह सकते। - दलाई लामा**

## पॉजिटिव ब्लॉग

-अजहर मकसूसी, सोशल वर्कर, हैदराबाद

# दस साल से रोजाना हजारों का पेट भर रहे

- **हैदराबाद में दो जगह, देश में दस स्थानों पर रोज मुफ्त खाना खिला रहे।**
- **लंदन का कॉमनवेल्थ पॉइंट्स ऑफ लाइट अवॉर्ड प्राप्त हो चुका है।**



भूख...? आपमें से कितने लोगों ने भूख का दर्द सहा है। मैं ये सवाल इसलिए कर रहा हूं ताकि आप देश के उन 20 करोड़ से ज्यादा लोगों की तकलीफ को थोड़ा महसूस कर पाएं। हां, आज भी रोज रात को इन लोगों को खाना नसीब नहीं होता। मैं खुद कभी इस दर्द से गुजरा हूं। दो-दो दिन भूखा सोता था। चार बरस का था, तब पिता गुजर गए थे। चार भाई, दो बहनों का परिवार किसी तरह गुजारा कर पाता। नाना की मदद से एक वक्त का पेट भर पाता। दावतों का आठ-आठ दिन पहले से इंतजार करता कि पेट भर खाना खा सकूं। 2012 की बात है। स्टेशन किनारे एक मूक-बधिर महिला को दर्द से तड़पते देखा, एक पल में समझ गया कि ये रोटी की तड़प है। दौड़कर खाना खरीदा और खिलाया। उस दिन मेरे अंदर कुछ टूट सा गया। जीवन फ्लैशबेक में चलने लगा। ठान लिया कि जितना मुमकिन हो, लोगों का पेट भरूंगा। अगले रोज पत्नी से खिचड़ी बनवाकर स्टेशन और फ्लाइओवर के नजदीक कुछ लोगों का पेट भरा। फिर यह नियम बन गया।

मैं हैदराबाद में प्लास्टर ऑफ पेरिस का काम करता हूं, आज भी किराए के घर में रहता हूं। उस समय सोचा नहीं था कि कैसे होगा। बस जुट गया। शुरुआत में 100 लोगों को दबीरपुरा फ्लाइओवर के नीचे खाना खिलाना शुरू किया। इसके लिए अपनी जमापूंजी और कमाई खर्च करने लगा। भरोसा था कि नेक काम में ऊपर वाला जरूर मदद करेगा। आज सोशल मीडिया और लोगों के सहयोग से हैदराबाद में दबीरपुरा के अलावा गांधी हॉस्पिटल सिकंदराबाद के बाहर रोज लगभग 1500 लोग खाना खाते हैं। 'हंगर हैज नो रिलीजन' की मुहिम देश के दस शहरों में चल रही है। हम रोज दो हजार लोगों का पेट भर रहे हैं।

आज जब लोगों को बहते आंसुओं के साथ खाना खाते हुए देखता हूं, तो मेरी कोरें भी भीग जाती हैं। लोग जाते-जाते आशीर्वाद देकर जाते हैं। किसी का पेट भरने का संतोष सबसे बड़ा होता है। पिछले छह साल से 'दो रोटी कैंपेन' चला रहा हूं। मकसद सिर्फ इतना है कि लोग जब भी घर से निकलें, लंच में साथ दो अतिरिक्त रोटी लेकर निकलें। ताकि किसी जरूरतमंद को खिला सकें। इसके लिए आपको बस इच्छाशक्ति चाहिए। किसी का पेट भरकर देखिए, आपका मिला सुकून अनमोल होगा।

**- फोन पर हुई बातचीत पर आधारित**

## खुली खिड़की

**इस हफ्ते, बात टेड टॉक से...**

मनोवैज्ञानिक डैन गिलबर्ट कहते हैं कि हम अकसर इस बात को समझने में भूल कर जाते हैं कि हमें किस चीज से खुशी मिलती है। यह ठीक उसी तरह है, जैसे कोई ऑप्टिकल इल्यूज़न हमें भ्रम में डाल देता है, और हम उसे सच माने चले जाते हैं। वास्तव में हमारा दिमाग सिस्टेमैटिक तरीके से हैपीनेस को मिसजज करता है। उन्होंने इस विषय पर रिसर्च की है, टॉक्स दी हैं और एक किताब भी लिखी है, जिसका शीर्षक है- 'स्टम्बलिंग ऑन हैपीनेस'। उनकी चर्चित टेड टॉक 'द सरप्राइजिंग साइंस ऑफ हैपीनेस' भी इसी के इर्द-गिर्द घूमती है...

# खुशी चाहते हैं तो अपने मन के इम्यूनिटी सिस्टम को समझिए

### हैपीनेस के मायनों को अच्छे-से समझें...

दो तरह की हैपीनेस होती हैं- नेचरल हैपीनेस और सिंथेटिक हैपीनेस। नेचरल हैपीनेस हमें तब मिलती है, जब हमें वो मिलता है, जो हम चाहते हैं। सिंथेटिक हैपीनेस हमें तब मिलती है, जब हमें जो मिला है, उसे हम पसंद करना सीखते हैं। समाज मानता है कि सिंथेटिक हैपीनेस नेचरल हैपीनेस की तुलना में कमतर होती है, जबकि सच्चाई यह है कि दोनों समान हैं। वास्तव में हर कोई हैपीनेस को सिंथेटाइज़ करने में सक्षम होता है, लेकिन जहां अलग-अलग तरह की चीजों को चुनने की आजादी से नेचरल हैपीनेस मिलती है, वहीं सिंथेटिक हैपीनेस इससे ठीक विपरीत है।

### हमारे मनोविज्ञान का इम्यून सिस्टम...

शरीर की तरह मन का भी एक इम्यून सिस्टम होता है, जो हमें हताशा और अवसाद में जाने से रोकता है। यह साइकोलॉजिकल इम्यून सिस्टम तब सबसे अच्छी तरह से काम करता है, जब हमारे पास नपे-तुले विकल्प ही होते हैं। प्रेम-संबंधों और विवाह-संबंधों को देखिए। प्रेम-संबंध जब नए होते हैं, तब गलती करने पर आपको जज किया जा सकता है। लेकिन विवाह-संबंध में गलतियों को स्वीकारा जाता है और उसके मानवीय पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जाता। वैसा इसलिए होता है क्योंकि हम एक लॉन्ग टर्म कमिटेड रिलेशनशिप में अपनी खुशियों को नए सिरे से परिभाषित करते हैं।



**टेड टॉक : द सरप्राइजिंग साइंस ऑफ हैपीनेस**
स्पीकर : डैन गिलबर्ट, हार्वर्ड साइकोलॉजिस्ट, मोटिवेशनल स्पीकर और हैपीनेस एक्सपर्ट

### अपनी पसंद को ओवररेट न करें...


इसका यह अर्थ नहीं है कि हमारी कोई पसंद नहीं होनी चाहिए। लेकिन समस्या तब आती है, जब लोग अपनी पसंद को ओवररेट करने लगते हैं। जब हमारी महत्वाकांक्षाएं सीमित होती हैं तो हम खुशी से काम करते हैं। जब वे असीमित होती हैं तो हम झूठ बोलते हैं, चीट करते हैं, हर्ट करते हैं। हमें बेपरवाह होने के बजाय थॉटफुल होना चाहिए, क्योंकि उसमें ही सच्ची खुशी है।

## नो निगेटिव रोल मॉडल

**निकोला टेस्ला , इनोवेटर**

**सीख :** अलग सोच रखने से हिचके नहीं

**278** पेटेंट्स अपने इंवेंशन के लिए कराए



### भविष्य की कल्पनाशीलता...

हमेशा लीक से हटकर सोचा और समय से आगे के विचारों को लोगों के सामने रखने का कभी हिचके नहीं, रिजेक्शन से निराश नहीं हुए।

**टेस्ला 19वीं सदी में तब आल्टरनेटिंग करेंट और रिन्यूएबल एनर्जी के बारे में सोच रहे थे, जब फॉसिल फ्यूल से आगे किसी की सोच नहीं जा सकी थी**

हर सप्ताह नया नो निगेटिव रोल मॉडल

© **The New York Times**

अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर सोमवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

## यूरोप में हाई अलर्ट

**रूस के राष्ट्रपति पुतिन की धमकी के बाद कई देश बचाव की तैयारी में जुटे**

# परमाणु हमले के डर से बंकर बन रहे, रेडिएशन रोधी दवाओं की बिक्री बढ़ी

जेसन होरोविट्ज | बागनोलो सेन विटो , इटली

**उत्तर** इटली में एक व्यस्त बाजार के पास वेयरहाउस में कुछ कामगार परमाणु हमले से बचाव के लिए बंकर बनाने में जुटे हैं। रेडियो एक्टिव कणों, नर्व गैस और अन्य रासायनिक, जैविक तत्वों की सफाई करने वाले भूमिगत एयर फिल्ट्रेशन सिस्टम को दिखाते हुए गुइलियो केविचिओली कहते हैं, हमारा काम बहुत अधिक बढ़ गया है। पिछले 22 वर्षों में उनकी कंपनी-माइनस एनर्जी ने 50 बंकर बनाए हैं। लेकिन, पिछले दो सप्ताह में उनके पास बंकर बनाने के संबंध में 500 कॉल आ चुके हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी देने के बाद दो विश्व युद्ध झेल चुके यूरोप में परमाणु विनाश की आशंकाएं पुनर्जीवित हो गई हैं।

वायरस महामारी के बीच यूरोप में दो साल तक हाई अलर्ट की स्थिति रही। अब बचाव के लिए मास्क, वैक्सीन और लॉकडाउन की जगह बंकरों, रेडिएशन से बचाव के लिए आयोडीन की गोलियों और परमाणु हवाई हमले के सायरनों ने ले ली है। स्वीडन, बेल्जियम से लेकर ब्रिटेन तक यूरोप की नई पीढ़ी एटमी युद्ध की छाया महसूस कर रही है। फौजी तैयारी को नया रूप दिया जा रहा है। जान बचाने के दिशानिर्देश देने वाली गाइड और शरण स्थल सामने आ गए हैं। नाटो की न्यूक्लियर डिफेंस फोर्सेस के पूर्व कमांडर हामिश ब्रेटन गोर्डन कहते हैं, सोवियत संघ का पतन होने के बाद हम सब बेफिक्र होकर सो रहे थे। अब हमें तैयार रहना है।

रूस के निकट स्थित देशों ने तैयारियों के संबंध में विचार शुरू कर दिया है। रूस की पश्चिमी सीमा से लगे फिनलैंड में वर्षों से उच्च स्तरीय सतर्कता बरती जा रही है। वहां लगातार शरणस्थल बन रहे हैं। सुरक्षा कमेटी के महासचिव पेत्री टोइवोनेन बताते हैं, इस समय हमारे यहां 50 हजार शेल्टर तैयार हैं। स्वीडन में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सिस्टम का परीक्षण हो रहा है। लोगों को बीस पेज की गाइड बांटी गई है जिसमें जरूरी सामान जुटाने और आश्रय लेने की जगह का ब्योरा है।

बंकरों के अलावा परमाणु हमले से सुरक्षा के लिए आयोडीन की गोलियों का उपयोग होता है। ये थायरॉयड में रेडिएशन रोकती हैं और कैंसर से बचाती हैं। बेल्जियम में देश का आई कार्ड रखने वाले हर व्यक्ति को आयोडीन की गोलियां मुफ्त दी जा रही हैं। फार्मासिस्ट यूनियन के एक अधिकारी माइकेल स्टॉर्म ने बताया, पिछले सोमवार को देश की फार्मेसियों ने गोलियों के तीस हजार बक्से बांटे। नीदरलैंड और फिनलैंड में भी मांग उछाल पर है। इटली में आयोडीन आधारित विटामिन की गोलियों की जमकर बिक्री चल रही है। रोम में दवा व्यापारी स्टीफानो फ्रांसेसिनी ने बताया, लोग विटामिन की ऐसी टेबलेट ज्यादा खरीद रहे हैं जिनमें आयोडीन की थोड़ी मात्रा होती है।



बंकर बनाने वाली कंपनी माइनस एनर्जी के प्रमुख गुइलियो केविचिओली के पास बंकर बनाने के ढेरों कॉल आते हैं।

### अमीरों के साथ सामान्य लोग भी बंकर खरीद रहे

बंकरों और शेल्टर की मांग केवल अमीर लोगों तक सीमित नहीं है। हवा साफ करने वाले सिस्टम से जुड़े लग्जरी बंकर बनाने वाली फ्रेंच कंपनी आर्टेमिस प्रोटेक्शन के फाउंडर मैथ्यू सिराने बताते हैं, पहले केवल अमीर लोग ही बंकर लेते थे। अब सामान्य लोगों की मांग बढ़ी है। उनके पास 300 कॉल आ चुके हैं। वे एक बंकर एक करोड़ 16 लाख रुपए में बेचते हैं। तैयारी के मामले में फ्रांस अपने पड़ोसी स्विटजरलैंड से पीछे हैं। वहां 1960 में पास कानून के तहत रहवासी इमारतों में न्यूक्लियर शेल्टर बनाना जरूरी कर दिया गया है। ब्रिटेन में दूसरे विश्व युद्ध के बाद बचे 650 बंकरों में गिने-चुने ही काम के रह गए हैं। उपयोगी बंकर सरकारी अधिकारियों के काम आते हैं।

© The New York Times

# 35 फीसदी अमेरिकी स्कूली बच्चे रीडिंग में पिछड़ गए

## एजुकेशन

**महामारी ने समस्या को और अधिक गंभीर बनाया**

डाना गोल्डस्टीन

**पिछले** साल महामारी के कारण स्कूल बंद रहने का बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। नए अध्ययनों से पता लगा है कि अमेरिका में शुरुआती स्तर पर लगभग 35 फीसदी बच्चे रीडिंग के मामले में बहुत पीछे रह गए हैं। वर्जीनिया में एक स्टडी के अनुसार पिछले बीस साल में पढ़ने में बच्चे इतने अधिक फिसड्डी पहले कभी नहीं रहे। शोधकर्ता इस स्थिति को चिंताजनक मानते हैं। बोस्टन क्षेत्र में 60 प्रतिशत बच्चों को पढ़ने में बहुत अधिक कठिनाई होती है। यह संख्या महामारी के मुकाबले दोगुनी है।

हर वर्ग के बच्चे पढ़ने में कमजोर पाए गए हैं। लेकिन, अश्वेत, हिस्पेनिक और गरीब परिवारों के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। जिन लोगों की अंग्रेजी अच्छी नहीं है, वे सबसे ज्यादा पिछड़ गए हैं। एमजीएच हेल्थ इंस्टीट्यूट, बोस्टन स्पीच लैब की डायरेक्टर डॉ. टिफैनी होगन कहती हैं, अगर बच्चे प्रायमरी स्कूल में योग्य नहीं बन पाते हैं तो कई समस्याएं आती हैं। रीडिंग में कमजोर बच्चों के हाईस्कूल से पढ़ाई छोड़ने, कम पैसा कमाने और अपराध करने का खतरा बढ़ता है।



हालांकि, अमेरिका में शैक्षणिक समस्या की शुरुआत महामारी से नहीं हुई है। 2019 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं के नतीजों में रीडिंग में अमेरिकी बच्चों के स्तर में ठहराव या गिरावट देखी गई। सर्वोच्च स्तर और निचले स्तर के बच्चों में बहुत अधिक अंतर था। इसके कई कारण हैं। वैसे, कई विशेषज्ञों ने इसका कारण ध्वनि विज्ञान (फोनिक्स) में प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी को बताया है। अंग्रेजी अक्षरों के उच्चारण से जुड़ी स्किल वाले शिक्षकों की कमी है। फेडरल सरकार के जनवरी में हुए एक सर्वे के अनुसार लगभग आधे पब्लिक स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली हैं। खासतौर से प्रारंभिक क्लास पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी है।

© The New York Times

# शोधः अमीर देशों में लोग बेचैनी चिंता की चपेट में अधिक आते हैं

## सेहत

**दूसरों की मदद करने पर चिंता की पकड़ से मुक्ति पाना संभव**

तारा पार्कर पोप

**दुनियाभर** में बहुत लोग इस समय कई तरह की भावनाओं का अनुभव कर रहे हैं। यूक्रेन पर हमले के कारण कई देशों में लोग दुखी महसूस करते हैं। पहले वायरस के भय ने लोगों को घेरे रखा था। वैश्विक संकट के बीच चिंता और बेचैनी की भावना सामान्य है लेकिन यह भी सच है कि अमीर देशों में समस्या ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के 26 देशों में एक लाख 50 हजार लोगों के सर्वे में पाया गया कि अमीर देशों में लोगों के बीच चिंता की भावना अधिक रहती है।

नाइजीरिया और शेनझेन, चीन में एक प्रतिशत से कम आबादी चिंता से पीड़ित रही। अमेरिका और आस्ट्रेलिया में यह प्रतिशत 8 था। औसतन अधिक आय वाले देशों में पांच प्रतिशत, मध्यम आय देशों में 2.8 प्रतिशत और कम आय देशों में 1.6 प्रतिशत व्यक्ति चिंता से प्रभावित पाए गए। संपन्न देशों में कम शिक्षित,बेरोजगार और गरीब लोग अधिक चिंतित रहते हैं।

बहरहाल, चिंता की पकड़ से मुक्त होने का एक रास्ता दूसरों की मदद करना है। कई अध्ययन बताते हैं कि दूसरे लोगों की मदद से हमारे शरीर को तनाव के नुकसानदेह प्रभाव से निपटने में सुरक्षा मिलती है। डेट्रॉयट में पांच साल तक 846 लोगों की स्टडी में पाया गया कि जो लोग दूसरों के प्रति कम मददगार रहे उन पर तनाव का हानिकारक प्रभाव पड़ा। वहीं सहायता का जज्बा रखने वाले लोग तनाव से आसानी से उबर गए।

© The New York Times

# न्यूयॉर्क में चीनियों के आने की संख्या घटी, लोग साइनबोर्ड हटा रहे

## बदलती तस्वीर

**महामारी के बाद नस्लभेदी हमले भी बन रहे वजह**

आरोन रीस, डेनिस लू

**न्यूयॉर्क** शहर के कई इलाकों के समान मैनहटन के चाइनाटाउन का इतिहास 100 साल से ज्यादा पुराना है। रहवासियों ने कई चीनी बोलियों पर सड़कों के नाम रख लिए थे। 1960 में शहर में अधिकृत तौर पर अंग्रेजी और चीनी भाषा में सड़कों पर साइन बोर्ड लगाने की शुरुआत हुई थी। अब चाइना टाउन में चीनियों की संख्या घट रही है। कई जगह लटके- फॉर रेंट के बोर्ड भी चीनियों की संख्या में आई गिरावट के संकेत देते हैं। इसके साथ दोनों भाषाओं के स्ट्रीट साइन बोर्ड कम हुए हैं या उनके स्थान पर केवल अंग्रेजी भाषा के साइनबोर्ड लगा दिए गए हैं।

चाइना टाउन में आज दो दर्जन सड़कों पर लगभग 100 द्विभाषी साइनबोर्ड लगे हैं। 1985 में अंग्रेजी, चीनी के 155 साइन बोर्ड लगाने के आदेश दिए गए थे। हटाए गए साइन बोर्ड का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

चाइना टाउन की सड़कों के साइनबोर्ड मैनहटन के सबसे बड़े समुदाय के विकास और गिरावट की कहानी कहते हैं। 1883 में वोंग चिन फू ने मैनहटन में न्यूयॉर्क शहर का पहला चीनी भाषा का अखबार द चाइनीज अमेरिकन शुरू किया था। हजारों चीनियों को ट्रांसकांटिनेंटल रेलवे में काम मिलने के बाद अमेरिका में चीनियों के आने की संख्या में बढ़ोतरी हुई। 1869 में ट्रांसकांटिनेटल रेलवे का काम पूरा होने के बाद चीनी मजदूरों के पास काम नहीं रह गया था। वे पश्चिमी राज्यों में रंगभेद और हिंसा के शिकार हुए। इस वजह से बड़ी संख्या में चीनियों ने पूर्वी राज्यों में आना शुरू किया। 1883 में चीनी माइग्रेंट्स का ठिकाना मैनहटन चाइनाटाउन बन गया था। इस समय के आसपास चाइनाटाउन की दुकानों में चीनी सड़कों के नाम दिखने लगे थे। पत्र व्यवहार में चीनी सड़कों और चाइनाटाउन का नाम आने लगा था।

9/11 हमले के बाद न्यूयॉर्क में चीनियों की संख्या कम होने लगी थी। वैसे, नई जनगणना के अनुसार शहर में एशियाइयों की संख्या सबसे अधिक बढ़ी है। गौर करने लायक तथ्य है कि 9/11 हमले के बाद शहर छोड़ने वाले लोगों में एशियाइयों की संख्या भी काफी है। इधर, महामारी के बाद नस्लभेदी हमलों में चीनियों को निशाना बनाने की कई घटनाएं हुई थीं। कारोबार में भी गिरावट आई है। कई सुपरमार्केट, स्टोर बंद हो चुके हैं। इससे लोगों का पलायन बढ़ा है।

### न्यूयॉर्क में 200 देशों के लोग रहते हैं



न्यूयॉर्क की सड़कों पर दो भाषाओं के साइनबोर्ड लगाना शहर के जीवन का हिस्सा है। शहर में लगभग 200 देशों के 30 लाख लोग 700 भाषाएं और बोलियां बोलते हैं। वोटिंग, सब वे में रास्ता ढूंढने, अदालतों की कार्यवाही जैसे कामों के लिए न्यूयॉर्क में भाषायी मदद की जाती है। शहर के पश्चिमी सहित कुछ इलाकों में गैर अंग्रेजी भाषा में केवल एक ही भाषा के साइनबोर्ड हैं। कोरिया टाउन में 32 वीं स्ट्रीट का नाम कोरिया- वे है। एवेन्यू सी के एक हिस्से का नाम प्यूर्टो रिको के लोगों के सम्मान में लोइसइडा रखा है।

© The New York Times

दैनिक भास्कर
वेल्थ भास्कर
• पर्सनल फाइनेंस • इन्वेस्टमेंट
• आंत्रप्रेन्योरशिप
सोमवार 14 मार्च 2022 | 9

## क्या आप जानते हैं?

### बफेट ने 7 की उम्र में पढ़ी थी '1000 डॉलर बनाने के 1 हजार तरीके' नाम की किताब



वॉरेन एडवर्ड बफेट को यूं ही नहीं दुनिया का सबसे सफल निवेशक माना जाता है। ऐसे समय में जब यूक्रेन संकट के चलते एलन मस्क और जेफ बेजोस जैसे चोटी के धनकुबेरों की संपत्ति घट गई, बफेट 91 साल की उम्र में अपनी संपत्ति बढ़ाकर एक बार फिर अमीरी में 5वें नंबर पर पहुंच गए हैं। अगस्त 1930 में जन्मे बफेट ने कोलंबिया बिजनेस स्कूल में 17 साल की उम्र में ही इन्वेस्टमेंट मॉडल तैयार कर लिया था। निवेश में बफेट की दिलचस्पी महज 7 वर्ष की उम्र से थी, जब उन्होंने '1,000 डॉलर बनाने के एक हजार तरीके' नाम की किताब पढ़ी थी।

**1956** में बफेट पार्टनरशिप लि. शुरू की, जिसने टेक्सटाइल कंपनी बर्कशायर हैथवे खरीदी।

**1978** में चार्ली मुंगेर से बफेट की दोस्ती हुई और वह बर्कशायर हैथवे से जुड़ गए।

अभी बफेट की संपत्ति **117** अरब डॉलर यानी करीब 9 लाख करोड़ रुपए की है।

बफेट ने **99%** संपत्ति दान करने का वादा किया हुआ है।

## इंटरेस्ट मीटर पर्सनल लोन

### 10 फीसदी से कम की ब्याज दर पर पर्सनल लोन मुहैया करा रहे हैं सार्वजनिक क्षेत्र के ये बैंक

| बैंक | न्यूनतम दर | न्यूनतम दर पात्रता |
|---|---|---|
| यूनियन बैंक | 8.90 | सरकारी कर्मचारी; क्रेडिट स्कोर 700 या अधिक |
| पंजाब नेशनल बैंक | 8.90 | रक्षक प्लस योजना के ग्राहक और अन्य रक्षाकर्मी |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 9.45 | क्रेडिट स्कोर 750 या उससे अधिक |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 9.50 | सरकार, पीएसयू कर्मचारी/पेंशनभोगी; क्रेडिट स्कोर 768+ |
| आईडीबीआई बैंक | 9.50 | सैलरी, पेंशन अकाउंट बैंक में; क्रेडिट स्कोर 801+ |

स्रोत: बैंकबाजार.कॉम

## इन्वेस्टमेंट टिप्स: बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर हमेशा रहेगा, इनसे घबराने की जरूरत नहीं

# हालात कैसे भी हों लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देगा अच्छे शेयरों में निवेश

**यूक्रेन** संकट ने न केवल बाजार और अर्थव्यवस्था को लेकर अनिश्चतता बढ़ाई है, बल्कि इसके चलते निवेशकों की भी धड़कनें तेज हो गई हैं। हालांकि हर बड़ी गिरावट के बाद बाजार रिकवरी दिखा रहा है, लेकिन इस भारी उतार-चढ़ाव ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। वैसे निवेशक भी चिंतित हैं, जो लंबी अवधि का लक्ष्य लेकर म्यूचुअल फंड में पैसा लगा रहे हैं। उनकी चिंता वाजिब है क्योंकि कई म्यूचुअल फंड स्कीम्स अभी जैसे विशेष बाजार स्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करती हैं। ये बाजार के रिटर्न को पीछे छोड़ सकती हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो ऐसे हालात में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाती हैं। ठीक वैसे ही, जैसे बाजार में तेजी हो तो हाई बीटा शेयर जोरदार रिटर्न देते हैं, लेकिन उतार-चढ़ाव बढ़ने इनमें तेज गिरावट भी आ सकती है। जाहिर है, निवेश ऐसा होना चाहिए कि बाजार की हर परिस्थिति और चक्र में बेहतर रिटर्न मिलता रहे, तबी लंबी अवधि के लक्ष्य हासिल हो पाएंगे। क्वालिटी इन्वेस्टमेंट का कॉन् सेप्ट यही है।

### क्वालिटी इन्वेस्टमेंट क्या है?

इसका सीधा मतलब है सबसे अच्छी कंपनियों के शेयरों में निवेश करना। कुछ एक्सपर्ट्स निश्चित आय (फिक्स्ड इनकम) वाले निवेश इंस्ट्रूमेंटस को क्वालिटी इन्वेस्टमेंट मानते हैं। यहां हाई क्रेडिट रेटिंग की अहमियत होती है। यह रेटिंग वैसी कंपनियों को मिलती है, जिनकी बैलेंस शीट बाकियों के मुकाबले ज्यादा मजबूत होती है। क्वालिटी शेयरों की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। अलग-अलग संस्थाएं इसके लिए अलग-अलग मानदंड अपनाती हैं।

**भास्कर एक्सपर्ट**



**जिनेश गोपानी**
हेड इक्विटी, एक्सिस म्यूचुअल फंड

*अच्छी कंपनियों के शेयर भरोसेमंद होते हैं। तेजी के दौर में इनका प्रदर्शन हाई बीटा शेयरों के मुकाबले कमतर हो सकता है, लेकिन भारी उतार-चढ़ाव वाले बाजार में इनमें गिरावट भी कम आती है। ऐसे शेयर आधारित क्वालिटी इन्वेस्टमेंट अमूमन लंबी अवधि के लक्ष्य हासिल करने में मददगार साबित होता है।*



**एमएससीआई के तीन मानदंड**


1. इक्विटी पर जोरदार रिटर्न (आरओआई)
2. साल दर साल स्थिर आय वृद्धि
3. कम लोन-इक्विटी अनुपात

**फंड मैनेजर्स के अतिरक्त मानदंड:** 1. फ्री कैश फ्लो 2. बेहतर परिचालन मार्जिन 3. आकर्षक वैल्यूएशन

**कुछ संस्थाएं ये भी देखती हैं:** 1. बाजार के हालात 2. गवर्नेंस की क्वालिटी 3. बिजनेस मॉडल

### लंबी अवधि में हमेशा बेहतर प्रदर्शन करता रहा है क्वालिटी इन्वेस्टमेंट

बीते कुछ वर्षों के आंकड़े दर्शाते हैं कि मॉर्गन स्टेनली कैपिटल इंटरनेशनल (एमएससीआई) के ग्लोबल क्वालिटी इंडेक्स ने अधिकांश वर्षों में बेहतर प्रदर्शन किया। यही नहीं भारत समेत तमाम देशों में क्वालिटी इन्वेस्टमेंट लगभग हमेशा अभी जैसे अस्थिर बाजारों में बेहतर प्रदर्शन करता रहा है।





### भारत उभरता बाजार, लेकिन यहां भी क्वालिटी निवेश हमेशा बेहतर

भारत का इक्विटी मार्केट विकसित देशों के बाजारों से अलग है क्योंकि भारत काफी हद तक उभरता हुआ बाजार हैं। लेकिन यहां भी क्वालिटी इंडेक्स ने अधिकांश वर्षों में बेहतर प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्षों में अलग-अलग कारकों जैसे यूएस सॉवरेन रेटिंग डाउनग्रेड (2011), टेपर टेंट्रम (2013), यूरोजोन ऋण संकट और चीन में आर्थिक मंदी (2015) और कोविड-19 महामारी (2020) के कारण अन्य वर्षों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक अस्थिरता देखी गई। ऐसे दौर में क्वालिटी शेयरों के प्रदर्शन से पता चला है कि ऐसी कंपनियों के शेयरों ने कई निवेश चक्रों में बेहतर तरीके से आर्थिक झटकों का सामना किया है।

### बीते 10 वर्षों में बाकियों से अच्छा रहा है क्वालिटी इंडेक्स का प्रदर्शन

बीते 10 साल में बीएसई क्वालिटी इंडेक्स टीआरआई में 10,000 रुपए के निवेश की ग्रोथ बीएसई 500 टीआरआई और सेंसेक्स टीआरआई में इतने ही निवेश की ग्रोथ से बेहतर रही है। ऐसे दौर भी हो सकते हैं जब व्यापक बाजार ने बेहतर प्रदर्शन किया हो, लेकिन लंबी अवधि में क्वालिटी इंडेक्स का प्रदर्शन बेहतर ही रहा है।




## सवाल-जवाब

# कई लार्ज कैप और मिड कैप शेयर इस समय 20 से 30% गिरावट पर हैं

**मेरे पास लेमन ट्री के शेयर 53 के भाव पर हैं। मुझे इन्हें होल्ड करना चाहिए या बेच देना चाहिए?** -मयंक पटाहे

आप लेमन ट्री के शेयर होल्ड कर सकते हैं क्योंकि मासिक आधार पर धीरे-धीरे सेक्टर में रिकवरी दिखाई दे रही है। लेमन ट्री होटल्स का लगभग 85 फीसदी बिजनेस घरेलू यात्रियों से आता है इसलिए इसके तेजी से रिकवरी करने की उम्मीद है। हालांकि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर से भी प्रतिबंध हटा दिया है इसका भी फायदा लेमन ट्री को मिलेगा।

**मेरे पास टाटा पावर के 111 शेयर हैं, जो अभी लॉस मे चल रहा है। क्या यह भविष्य मे अच्छी ग्रोथ दिखाएगा?** -ओमप्रकाश मेहरा


आपको निश्चित रूप से टाटा पावर के शेयर होल्ड करके रखना चाहिए क्योंकि इसमें मजबूत संभावनाएं हैं। नई तकनीक के उपयोग और नए ऑर्डर में बढ़ोतरी की वजह से कंपनी की भविष्य की ग्रोथ अच्छी होने की उम्मीद है। कंपनी का फोकस ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन पर है और इसका सोलर बिजनेस काफी अच्छी तरह बढ़ रहा है। ओडिशा में एटीएंडसी के घाटे में कमी आना शुरू हो गई है जिससे इसकी ग्रोथ मजबूत होगी।

**मेरे पास बजाज फिनसर्व के 50 शेयर 16390 के भाव से, बजाज फाइनेंस के 40 शेयर 7597 के भाव से, सुजलॉन एनर्जी के 26050 शेयर 9.65 के भाव से हैं। मार्केट डाउन हो गया है। 2 लाख के नुकसान में हूं। इन शेयरों को होल्ड करने के अलावा और कोई रास्ता भी नहीं दिख रहा है। मार्केट की आगे क्या संभावना है?** - सतीश सोखल

वर्तमान भू-राजनैतिक और महंगाई से जुड़ी अनिश्चितताओं की वजह से मार्केट में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रह सकता है। निकट भविष्य में यूक्रेन संकट से जुड़े समाचार और अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा ब्याज दरों में बदलाव से बाजार में सतर्कता बनी रह सकती है। हालांकि हमें लगता है कि वैल्यूएशन अब अनुकूल हो रहा है। भविष्य में फायदा कमाने के नजरिए से अभी खरीदारी की जा सकती है। हम बजाज फाइनेंस को लेकर सकारात्मक हैं, जिसे आप इस समय के दाम पर खरीदारी करके एवरेज कर सकते हैं। हालांकि बजाज फिनसर्व और सुजलॉन को लेकर हमारे पास कोई राय नहीं है। लेकिन हमारा सुझाव है कि आप बजाज फिनसर्व को होल्ड करें और सुजलॉन एनर्जी से बाहर निकल जाएं, इसके बजाय आप टाटा पावर या आईईएक्स में स्विच कर सकते हैं।

**बाजार में काफी गिरावट आ चुकी है। क्या ऐसे मौके पर नई खरीदारी करना उचित होगा? यदि हां, तो मुझे कुछ शेयरों का नाम सुझाएं। मैं पांच लाख रुपए 3 से 5 साल की अवधि के लिए निवेश करना चाहता हूं।** - विक्रम वीर सिंह

कई लार्ज कैप और मिड कैप शेयर इस समय 20-30% की गिरावट पर हैं और उचित मूल्य पर खरीदने के लिए उपलब्ध है। लॉन्ग टर्म निवेश के लिए ये काफी आकर्षक मूल्य है। आप अपने



पोर्टफोलियो में कुछ ब्लूचिप और चुनिंदा मिड कैप कंपनियों को जोड़ने के लिए थोड़ा-थोड़ा करके खरीदारी कर सकते हैं। हम आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टाइटन, टाटा मोटर्स, डिविस लैब, इंडियन होटल्स, भारती एयरटेल, क्लीन साइंस, क्रॉम्पटन कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स, इन्फोसिस, जुबिलेंट फूडवर्क्स, अल्ट्राटेक, टाटा कंज्यूमर, एलएंडटी, रिलायंस को लेकर काफी सकारात्मक हैं।

**मेरे पास एसबीआई कार्ड के 504 शेयर 908 रुपए के औसत भाव पर हैं। यह दिन प्रति दिन नीचे आता जा रहा है। क्या करना चाहिए?** -राजकुमार चौधरी

एसबीआई कार्ड देश की दूसरी सबसे बड़ी कार्ड कंपनी है। इसका मार्केट शेयर 19% है। कोविड महामारी की तीसरी लहर की वजह से जनवरी में क्रेडिट कार्ड से खर्च प्रभावित हुआ। बाजार में भुगतान के अन्य विकल्पों की बाढ़ आने से एसबीआई कार्ड की आमदनी की संभावनाएं कमजोर पड़ सकती हैं। हमारी सलाह है कि आप जोखिम न लेते हुए इससे बाहर निकल जाएं।

**मेरा पोर्टफोलियो इस प्रकार है। कृपया सलाह दें, किसको होल्ड करें और किससे बाहर निकलें।**- सजल श्रीवास्तव

| | |
|---|---|
| कोल इंडिया | @160 |
| आईटीसी | @240 |
| आईसीआईसीआई बैंक | @596 |
| डाबर इंडिया | @585 |
| 3आई इन्फोटेक | @90 |


हम 3-आई इन्फोटेक को छोड़कर बाकी सभी शेयरों के लिए लॉन्ग टर्म के नजरिए से काफी सकारात्मक हैं। 3आई इन्फोटेक पर हमारी कोई राय नहीं है। आप इसके बदले इन्फोसिस में स्विच कर सकते हैं। चूंकि अधिकांश शेयरों में 20% से ज्यादा करेक्शन है, इसलिए इस समय इनका वैल्यूएशन काफी आकर्षक है और लॉन्ग टर्म के नजरिए से खरीदारी का अच्छा अवसर है। आप अपने पोर्टपोलियो को और भी डायवर्सिफाई करने के लिए इसमें और शेयर जोड़ सकते हैं। हमारा सुझाव है कि आप एसबीआई, टाइटन, टाटा मोटर्स, डिविस लैब, इंडियन होटल्स, भारती एयरटेल, क्लीन साइंस, जुबिलेंट फूडवर्क्स, अल्ट्राटेक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे शेयरों में निवेश करें।

**स्नेहा पोद्दार,** एवीपी रिसर्च, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस

**आप हमें शेयरों की खरीद-बिक्री से जुड़े अपने सवाल wealth.bhaskar@dbcorp.in पर हिन्दी या अंग्रेजी में भेज सकते हैं।**

## भास्कर गाइड

# भारत में रहकर खरीद सकते हैं आठ अमेरिकी कंपनियों के शेयर




**एपल,** टेस्ला, कोका कोला, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट जैसी अमेरिकी कंपनियों के प्रोडक्ट तो तमाम भारतीय उपयोग करते हैं, लेकिन इन कंपनियों के शेयर खरीदना इतना आसान नहीं था। अब इन कंपनियों के शेयर में निवेश करने की इच्छा रखने वाले भारतीय लोगों के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेस सेंटर (आईएफएससी) प्लेटफार्म मुहैया कराया है। एनएसई आईएफएससी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाला एक इंटरनेशनल एक्सचेंज है, जिसे गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) में स्थापित किया गया है।

शुरुआत में 8 अमेरिकी कंपनियों के शेयरों में निवेश किया जा सकता है। ये कंपनियां हैं अमेजन, एपल, माइक्रोसॉफ्ट, अल्फाबेट (गूगल), नेटफ्लिक्स और मेटा (फेसबुक), वॉलमार्ट और टेस्ला। चरणबद्ध तरीके से स्टॉक की संख्या बढ़ाकर 50 तक करने की योजना है। इसका अर्थ है कि इन टॉप अमेरिकी कंपनियों के उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करने के अलावा आप इनमें इक्विटी हिस्सेदारी भी खरीद सकते हैं।

### शेयरों में निवेश की मिलेगी रसीद

इन कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को शेयरों के मालिकाना हक के प्रमाण के रूप में एनएसई आईएफएससी की रसीद प्रदान की जाएगी। एनएसई आईएफएससी रसीद एक डिपॉजिटरी रसीद की प्रकृति के रूप में निगोशिएबल फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट होती है, जो धारक को संबंधित शेयरों में आनुपातिक लाभकारी हित प्रदान करती है। गिफ्ट सिटी स्थित एचडीएफसी बैंक इन एनएसई आईएफएससी रसीदों के अभिरक्षक के रूप में इन्हें निर्मित और जारी करेगा। फंड और एनएसई आईएफएससी रसीदों का सेटलमेंट टी+3 चक्र का पालन करेगा। यानी सेटलमेंट में ट्रेड के दिन के अलावा 3 दिन और लगेंगे।

विदेश में लिस्टेड अमेजन का 3030 डॉलर कीमत वाला एक शेयर खरीदने के लिए आपको लगभग 2,32,000 रुपए निवेश करने होंगे। हालांकि एनएसई आईएफएससी में आंशिक हिस्सेदारी खरीदने की अनुमति भी है। यानी आप चाहें तो कम रकम भी निवेश कर सकते हैं।

### विदेशी शेयरों में निवेश करने के क्या हैं नियम

- अमेरिकी शेयरों में निवेश करने के लिए भारतीय निवेशकों को केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) औपचारिकताओं के अलावा, आरबीआई की तरफ से डॉलर खरीदने के संबंध में तय मानदंडों का भी पालन करना होगा।
- निवेशक को अपने भारतीय बैंक खाते से आरबीआई द्वारा निर्धारित लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) की सीमा का पालन करते हुए डॉलर खरीदना होगा।
- अभी एलआरएस नियमों के तहत किसी भी निवासी भारतीय को एक वित्त वर्ष में 2.5 लाख डॉलर (1.92 करोड़ रुपए) तक रेमिट (प्रेषण) करने की अनुमति है।



**आलोक अग्रवाल**
ईवीपी और चीफ रिसर्च ऑफिसर, बजाज कैपिटल

## फाइनेंशियल प्लानिंग चालू वित्त वर्ष खत्म होने में सिर्फ 18 दिन बचे हैं

# दो हफ्तों में निपटा लें ये 11 काम

*चालू वित्त वर्ष के बमुश्किल दो हफ्ते बचे हैं। इससे पहले पक्का कर लें कि आपने टैक्स प्लानिंग संबंधी सारे जरूरी काम निपटा लिए हैं। यदि कुछ बाकी रह गया हो तो आपके पास 31 मार्च तक का समय है। ऐसा न करने पर आप उस बचत से चूक जाएंगे जो टैक्स बचाने के सभी तरीके समय पर अपनाकर कर सकते हैं। आइए जानते हैं कौन-कौन से जरूरी काम निपटाने हैं...*

### 1. पुराने नियोक्ता से मिले वेतन के विवरण नए नियोक्ता को दें

बीते साल 31 मार्च के बाद यदि आपने नौकरी बदली है तो फॉर्म-12बी के जरिये नए नियोक्ता को पुराने नियोक्ता से मिले वेतन-भत्तों का पूरा विवरण दें। नहीं तो हो सकता है कि पुराने और नए दोनों नियोक्ता आपको इनकम टैक्स बेसिक एक्जम्पशन लिमिट यानी 2.50 लाख रुपए की छूट दे दें। ऐसे में रिटर्न फाइल करते समय आपको ब्याज समेत टैक्स चुकाना पड़ेगा।

### 2. नियोक्ता को कटौती वाले सभी खर्चों के प्रूफ सबमिट करें

कर्मचारी को कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। इसके प्रूफ भी देने होते हैं, ताकि यह पता चल सके कि उसने वाकई खर्च किया है। उदाहरण के लिए हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) या लीव ट्रेवल कंसेशन (एलटीए)। यदि आपने अब तक ऐसे खर्चों के बिल सबमिट नहीं किये हैं तो 31 मार्च से पहले कर दें।

### 3. जरूरी ईसीएस बैंक अकाउंट से डेबिट हुए हैं या नहीं, चेक करें

इंश्योरेंस के प्रीमियम, सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के तहत नियमित निवेश, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेन्ट आदि आम तौर पर ईसीएस के जरिये बैंक खाते से डेबिट हो जाती हैं। हो सकता है कि किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक बाउंस हो गया हो। दोनों मामलों में करदाता उक्त खर्चे/इन्वेस्टमेंट का क्लेम नहीं ले सकेगा। इसलिए जरूरी है कि ऐसे ट्रांजेक्शंस हो गए हैं, यह पक्का कर लें।

### 4. एडवांस टैक्स पेमेंट

यदि टीडीएस के बाद टैक्स देनदारी 10 हजार रुपए से अधिक बनती है तो उस पर एडवांस टैक्स डिपॉजिट करना होता है। एडवांस टैक्स चार किस्तों में जमा करना होता है। कुल देनदारी का 15 फीसदी 15 जून तक, 45 फीसदी 15 सितंबर तक, 75 फीसदी 15 दिसंबर तक और 100 फीसदी 15 मार्च तक जमा करना होता है। आपको पता कर लेना चाहिए कि एडवांस टैक्स की ये सारी किस्तें समय पर जमा की जा चुकी हैं।

### 5. टैक्स घटाने का आखिरी मौका

धारा 80सी एलआईसी, 80सीसीडी(2) नेशनल पेंशन स्कीम, और 80-डी मेडिक्लेम में भुगतान आधारित छूट मिलती है। आपने अधिकतम सीमा तक निवेश नहीं किया है तो 31 मार्च तक बाकी निवेश कर सकते हैं।

### 6. बिजनेस के लिए प्रॉपर्टी, कार, कम्प्यूटर आदि खरीदना

यदि बिजनेस के लिए प्रॉपर्टी, कम्प्यूटर, कार आदि खरीदना है तो 31 मार्च तक खरीद लें। नियमों के मुताबिक यदि वित्त वर्ष के अंतिम दिन भी संपत्ति खरीदी गई हो तो तो डेप्रिसिएशन की तय दर से आधी दर पर डेप्रिसिएशन की छूट ली जा सकती है।

### अब तक न किया हो तो ये काम भी 31 मार्च तक जरूर कर लें

7. जीएसटी पोर्टल से बुक्स के आंकड़ों का मिलान करें
8. बैंक अकाउंट्स/क्रेडिट कार्ड अकाउंट्स रिकंसाइल करें
9. बैंक खाते में केवाईसी अपडेट कराएं
10. 2020-21 का पेंडिंग इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करें
11. पीपीएफ, एनपीएस अकाउंट्स में मिनिमम अमाउंट जमा करें, अन्यथा ये निष्क्रिय हो जाएंगे



**सीए अभय शर्मा**
पार्टनर, एबीएमएस एंड एसोसिएट्स

## घर की बात बीते दो वर्षों में कई लोगों ने मकान का मालिक होने की आवश्यकता महसूस की हैं

# संपत्ति खरीदने से पहले इन 5 दस्तावेजों की जांच जरूर करें


**घर** से काम करते हुए बीते दो वर्षों के दौरान हम में से कई लोगों ने घर के मालिक होने की जरूरत महसूस की है। ऐसे में जब आप एक घर की तलाश में हैं, तो किसी बिल्डर से मकान या किसी अन्य तरह की अचल संपत्ति की खरीदारी में इस्तेमाल होने वाले आवश्यक सभी दस्तावेजों के बारे में जानना महत्वपूर्ण हो जाता है। संपत्ति में किया जाने वाला निवेश अत्यधिक पूंजी पर आधारित होता है, लिहाजा इस प्रक्रिया के दौरान की गई कोई भी गलती भविष्य में बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। ऐसे में खरीदार के लिए प्रॉपर्टी के दस्तावेजों की जांच करते समय सभी तरह की सावधानियां बरतना अनिवार्य हो जाता है। हम आपको उन पांच दस्तावेजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी जांच करके आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपका निवेश निश्चित रूप से खुशियां लेकर आए, परेशानियां लेकर नहीं...

### 1 टाइटल डीड

खरीदने से पहले प्रॉपर्टी के स्वामित्व के बारे में रिसर्च कर लें। टाइटल डीड सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है, जिसे घर या कुछ और खरीदने से पहले सत्यापित किया जाना चाहिए। यह मालिक के अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में बताता है। इससे यह भी पता चलता है कि स्वामित्व हस्तांतरण, विभाजन, रूपांतरण, म्यूटेशन आदि के संबंध में कोई समस्या नहीं है। यह सत्यापित करना भी जरूरी है कि जिस जमीन पर प्रॉपर्टी खड़ी है वह कानूनी रूप से खरीदी गई है और निर्माण के लिए सभी जरूरी अनुमतियां ले ली गई हैं। ये सब खुद नहीं समझ जा रहा हो तो किसी वकील की मदद लें।

### 2 देनदारी सर्टिफिकेट

मकान एक मूर्त संपत्ति है और उस पर स्थानीय नगर निगम की ओर से टैक्स लगाया जाता है। इसलिए यह सत्यापित करना जरूरी है कि उस पर कोई बकाया



नहीं है। इसके लिए खरीदार को देनदारी (एन्कम्ब्रन्स) सर्टिफिकेट की जांच करनी चाहिए। यह प्रमाणपत्र यह साबित करता है कि आपकी संपत्ति पर कोई मौद्रिक और कानूनी देनदारी नहीं है। इसे उप-पंजीयक के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, जहां संपत्ति पंजीकृत की गई है। यहां से आप 30 साल तक के पुराने देनदारी सर्टिफिकेट्स हासिल कर सकते हैं।

### 3 कमेंसमेंट सर्टिफिकेट

इसे कंस्ट्रक्शन क्लियरेंस सर्टिफिकेट के रूप में भी जाना जाता है। यदि आप किसी डेवलपर से फ्लैट, जमीन या घर जैसी कोई संपत्ति खरीद रहे हों, तब यह दस्तावेज अनिवार्य हो जाता है। इसमें बताया जाता है कि स्थानीय अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी, लाइसेंस और अनुमति मिलने के बाद ही निर्माण शुरू हुआ है।

### 4 लेआउट या भवन योजना

लेआउट योजनाओं को उपयुक्त योजना अधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। घर खरीदारों को सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि ऐसे मामले सामने आए हैं जहां डेवलपर्स अतिरिक्त मंजिलों को जोड़कर या खुले क्षेत्रों को कम करके अनुमोदित लेआउट से अलग हट गए हैं। आमतौर पर किसी भवन योजना को स्थानीय नगरपालिका प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया जाता है। इसे साइट स्कीम के रूप में भी जाना जाता है और इस दस्तावेज में प्रोजेक्ट, उपकरण लेआउट और उपयोगिताओं का एक खाका शामिल है। कोई भी अनधिकृत या अतिरिक्त निर्माण बाद में ध्वस्त हो सकता है।

### 5 ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट

यह दस्तावेज प्रमाणित करता है कि संपत्ति का निर्माण प्रदान की गई अनुमतियों के अनुपालन में किया गया है। डेवलपर ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली होंगी। इमारत व्यवसाय के उद्देश्यों के लिए उपयुक्त है और संपत्ति खरीदार के पास हो सकती है।



**अखिल गुप्ता**
सह-संस्थापक, नोब्रोकर.कॉम

## क्या आप जानते हैं

# निर्देशक बनना चाहते हैं श्रीकांत, बायोपिक में एक्टिंग की इच्छा

**भारतीय बैडमिंटन सुपरस्टार किदांबी श्रीकांत ने हाल ही में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में वे जीत का सिलसिला बरकरार नहीं रख पाए और वर्ल्ड नंबर-1 एक्सेलसन से हारकर बाहर हो गए थे।**



- वे निर्देशक बनने का सपना देखा करते थे। कहानियां बनाकर दोस्तों को सुनाया भी करते थे। वे संन्यास लेने के बाद निर्देशन में हाथ आजमाना चाहते हैं।
- **श्रीकांत बायोपिक में खुद एक्टिंग करना चाहते हैं और सोचते हैं कि फिल्म की कहानी ऐसी हो जो बच्चों को खेलने के लिए प्रेरित करे।**
- वे निर्देशक राजामौली के इतने बड़े फैन हैं कि बाहुबली का पहला शो देखने के लिए सुबह 4:30 से 7:30 तक प्रैक्टिस की, फिर 9 बजे फिल्म देखने पहुंचे थे।
- **खाली समय में श्रीकांत को केवल सोना और खाना पसंद है। देश के बाहर होने पर कोशिश करते हैं कि घूमने के बजाय होटल में सो सकें।**
- गैजेट्स में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है, पर नॉइस-कैंसिलेशन हेडफोन को वे हमेशा साथ में रखते हैं। एयरपोर्ट पर खाली समय में खरीददारी करते हैं।
- **शाकाहारी होने की वजह से परिवार वाले उनके साथ मैच देखने नहीं जाते हैं। श्रीकांत केक काटने और पार्टी करने में विश्वास नहीं रखते हैं।**
- बैडमिंटन के अमीर खिलाड़ियों में शामिल श्रीकांत की नेटवर्थ 38 करोड़ से अधिक है। बैडमिंटन लीग की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल थे।
- **खबरें पढ़ना, कॉमेडी शो, क्रिकेट देखना पसंद है। पसंदीदा क्रिकेटर धोनी हैं। वे आंध्र टूरिज्म अथॉरिटी के डिप्टी कलेक्टर बनाए गए हैं।**
- श्रीकांत बताते हैं कि वे बचपन में आलसी हुआ करते थे। उन्हें अकादमी में अपने घर का आराम और मां के हाथ का खाना बहुत याद आता था। किदांबी ट्रेनिंग में जाना बिल्कुल पसंद नहीं करते थे।



### सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर, बिकेन का 805 गोल का रिकॉर्ड तोड़ा

# 807 गोल के साथ रोनाल्डो गोल के शिखर पर



**मैनचेस्टर**| क्रिस्टियानो रोनाल्डो सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड के रोनाल्डो ने प्रीमियर लीग में टॉटेनहम के खिलाफ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। उनके करिअर में 807 गोल हो गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रियन-चेक रिपब्लिक फुटबॉलर जोसेफ बिकेन का 805 गोल का रिकॉर्ड तोड़ा। रोनाल्डो ने टॉटेनहम के खिलाफ हैट्रिक बनाई। उन्होंने लगातार 13वें कैलेंडर ईयर में हैट्रिक बनाई। यह उनकी 59वीं हैट्रिक है। रोनाल्डो ने 12वें, 38वें, 81वें मिनट में गोल किए। यूनाइटेड ने टॉटेनहम को 3-2 से हराया। 37 साल 35 दिन के रोनाल्डो प्रीमियर लीग में हैट्रिक बनाने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। रिकॉर्ड टैडी शेरिंगम (37 साल 146 दिन) के नाम है।

**टॉप-5 गोल स्कोरर***

| खिलाड़ी | गोल | मैच |
|---|---|---|
| रोनाल्डो | 807 | 1110 |
| जोसेफ बिकेन | 805 | 530 |
| रोमारियो | 772 | 994 |
| मेसी | 759 | 961 |
| पेले | 757 | 831 |

(*फीफा द्वारा मान्यता प्राप्त)



मेसी टॉप-5 गोल स्कोरर में शामिल दूसरे एक्टिव फुटबॉलर।

**14** साल बाद यूनाइटेड के लिए हैट्रिक की रोनाल्डो ने। यह उनके क्लब करिअर की 49वीं हैट्रिक।

**400** मैच जीत लिए हैं यूनाइटेड ने लीग में घरेलू मैदान पर। इस मुकाम तक पहुंचने वाली पहली टीम।

### भारत vs श्रीलंका • मेहमान टीम की पहली पारी 109 रन पर ढेर, भारत को 342 की बढ़त

# ऋषभ पंत टेस्ट में सबसे तेज फिफ्टी जमाने वाले भारतीय बने, कपिल का रिकॉर्ड तोड़ा

### पंत ने 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, बुमराह ने 5 विकेट लिए

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरू

भारत ने पिंक-बॉल टेस्ट में पकड़ मजबूत कर ली है। टीम इंडिया के तेज गेंदबाजों के तूफानी प्रदर्शन के सामने श्रीलंका की पहली पारी 109 रन पर ढेर हो गई। इसके बाद भारत ने डिनर टाइम तक दूसरी पारी में 199/5 का स्कोर बना लिया और श्रीलंका पर 342 रन की बढ़त बनाई। खबर लिखे जाने तक श्रेयस 18 और जडेजा 10 रन बनाकर क्रीज पर थे। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने रिकॉर्ड बनाया। वे टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 28 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। पंत ने कपिल देव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। कपिल ने 1982 में पाकिस्तान के खिलाफ 30 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। पंत डे-नाइट टेस्ट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले खिलाड़ी भी बने।

श्रीलंका ने दूसरे दिन पहली पारी 86/6 से आगे बढ़ाई। जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट झटके। उन्होंने घरेलू मैदान पर पहली बार 5 विकेट लिए। बुमराह ने 8वीं बार टेस्ट की एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए। अश्विन के 650 इंटरनेशनल विकेट पूरे हुए। वे भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में 650 विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने।



**पंत सबसे तेज टेस्ट फिफ्टी बनाने वाले विकेटकीपर बने**

| गेंद | खिलाड़ी | vs | साल |
|---|---|---|---|
| 28 | ऋषभ पंत | श्रीलंका | 2022 |
| 34 | एमएस धोनी | पाकिस्तान | 2006 |
| 34 | इयान स्मिथ | पाकिस्तान | 1990 |

**300** इंटरनेशनल विकेट पूरे हो गए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के। वे ऐसा करने वाले भारत के 12वें गेंदबाज हैं।



**02** दूसरा सबसे छोटा स्कोर है श्रीलंका का भारत के खिलाफ टेस्ट में। 82 सबसे छोटा स्कोर रहा श्रीलंका का।

### » स्कोर बोर्ड

**भारत ने टॉस जीता (बल्लेबाजी)**

**भारत पहली पारी 252.**

**श्रीलंका पहली पारी (86/6 से आगे)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डिकवेला कै. पंत बो. बुमराह | 21 | 38 | 3/0 |
| लसिथ कै. पंत बो. बुमराह | 1 | 16 | 0/0 |
| लकमल बो. अश्विन | 5 | 9 | 1/0 |
| जयविक्रमा नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |
| फर्नांडो स्टं. पंत बो. अश्विन | 8 | 8 | 1/0 |

**अतिरिक्तः** 1. **कुलः** 109.

**विकेट पतनः** 7-95, 8-100, 9-100, 10-109.

**गेंदबाजीः** बुमराह 10-4-24-5, अश्विन 8.5-1-30-2, शमी 6-1-18-2, जडेजा 6-1-15-0, अक्षर 5-1-21-1.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक कै. डिसिल्वा बो. लसिथ | 22 | 34 | 5/0 |
| रोहित कै. मैथ्यूज बो. डिसिल्वा | 46 | 79 | 4/0 |
| विहारी बो. जयविक्रमा | 35 | 79 | 4/0 |
| कोहली एलबीडब्ल्यू जयविक्रमा | 13 | 16 | 1/0 |
| पंत कै. और बो. जयविक्रमा | 50 | 31 | 7/2 |
| श्रेयस नाबाद | 18 | 25 | 1/0 |
| जडेजा नाबाद | 10 | 19 | 1/0 |

**अतिरिक्तः** 5. **कुलः** 199/5.

**विकेट पतनः** 1-42, 2-98, 3-116, 4-139, 5-184.

**गेंदबाजीः** लकमल 7-2-28-0, लसिथ एंबुल्डेनिया 13-0-55-1, फर्नांडो 4-1-15-0, डिसिल्वा 9-0-47-1, जयविक्रमा 14-2-50-3

### महिला वनडे वर्ल्ड कप

# ऑस्ट्रेलिया किसी एक विरोधी को 100 बार हराने वाली पहली टीम



भास्कर न्यूज़ | वेलिंगटन

ऑस्ट्रेलिया ने महिला वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को 141 रन से हराया। टीम ही यह मौजूदा वर्ल्ड कप में लगातार तीसरी जीत है। ऑस्ट्रेलिया की न्यूजीलैंड पर 100वीं वनडे जीत है। ऑस्ट्रेलिया किसी एक विरोधी को 100 बार हराने वाली पहली टीम भी बन गई है। ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट पर 269 रन बनाए। शुरुआती तीन खिलाड़ी 56 रन के अंदर आउट हो गईं। प्लेयर ऑफ द मैच एलिस पेरी (68) ने चौथे विकेट के लिए बेथ मूनी (30) के साथ 57 रन और पांचवें विकेट के लिए ताहलिया मैक्ग्राथ (57) के साथ 96 गेंदों पर 101 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को संभाला। न्यूजीलैंड 30.2 ओवर में 128 रन पर सिमट गई। टीम की शुरुआती पांच खिलाड़ी 35 रन के अंदर आउट गईं। सैटर्थवेट ने 44 रन बनाए। सात खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सकीं।

**वेस्टइंडीज की महिला टीम पर स्लो ओवर रेट के कारण जुर्माना** : आईसीसी ने वेस्टइंडीज की महिला टीम की खिलाड़ियों पर स्लो ओवर रेट के कारण मैच फीस का 40% जुर्माना लगाया है। भारत के खिलाफ शनिवार को मैच के दौरान विंडीज की टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके थे।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### टेस्टः ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में स्कोर 500 पार



**कराची**| उस्मान ख्वाजा (160) की शतकीय पारी के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने (93) ने अर्धशतक जमाया। दोनों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 505/8 का स्कोर बनाया। कैरी ने करिअर की सबसे बड़ी पारी खेली। स्टंप्स के समय मिचेल स्टार्क (28*) के साथ कप्तान पैट कमिंस (0) क्रीज पर थे। फहीम और साजिद ने दो-दो विकेट लिए।

### विंडीज-इंग्लैंड का 11 मैच बाद ड्रॉ, 2015 से दोनों के सभी मैच का रिजल्ट आया था



**एंटीगा**| वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ खत्म हुआ। दोनों टीमों का 11 मैच बाद कोई मुकाबला ड्रॉ रहा है। 2015 से दोनों टीमों के सभी मैचों का रिजल्ट आया था। इंग्लैंड ने 349/6 पर दूसरी पारी घोषित कर विंडीज को 286 रन का टारगेट दिया था। विंडीज ने 147/4 रन बनाकर मैच ड्रॉ करा दिया। सीरीज का दूसरा मुकाबला 16 मार्च से खेला जाएगा।

### लखनऊ सुपर जाएंट्स को बड़ा झटका, इंग्लैंड के मार्क वुड आईपीएल से बाहर



**मुंबई** | आईपीएल की नई टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के इंग्लिश तेज गेंदबाज मार्क वुड आईपीएल से बाहर हो गए हैं। वुड के हाथ में चोट थी, जिस वजह से इंग्लिश टीम के कैरेबियन दौरे से भी बाहर हो गए थे। लखनऊ ने नीलामी के दौरान वुड को 7.5 करोड़ में खरीदा था। बीते सात दिन में इंग्लैंड का तीसरा खिलाड़ी आईपीएल से हटा है।

# 17 साल के कुशाग्र 250+ स्कोर करने वाले सबसे युवा

### रणजी ट्रॉफीः झारखंड ने 9 विकेट पर 769 रन बनाए



भास्कर न्यूज़ | कोलकाता

झारखंड के 17 साल के कुमार कुशाग्र के दोहरे शतक की मदद से झारखंड ने नगालैंड के खिलाफ 769 का स्कोर बनाया। रणजी के प्री-क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन झारखंड ने पहली पारी में 405/5 से आगे खेलना शुरू किया। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 9 विकेट पर 769 रन बनाए। 17 साल 141 दिन के कुशाग्र ने 269 गेंद पर 37 चौके और 2 छक्के की मदद से 266 रन बनाए। यह उनके फर्स्ट क्लास करिअर का पहला दोहरा शतक है। वे फर्स्ट क्लास में 250+ स्कोर करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के जावेद मियांदाद (17 साल 311 दिन) के नाम था। शाहबाज नदीम (123*) ने शतकीय पारी खेली। यह उनका 12 पारियों में 5वां शतक है।

### प्रो लीगः महिला हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में 3-0 से हराया

भास्कर न्यूज़ | भुवनेश्वर

प्रो हॉकी लीग में भारतीय महिला हॉकी टीम और जर्मनी के बीच दूसरा मुकाबला निर्धारित समय तक 1-1 से ड्रॉ रहा। परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा, जिसमें भारतीय टीम ने जर्मनी को 3-0 से हराया। मैच में जर्मनी की फेलिशिया वाइडरमैन ने 29वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। भारत की निशा ने 40वें मिनट पर गोलकर बराबरी दिला दी। पहला मुकाबला भी 1-1 से ड्रॉ के बाद जर्मनी ने 2-1 से शूटआउट में जीता था। भारत 12 अंक के साथ पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

# इंडियन वेल्सः पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 नाओमी ओसाका दूसरे राउंड में उलटफेर का शिकार, हार के बाद फैंस के कमेंट्स से हुईं भावुक

भास्कर न्यूज़ | इंडियन वेल्स

पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका इंडियन वेल्स में उलटफेर का शिकार हुईं। जापान की ओसाका को दूसरे राउंड में वेरोनिका कुदरमेतोवा ने लगातार सेट 6-0, 6-4 से हराया। हार के बाद फैंस ने चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ओसाका के खिलाफ कमेंटस किए,



जिससे वे भावुक हो गईं। मैच के बाद ओसाका ने कहा, 'मुझे वीनस-सेरेना के साथ 2001 में टूर्नामेंट के दौरान हुई घटना की याद आ गई। मुझे पहले भी परेशान किया गया था, जिसका कुछ खास असर नहीं हुआ। लेकिन वीनस-सेरेना की घटना याद आने के बाद मैं काफी भावुक हो गई।' विलियम्स बहनों ने 2001 घटना के बाद 14 सालों तक इंडियन वेल्स का बायकॉट किया था। यह ओसाका का सितंबर के बाद तीसरा इवेंट था।

### नडाल-सितसिपास ने 3 सेट में जीते दूसरे राउंड के मैच

दूसरे राउंड में टॉप सीड मेदवेदेव ने टॉमस मेचक को लगातार सेट में 6-3, 6-2 से मात दी। राफेल नडाल ने सेबेस्टियन कोर्डा को तीन सेट में 6-2, 1-6, 7-6 और स्टीफानोस सितसिपास ने अमेरिका के जैक सॉक को 7-6, 3-6, 7-6 से मात दी।

### भास्कर खास • इटली की टीम चेक रिपब्लिक को हराकर 5वें पर रही; अगला विंटर ओलिंपिक इटली में होना है

# विंटर पैरालिंपिक में खेल रही इटली की आइस हॉकी टीम पार्ट टाइम खिलाड़ियों से बनी, कई नौकरी से छुट्टी लेकर खेलने गए

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

डेविड वाल्टस्टीन | बीजिंग

पैरालिंपिक स्लेज हॉकी टूर्नामेंट में पांचवें स्थान के लिए कोई मेडल नहीं है, लेकिन चीन के नेशनल इंडोर स्टेडियम में इटली की नेशनल आइस हॉकी टीम को इस बात की खुशी है कि उनके इस प्रदर्शन से देश के स्लेज हॉकी प्रोग्राम को विलुप्त होने से बचाने में मदद मिलेगी। बीजिंग विंटर पैरालिंपिक में इटली ने चेक रिपब्लिक को 4-3 से हराया



और पांचवां स्थान हासिल किया। पार्टटाइम खिलाड़ियों की एक टीम, जो हफ्ते में सिर्फ दो दिन प्रैक्टिस करती हो, उसके लिए यह उपलब्धि काफी बड़ी है। टीम के डिफेंडर एंड्रिया मैक्री कहते हैं, 'मुझे आशा है कि इटली में कुछ बच्चे इसे देख रहे होंगे और इस खेल को खेलना चाहते होंगे क्योंकि हमें और खिलाड़ियों की सख्त आवश्यकता है।' मैक्री कहते हैं- यह जीत काफी बड़ी है। इसके कई कारण हैं। अगला विंटर पैरालिंपिक 2026 में इटली में होना है। यह जीत इटली के लोगों को खेल के प्रति जागरुक करने और इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकती है क्योंकि इटली में तीन दर्जन से भी कम स्लेज हॉकी खिलाड़ी हैं। लगातार चौथा पैरालिंपिक खेल रहे डिफेंडर जियानलुईजी रोसा कहते हैं, हम उम्मीद कर रहे हैं कि अगले चार साल में गेम का और विकास हो जाएगा।' इटली में पैरा आइस हॉकी खिलाड़ी बनना आसान नहीं है। वहां की टीम में एमेच्योर खिलाड़ी हैं, जो कहीं न कहीं नौकरी करते हैं। प्रत्येक ने पैरालिंपिक में हिस्सा बनने के लिए 18 दिन की छुट्टी ली है। वहां आइस हॉकी का कुछ खास कल्चर नहीं है और देश में इस्तेमाल करने योग्य सिर्फ तीन आइस हॉकी रिंक हैं।

मैक्री कहते हैं, 'पूरे देश में सिर्फ 30 आइस हॉकी खिलाड़ी और सिर्फ दो क्लब टीमें हैं। पिछले साल तक 3 टीमें थीं। इटली को बेहतर संसाधन और अच्छी प्रतिबद्धता वाली टीमों का सामना करना पड़ता है।'

### बोर्ड का अनुबंधित खिलाड़ियों को निर्देश

# आईपीएलः खिलाड़ियों की फिटनेस पर एनसीए की नजर

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

बीसीसीआई ने अनुबंधित खिलाड़ियों को आईपीएल के दौरान भारतीय टीम का फिटनेस प्लान फॉलो करने के सख्त निर्देश दिए हैं। बोर्ड नहीं चाहता कि टी20 वर्ल्ड कप में पंड्या की तरह दूसरा खिलाड़ी चोटिल हो। खिलाड़ियों के फिटनेस मैनेजमेंट में एनसीए की सीधी भूमिका रहेगी। टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद खिलाड़ी आईपीएल में लिए खेलेंगे। बोर्ड चाहता है कि खिलाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम से समझौता न करें। बोर्ड ने आईपीएल टीमों को इसकी जानकारी दे दी है कि उनके खिलाड़ियों का फिटनेस मैनेजमेंट एनसीए करेगा।



- बोर्ड ने खिलाड़ियों के लिए एक केंद्रीकृत फिटनेस ट्रैकर तैयार किया है। इसके अंतर्गत टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को नियंत्रण में रखेगा।
- टीम के प्रशिक्षकों द्वारा तैयार फिटनेस प्लान का खिलाड़ियों को सख्ती से पालन करना होगा।
- खिलाड़ी एनसीए-कोच के साथ चर्चा के लिए हमेशा उपलब्ध होंगे।

कश्मीरः वसंत आया

# दिन आ गए बहार के...



श्रीनगर का बादामवाड़ी
फोटोः आबिद बट



**श्रीनगर** | कश्मीर की वादियों में सर्दी का मौसम बीत चुका है। इसी के साथ ही वसंत की शुरुआत हो गई है। बताया गया है कि इस बार बर्फबारी समय से पहले रुक जाने से वसंत का आगमन करीब 15 दिन पहले ही हो गया है। यही वजह है कि श्रीनगर के समेत घाटी के अन्य स्थानों पर वसंत की बहार शुरू हो गई है। बादामवाड़ी गार्डन तो सफेद गुलाबी पुष्पों से खिल गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि वसंत जल्द शुरू हो जाने से इस बार अप्रैल में ट्यूलिप भी जल्द खिल उठेगा।

**दिन का पारा सामान्य से ज्यादाः** जम्मू-कश्मीर में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा हो गया है। रविवार को दक्षिणी कश्मीर में पारा 19.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से ज्यादा था। मौसम विभाग ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में 19 मार्च तक पारा सामान्य से ज्यादा रह सकता है।

---

**भास्कर इन्फोग्राफिक**

कोरोना में जी-7 देशों में उभरी असमानता

## 60% महिलाओं को सरकारी मदद नहीं मिली, ज्यादातर के लिए महंगाई बड़ी परेशानी

*कोरोना ने दुनिया के सबसे ताकतवर जी-7 देशों में भी असमानता को बढ़ाया है। सीएनन के एक सर्वे के मुताबिक इन देशों की 60% महिलाएं मानती हैं कि कोरोना में सरकारों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। महिलाओं के लिए कोरोना के साथ बढ़ती महंगाई, स्वास्थ्य, रहने की दिक्कतें जैसी परेशानियां बढ़ी हैं।*

### सबसे ज्यादा अमेरिका, फ्रांस की महिलाएं महंगाई से त्रस्त

| देश | महंगाई | कोरोना | आर्थिक | आवास | स्वास्थ्य |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्रिटेन | 56% | 12% | 9% | 6% | 1% |
| फ्रांस | 63% | 8% | 7% | 11% | 2% |
| अमेरिका | 61% | 8% | 11% | 12% | 4% |
| जापान | 22% | 34% | 7% | 14% | 2% |
| जर्मनी | 44% | 13% | 7% | 14% | 6% |
| इटली | 21% | 18% | 24% | 13% | 5% |
| कनाडा | 56% | 12% | 9% | 10% | 6% |

### महामारी के कारण महिलाओं के जीवन में आने वाली परेशानियों में इजाफा हुआ

- अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यूएन वूमन ने बताया कि पहले के मुकाबले 1.3 करोड़ कम महिलाएं काम पर लौटेंगी
- 13 देशों में महामारी से महिलाओं के साथ हिंसा के मामलों में इजाफा हुआ। वे यह भी मानने लगीं कि उनकी सुरक्षा कोरोना काल के मुकाबले कम हुई है।

### सबसे ज्यादा ब्रिटिश महिलाएं नाखुश

| देश | महिलाएं | पुरुष |
|---|---|---|
| ब्रिटेन | 35 | 48 |
| फ्रांस | 36 | 53 |
| अमेरिका | 39 | 37 |
| जापान | 44 | 42 |
| जर्मनी | 47 | 54 |
| इटली | 49 | 63 |
| कनाडा | 55 | 59 |

**मदद किसे-कितनी**

| | महिला | पुरुष |
|---|---|---|
| आर्थिक मदद | 31% | 35% |
| योजना का लाभ | 33% | 40% |

### महिला-पुरुष में असमानता और बढ़ी

महिलाएं मानती हैं कि महामारी से पहले के मुकाबले अब पुरुषों से ज्यादा असमानता आ गई है।

पुरुष हफ्ते में बच्चों की परवरिश पर महज 3.5 घंटे देते हैं, जबकि महिलाए अभी 5.2 घंटे बिता रही हैं

---

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** • सवा चार करोड़ यूक्रेनियों में जीत का जज्बा कायम


# हमले के सायरन से अब खौफ नहीं, दुकानें, पेट्रोल पंप, एटीएम खुले हैं



प्राग से भास्कर के लिए
अनुराग शर्मा

यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद 25 लाख लोग देश छोड़ चुके हैं। यहां अब भी लगभग सवा चार करोड़ लोग रह रहे हैं। युद्ध के शुरुआती दिनों में बजने वाला हर सायरन लोगों में खौफ भर देता था। सायरन बजते ही हर कोई बंकरों की ओर भागता था। सायरन आज दिन में कई बार बजते हैं। लेकिन लोगों के चेहरों पहले जैसा खौफ नहीं दिखता। हमला होने पर ही बंकरों में जाते हैं। वरना बाहर ही रहते हैं। बाजार पूरी तरह तो नहीं खुले लेकिन कुछ दुकानें खुली दिखाई देती हैं। पेट्रोल पंप, दवा की दुकानें और एटीएम भी खुले हैं। कहीं भी लोगों की लाइनें नहीं लगी हैं। लोगों ने जरूरत की चीजों का स्टॉक किया हुआ है। रूसी सेना की घेराबंदी के बावजूद कीव के लोगों में जीत का जज्बा कायम है उनका कहना है कि हमारे पास रूस से बेहतर 'मेंटल डिफेंस सिस्टम' है। उन्हें विश्वास है कि रूस युद्ध में हारेगा। शादियां और अन्य आयोजन पहले की भांति हो रहे हैं।
(जैसा एक माह तक यूक्रेन में वॉर रिपोर्टिंग करके लौटे **वायटेक बोहेक** ने बताया)

### पोलैंड के लोगों का कहना है मदद के लिए बस दिल और घर के दरवाजे खोलने पड़ते हैं



लाखों लोग आस से हमारे देश आ रहे हैं। शुरू में हमें समझ नहीं आया कि मदद कैसे करें। फिर हमने अपने होटलों को यूक्रेनी लोगों के लिए खोल दिया। यूक्रेनी सीमा से 30 किमी दूर लुबलिन में होटल चलाने वाली मार्टा कोमेन का कहा है कि पड़ोसी की मदद करने के लिए बस अपना दिल और घर के दरवाजे खोलने पड़ते हैं। हमने भी यही किया। यूक्रेन से आने वाले लोगों को हम मुफ्त में अपने होटलों में शरण दे रहे हैं। मार्टा का कहना है पूरे शहर ने शरणार्थियों के खर्च के लिए अपने स्तर पर चंदा जमा कर हमको दिया है।

### ये शरणार्थी नहीं, इनके घर पर दुश्मन कब्जा कर रहा



पोलैंड के बिलगोराज शहर के सेबिस्टियन कहते हैं कि यूक्रेन से आने वाले लोग शरणार्थी नहीं है। इनके घर पर दुश्मन कब्जा कर रहा है। यूक्रेन से आने वाले बच्चे मेरे बच्चों के समान हैं। ये हालात सुधरने तक मेरे घर में ही रहेंगे।

### पराए देश में मिले भाई-बहन, मेरा दुख कम हुआ



कीव की रहने वाली 14 साल की वान्या अब पोलैंड के शहर क्रोस्नो में एक घर में रह रही है। उसका कहना है कि पराए देश में मुझे नए घर में भाई-बहन मिले हैं। कीव में अपना घर छोड़ने का दुख कम हो गया है। मैं यहां खुश हूं।

रूस-यूक्रेन युद्ध
18वां दिन

### कीव में अमेरिकी पत्रकार की रूसी बमबारी में मौत

- अमेरिकी पत्रकार ब्रेंट रेनॉड की मौत हो गई। उनके एक साथी गंभीर घायल।
- पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने कहा पुतिन घिर चुके, कैमिकल हमले की आशंका।
- मैलिटोपोल में निर्वाचित मेयर के किडनैप के बाद रूस ने नई मेयर को नियुक्त किया।
- कीव छोड़ते 7 यूक्रेनी नागरिकों की रूसी बमबारी में मौत हो गई।
- यूक्रेन ने एटोमिक एजेंसी को यूक्रेन ने चेताया जैपोरिजिया पर रूसी हमले की आशंका।
- रूस में युद्ध विरोधी प्रदर्शनों का दौर जारी, अब तक 14 हजार से ज्यादा गिरफ्तार।
- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने कहा रूस की सेनाएं अब यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में हमले तेज करेंगी।

---

**भास्कर Original**

## जम्मू-कश्मीर में पहली बार आतंकवादियों के लिए बनेगी विशेष उच्च सुरक्षा वाली जेल

हारून रशीद | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर सरकार ने कठुआ जिले में आतंकवादियों, अलगाववादियों और अन्य राष्ट्र विरोधी तत्वों के लिए पहली विशेष उच्च सुरक्षा जेल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कठुआ में जेल विभाग को 37.5 एकड़ भूमि दी गई है। जम्मू-कश्मीर में पहली बार है कि ऐसी जेल विशेष रूप से आतंक से संबंधित संदिग्धों के लिए बनाई जा रही है। कठुआ जिले के महानपुर क्षेत्र में यह हाई सिक्योरिटी जेल बनाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श के बाद इस स्थान का चयन किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सीमा से दूर एक पहाड़ी क्षेत्र के बीच में स्थित है। इस क्षेत्र में आम लोगों की आवाजाही भी कम है। इस सुरक्षित स्थान में घुसपैठ नहीं की जा सकती है। प्रस्तावित जेल में अत्याधुनिक जैमर, आगंतुक और कैदी के बीच पारदर्शी दीवार और सुनवाई के लिए एक विशेष चैंबर भी होगा। इस जेल में सरकार आतंकवादियों के पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें राष्ट्रीय मुख्यधारा में वापस लाने में ज्यादा काम कर पाएगी। वर्तमान में जम्मू और कश्मीर के हीरा नगर में रोहिंग्याओं के लिए एक अस्थायी होल्डिंग सेंटर के अलावा 2 केंद्रीय जेल, 10 जिला जेल, 1 विशेष जेल और 1 उप जेल सहित 14 कार्यात्मक जेल हैं। 3246 कैदियों की कुल क्षमता के मुकाबले, जम्मू-कश्मीर की जेलों में 4300 से अधिक कैदी हैं।

**इसलिए पड़ी जरूरत...**

### आतंकी सामान्य कैदी को बरगला न सकें

- एक सुरक्षा विशेषज्ञ के अनुसार कई बार जेल में बंद विचाराधीन आतंकी कई बार सामान्य अपराधियों को अपनी विचारधारा से बरगला देते हैं।
- अभी अन्य राज्यों की जेल में आतंकियों को भेजना पड़ता है। जांच, मुकदमे और ऐसी अन्य चीजें लंबित होती हैं। अभी राज्य के लगभग 200 कैदी दूसरे राज्यों की जेलों में हैं।
- पर्याप्त सुरक्षा के अभाव में कई बार जेल तोड़ने के प्रयास हो चुके हैं। 6 फरवरी 2018 को लश्कर के पाक आतंकवादी नवीद जत्त भाग गया था। उस समय उसने दो पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी थी।

---

### यूक्रेन से लौटे छात्रों की पढ़ाई देश में जारी रखने के लिए याचिका

एजेंसी | नई दिल्ली

यूक्रेन से निकाले गए मेडिकल छात्रों के देश में ही दाखिला देने और उनकी पढ़ाई जारी रखने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। याचिकाकर्ता राणा संदीप बुस्सा और अन्य द्वारा दाखिल अर्जी में कहा गया है कि उन्होंने अनुच्छेद-21 के तहत जीवन की सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को लागू करने की मांग की है। युद्ध शुरू होने और यूक्रेन से छात्रों के लौटने के बाद से हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल हुई हैं जिनमें इन छात्रों की पढ़ाई जारी रखने में मदद के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई है।

## पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन में फूट, सरकार को ब्लैकमेल कर रहे सहयोगी दल

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देकर इमरान सरकार की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। इस बीच, इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठबंधन में फूट पड़ने लगी है। फूट तब सामने आई जब सरकार के दो बड़े मंत्री आपस में ही उलझ गए। दावा किया जा रहा है कि सत्ताधारी गठबंधन के कुछ सदस्य भी इस अविश्वास प्रस्ताव को समर्थन दे सकते हैं। इसे लेकर शनिवार को गृहमंत्री शेख राशिद और जल संसाधन मंत्री मुनीश इलाही ने एक-दूसरे पर आरोप जड़े। रिपोर्ट्स के मुताबिक राशिद ने कहा, 'गठबंधन के सहयोगी पीएमएल क्यू के नेता विपक्ष को फायदा पहुंचाकर पंजाब प्रांत में मुख्यमंत्री पद को लेकर ब्लैकमेल कर रहे हैं। मैं 5 के साथ (नेशनल असेंबली में पांच सदस्य) लोगों में से नहीं हूं जो सरकार को ब्लैकमेल करने में जुटे हैं।' वहीं इलाही ने आरोपों को खारिज करते हुए कि राशिद छात्र जीवन से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से पैसे वसूलते आए हैं। हालांकि बवाल मचा तो राशिद ने सफाई दी।



शेख राशिद

### मुंबई में पासपोर्ट वैरिफिकेशन के लिए नहीं आना होगा पुलिस स्टेशन

एजेंसी | मुंबई

मुंबई के लोगों को पासपोर्ट बनवाते समय पुलिस वैरिफिकेशन के लिए अब पुलिस स्टेशन नहीं जाना होगा। यह जानकारी मुंबई पुलिस कमिश्नर संजय पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि इस बारे में आदेश जारी कर दिए हैं। अब पुलिस कांस्टेबल दिए गए पते पर जाएगा और वैरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करेगा। अगर कोई विसंगति मिलती है, तो आवेदक को पुलिस स्टेशन बुलाया जा सकता है। पांडे ने कहा कि दस्तावेज अधूरे होने जैसे असाधारण मामलों को छोड़कर किसी भी नागरिक को मुंबई के पुलिस स्टेशन में नहीं बुलाया जाएगा।

### फोन टैपिंग मामलाः फडणवीस से 2 घंटे तक पुलिस ने की पूछताछ

एजेंसी | मुंबई

पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर कथित गैर कानूनी फोन टैपिंग मामले में रविवार को मुंबई पुलिस ने बयान दर्ज किया। बीकेसी साइबर पुलिस ने फडणवीस से 2 घंटे तक सवाल-जवाब किए। एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर बाद टीम पुलिस के सहायक आयुक्त नितिन जाधव के नेतृत्व में पहुंची। महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वाल्से पाटिल ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला जब राज्य की खुफिया प्रमुख थीं, तब कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले सहित कई नेताओं के फोन टैप किए गए थे।

---

**मंडे पॉजिटिव** • गुजरात के आईएएस वरुण कुमार वर्णवाल ने बताया अपना संघर्ष

## साइकिल, पंचर सुधारे; डॉक्टर-टीचर्स ने मेरी फीस भरी, दोस्तों ने दी किताबें, तब बन पाया आईएएसः वर्णवाल

भास्कर न्यूज | राजकोट

**महाराष्ट्र** के बोइसर (ठाणे) में 1984 में मेरा जन्म हुआ। पिता साइकिल रिपेयरिंग की दुकान चलाते थे। बात 2006 की है...21 मार्च को मेरी दसवीं की परीक्षा खत्म हुई थी। इसके चार दिन बाद ही पिता का निधन हो गया। परिवार की पूरी जिम्मेदारी मुझ पर आ गई। बड़ी बहन टीचर हैं, उनसे थोड़ी मदद मिली। पर फीस लायक पैसे जुटाना मुश्किल था। इसलिए मैंने पढ़ाई छोड़कर पिता के कामकाज को आगे बढ़ाने का फैसला लिया और साइकिल व पंचर रिपेयरिंग का काम



संघर्ष



सफलता

शुरू कर दिया। मैंने दसवीं में टॉप किया था। पर आगे पढ़ाई के पैसे नहीं थे। एक दिन मैं दुकान पर काम कर रहा था। तभी पिता का इलाज करने वाले डॉक्टर वहां आए और आगे पढाई के बारे में पूछा। हालात जानने के बाद उन्होंने मेरी फीस भर दी। 12वीं की फीस स्कूल के टीचर्स ने मिलकर भरी। इसके बाद सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हो गया। पढ़ाई के लिए साइकिल रिपेयरिंग के साथ-साथ बच्चों को ट्यूशन भी दिया। इंजीनियरिंग की किताबें दोस्त देते थे। एमआईटी पुणे से मैं इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडलिस्ट बना। एक दोस्त के पिता ने मुझे सरकारी नौकरी के बारे में बताया। तब मैंने तय किया कि मुझे आईएएस ही बनना है। मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब लग गई। पर आईएएस की तैयारी के लिए मैंने इसे छोड़ दिया। मार्च 2013 में यूपीएससी प्रीलिम्स और फिर मेंस क्लीयर किया। 2014 में इंटरव्यू भी किया। ये सारी सफलताएं बिना कोचिंग ही हासिल कीं। ऑल इंडिया में 26वीं रैंक के साथ मैं आईएएस अफसर बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आईएएस अफसर के तौर पर शपथ ली। आज राजकोट की बिजली कंपनी पीजीवीसीएल के एमडी के रूप में सेवा दे रहा हूं।
जैसा **वरुण कुमार वर्णवाल ने** भास्कर के **निहिर पटेल को बताया**

**ब्रिटिश टेक्नोलॉजी** • एमआरआई में 45 से 90 मिनट लगते है, नए टूल से बचेगा समय

## 20 सेकंड में हार्ट डिसीज का पता लग सकेगा, एआई वाली एमआरआई मशीन से 40 गुना तक सटीकता मिलेगी

### इससे हार्ट स्कैन के साथ हाई ब्लड प्रेशर समेत 9 स्थितियों का पता लगेगा

एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिका में हर साल 12 लाख से अधिक लोग हार्ट डिसीज के चलते एमआरआई कराते हैं। एमआरआई कराने में अभी 45 मिनट से 90 मिनट तक का समय लगता है, लेकिन ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने यह समय कई गुना कम कर दिया है।

ब्रिटेन हार्ट फाउंडेशन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए एमआरआई मशीन डिजाइन की है। इसकी मदद से महज 20 सेकंड में ही किसी भी तरह की हार्ट डिसीज या ब्लॉकेज का पता लगाया जा सकता है। खास बात ये है कि इस टेक्नोलॉजी के जरिए सामान्य चेकअप के मुकाबले 13 मिनट तक समय बचेगा। साथ ही 40 गुना अधिक सटीकता से हार्ट का पूरा स्कैन हो सकता है। इस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अभी लंदन यूनिवर्सिटी के हॉस्पिटल में किया जा रहा है। वहां हर हफ्ते करीब 140 हार्ट पेशेंट्स की जांच की जा रही है। इस प्रोजेक्ट को लीड कर रहे डॉक्टर रॉड्री डेविस ने बताया कि जटिल हृदय संरचनाओं का आसानी से पता लगाकर उनका इलाज किया जा रहा है।

इस तकनीक के जरिए डॉक्टरों के अपॉइंटमेंट में लगने वाला समय घटेगा। डॉक्टर्स ने बताया कि एआई को 9 अलग-अलग स्थितियों से एमआरआई स्कैन का उपयोग करके विकसित किया गया है। इसमें हार्ट अटैक, हाई ब्लड प्रेशर, हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी, हृदय की मांसपेशियों का कमजोर होने का पता लगाना शामिल है।

### बीएमआई अगर 25 से ज्यादा है तो मोटापे से पीड़ित

अमेरिका में एक तिहाई से अधिक वयस्क मोटापे का शिकार है। वहीं, दो तिहाई लोग अधिक वजन वाले या मोटे हैं। उनका बीएमआई 25 से अधिक है। हर 5 में से एक बच्चे का यही हाल है। विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर किसी वयस्क के शरीर में बॉडी मास इंडेक्स(बीएमआई) 30 से अधिक है, तो वह मोटापे से पीड़ित है। एक स्वस्थ व्यक्ति का बीएमआई 18.5 और 24.9 के बीच होता है। हर साल मोटापे के इलाज पर औसतन 149 डॉलर (करीब 12 हजार रुपए) खर्च कर रहे हैं।

# दैनिक भास्कर



अपने शहर की रियल टाइम खबरें पढ़ने के लिए डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप




## दृष्टिबाधितों को महसूस कराया; पक्षी दाना कैसे चुगते हैं, पंख कैसे फैलाते हैं



भास्कर न्यूज़ | सोलापुर

पक्षियों का रंग कैसा है, वे कैसे दाना चुगते है और अपने पंख कैसे फैलाते है... ज्योतिहीनों के लिए यह सब जीवंत बनाने के लिए दादर के श्री समर्थ व्यायाम मंदिर के इन बच्चों को सोलापुर के पुलिस आयुक्त हरीश बैजल ने आमंत्रित किया था। अपने बंगले के परिसर में एक बड़े पिंजरे में रखे पक्षियों की 12 प्रजातियों का अनुभव बच्चों को कराया। नेचर कंजर्वेशन सर्कल की टीम ने कोच उदय देशपांडे के साथ आए इन 10 ज्योतिहीन बालक-बालिकाओं को पक्षियों के बारे मे जानकारी दी गई।

**प्रयास**

## झारखंड के गांवों में बच्चे बना रहे बड़ों को साक्षर



संजीत कुमार गुप्ता | लातेहार

झारखंड का लातेहार जिला अब तक कोर नक्सल प्रभावित इलाके के तौर पर जाना जाता था। लंबे समय तक यहां के गांवों में शिक्षा और सेहत से जुड़ी सामान्य सरकारी सुविधाएं तक नहीं पहुंच पाईं। वक्त बदला और अब नक्सलवाद के साये से जिला निकलने लगा है। गांव-गांव तक स्कूल भी पहुंच गए हैं, बच्चे पढ़ भी रहे हैं। लेकिन बड़ों में निरक्षरता का आंकड़ा करीब 1.25 लाख है। अब यहां के नौनिहाल ही इसे घटाने में जुट गए हैं। लातेहार के गांवों में आठवीं या उससे ऊपर की कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों ने ही अपने माता-पिता और परिजनों को पढ़ाने का बीड़ा उठाया है।

**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट** • देश में रंग और गुलाल की सबसे बड़ी मंडी हाथरस की रंगत

# दो साल बाद रंग-गुलाल के कारोबार में रंगत, होली पर उड़ेगा 6 हजार टन गुलाल



▪ फोटो : तौसीफ खान

प्रमोद कल्याण | हाथरस

यूपी के हाथरस शहर देश में रंग और गुलाल की सबसे बड़ी मंडी है। यहां दीवाली से होली तक का करीब चार महीने रंग-गुलाल का कारोबार रंगतभरा होता है। होली के लिए रंग बनाने का काम दिसंबर से ही शुरू होता है। होली के निकट आने के साथ ही कारोबार बढ़ जाता है। पिछले 2 साल कोरोना संक्रमण के रहे। इस साल भी जनवरी में तीसरी लहर की चिंता में कारोबारियों ने बड़ी तैयारी नहीं की थी। अब चूंकि कोरोना न के बराबर है, तो रंग-गुलाल की डिमांड बढ़ गई है और आपूर्ति कम है। इससे भाव 10% तक बढ़ गए हैं। होली से पहले अधिकांश काम बंद हो जाता है। इस बार काम अभी चालू है। छतें और मैदान रंग-गुलाल से अटे पड़े हैं। रंग-गुलाल मैन्यूफैक्चर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि हम 5 पीढ़ी से रंग-गुलाल बना रहे हैं। यहां का बना रंग-गुलाल देशभर में सप्लाई होता है। रंग की 2 ग्राम से एक किलो और गुलाल की 40 ग्राम से 50 किलो की पैकिंग होती है। हाथरस और मथुरा के अलावा नयाबास, तिपोस, किला गेट, कलवाडी में रंग-गुलाल बनता है। लगभग 40 यूनिटों में 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े हैं। इसका करीब 200 करोड़ रु. का कारोबार है।

### रंग के भाव 1200 रुपए किलो तक

कारोबारी शैलेंद्र चतुर्वेदी बताते हैं कि रंग के बजाय गुलाल की डिमांड ज्यादा है। 6 हजार टन गुलाल और 50 टन रंग तैयार होता है। रंग 1200 रु. किग्रा तक बिकता है। ज्यादा मांग 100 से 200 रु. किलो वाले रंगों की है, जबकि गुलाल 80 से 100 रु. किलो के भाव अधिक बिकता है।

**Bloomberg** • जेनेरिक दवा निर्माताओं को दवा बनाने और कानूनी अड़चनों की चुनौती

# कोरोना की दवा का एक साल करना होगा इंतजार

विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ भास्कर में

अमेरिकी दवा कंपनी फाइजर की कोरोना की दवा दो गोलियों की किट पैक्सलोविड बन चुकी है। इसका ट्रायल भी हो चुका है। यह दुनिया के 100 देशों में प्रायोगिक तौर पर पहुंच भी चुकी है। इसके बावजूद दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इस दवा के साल के अंत तक बाजार में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। कारण- जेनेरिक दवा निर्माताओं को उत्पादन और नियामकों की अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। फाइजर इंक के अनुसार, कोरोना की दवा को इलाज में इस्तेमाल के लिए वैश्विक स्तर पर समझौतों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। फिर भी दुनिया के कुछ हिस्सों में उत्पादन और नियामक बाधाओं के कारण दवा के लिए एक साल तक इंतजार करना पड़ सकता है। फाइजर की पैक्सलोविड किट में दो गोलिया हैं। पहली- निर्मार्ट्रिलविर और दूसरी- रिटोनाविर। निर्मार्ट्रिलविर कोरोना वायरस को बढ़ने से रोकती है। जबकि रिटोनाविर पहली दवा को लंबे समय तक असरकारी बनाने में उपयोगी है। फाइजर के अनुसार, उसकी दवा वायरस के सभी वैरिएंट पर कागर है।

### दिसंबर में दवा की आपूर्ति शुरू कर सकती हैं कंपनियां

फाइजर के साथ लाइसेंस समझौते के चार महीने बाद संयुक्त राष्ट्र समर्थित मेडिसिन पेटेंट पूल ने जेनेरिक दवा निर्माताओं के नाम की योजना बनाई है, जो अगले हफ्ते गोलियां बनाने जा रहे हैं। जिनेवा स्थित पेटेंट पूल के अनुसार, दवा कंपनियां दिसंबर तक पहली पैक्सलोविड गोलियों की आपूर्ति कर सकती हैं।

## टीवी सीरियल में देवी की रोल करने वाली एक्ट्रेस रूपा दत्ता पॉकेटमारी में गिरफ्तार

एजेंसी | कोलकाता

बंगाली अभिनेत्री रूपा दत्ता को जेबकतरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, उन पर कोलकाता के अंतरराष्ट्रीय पुस्तक



मेला 2022 में जेबकतरी का आरोप है। पुलिस को उनके बैग से 65,760 रुपए और एक डायरी मिली है। डायरी में उन्होंने चोरी का रिकॉर्ड रखा हुआ था। पुलिस के अनुसार, रूपा ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। रूपा धार्मिक सीरियल "जय मां वैष्णो देवी' में माता वैष्णो देवी की भूमिका निभा चुकी हैं। इंस्टाग्राम पर अपने प्रोफाइल में उन्होंने खुद को डायरेक्टर, राइटर और सोशल एक्टिविस्ट बताया है। वह ऐक्टिंग अकेडमी भी चलाने का दावा करती हैं, जो 2019 में खोली गई थी। रूपा ने 2020 में फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

खंडवा में दोहराई टायलेट एक प्रेमकथा की कहानी

# शौचालय न होने से पत्नी मायके गई, काम शुरू होने पर लौटी

भास्कर न्यूज़ | खंडवा

मध्य प्रदेश के खंडवा की कोर्ट में टॉयलेट एक प्रेमकथा की कहानी जैसा एक केस पहुंचा। बहू शादी के बाद जब ससुराल पहुंची तो वहां टॉयलेट नहीं बना था। इससे वह दुःखी थी। दो साल तक ससुराल वालों के वादे पर रुकी रही। लेकिन टॉयलेट नहीं बना, तो वह मायके चली गई। गांव के सरपंच से लेकर वकील की समझाइश के बाद दंपती का मामला सुलझा। ससुराल वालों ने टॉयलेट बनाना शुरू किया तो बहू शनिवार को ससुराल लौट आई।

अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर अभिनीत फिल्म टॉयलेट एक प्रेमकथा फिल्म का किस्सा खंडवा की कोर्ट में तब सुर्खियों में आ गया, जब सिंघाड़ तलाई की अंजुम बी ने महाराष्ट्र के रसलपुर रावेर में रहने वाले पति शेख रऊफ के खिलाफ केस दायर किया। दो साल पहले अंजुम व रऊफ की शादी हुई थी। वह रऊफ से टॉयलेट बनवाने की बात करती तो वह मारपीट करता था। इसके साथ ही अन्य कारणों से भी आपसी कलह बढ़ने लगी। दोनों की बातों को सुनने के बाद उन्हें समझाइश दी गई।

### सरपंच ने कोर्ट में किया टॉयलेट बनाने का वादा

अंजुम और शेख रऊफ के मामले में रसलपुर रावेर गांव का सरपंच भी कोर्ट पहुंचा। सरपंच ने कहा कि काम शुरू करवा दिया गया है। सीमेंट, ईंट और गिट्टी तो आ गई है। रेत की गाड़ी नहीं आने से काम अटक गया था। रेत आते ही टॉयलेट का काम पूरा हो जाएगा। बहू को जल्द टॉयलेट बनवाकर देंगे। इसके बाद अंजुम ससुराल जाने के लिए राजी हो गई।

**खाटूश्यामजी का लक्खी मेला** • श्याम मंडलों ने 36 हेल्थ कैंप लगाए

# धर्मशाला में बनाए आईसीयू, ऑक्सीजन सप्लाई लाइन से भी जोड़ा, दवाएं भी रखीं

सुरेंद्र मावलिया | खाटूश्यामजी (सीकर)

दो साल बाद खाटूश्यामजी का लक्खी मेला बड़े स्तर पर हो रहा है। अब तक 22 लाख श्रद्धालु आ चुके हैं। कोरोना के बाद लोग सेहत को लेकर सर्तक हैं। श्याम भक्त मंडल विशेष सावधानी बरत रहे हैं। यह सकारात्मक पहलू खाटूश्यामजी मेले में नजर आ रहा है। अब तक भंडारों व अन्य सेवा के कामों में बड़ी भागीदारी निभाने वाले श्यामभक्त मंडल इस बार स्वास्थ्य सेवा में जुटे हैं। मेले में 36 स्वास्थ्य कैंप लगाए हैं। पहली बार इनमें सुपर स्पेशियलिटी सुविधा जुटाई हैं। धर्मशालाओं के कमरों को आईसीयू में बदला है। ऑक्सीजन



सप्लाई लाइन जोड़कर डॉक्टरों की टीम लगाई है। बड़े कमरों में जनरल वार्ड भी हैं। मेले में ये इंतजाम श्याम भक्त मंडलों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने किए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर इमरजेंसी में श्रद्धालुओं का इलाज हो सके। श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति जयपुर के बने आईसीयू में छह श्रद्धालुओं की जान भी बचाई जा चुकी है।

### तीन एंबुलेंस लगाई, रोज 13 हजार को हेल्थ सेवा

- श्रद्धालुओं के इलाज के लिए सात करोड़ रुपए की दवा का इंतजाम है।
- आईसीयू और जनरल वार्ड में ऑक्सीजन सिलेंडर का स्टॉक। ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर की व्यवस्था।
- श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति ने कैंप में 15 डॉक्टरों की टीम तैनात रखी है। 25 नर्सिंगकर्मी सेवा दे रहे हैं।
- 24 घंटे तीन एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य कैंपों से हर दिन 13 हजार से ज्यादा भक्तों को हेल्थ सेवा मिल रही है।


दैनिक भास्कर

चुनावी खबरों से रहे रुबरु

हमारे 500+ रिपोर्टर्स हर जिले/हर कस्बे से

पहुंचा रहे हैं रियल टाइम खबरें


पाएं अपने शहर की पल-पल की अपडेट,

डाउनलोड करें दैनिक भास्कर ऐप

राज्य-शहर में अपना शहर चुनें

डाउनलोड के लिए

क्लिक करें




देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार समूह

1 करोड़ से अधिक डाउनलोड | ★★★★★ रेटिंग